जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

## Rashtradoot

जयपुर, बुधवार 1 नवम्बर, 2023

67 वर्षों का विश्वास

SINCE ओसवाल 1956 OSWAL SOAP GROUP

हर रिश्ते का रखे ख्याल...



घर में साफ़-सफ़ाई और मन में विश्वास
आपके आँगन हो लक्ष्मी का वास




सिल्वर ब्रूम | डायमंड ब्रूम | गोल्ड ब्रूम

**ओसवाल फूल झाड़ू** की विशेषताएँ

- मज़बूत हैंडल
- पकड़ने में आसान
- ज़्यादा चले
- मिट्टी कम उड़े
- बेहतर क्वालिटी के घास से बनी
- हर तरह की सतह पर इस्तेमाल योग्य

अन्य झाड़ू उत्पाद

ओसवाल सींक झाड़ू (मोती) | ओसवाल सींक झाड़ू (पन्ना) | ओसवाल स्मार्ट प्लास्टिक झाड़ू (प्लेटिनम) | हैप्पी टच झाड़ू (गोल्ड) | हैप्पी टच झाड़ू (डबल डायमंड) | हैप्पी टच झाड़ू (क्वीन)

MercuryDesign.in

नकली माल से सावधान

ओसवाल सोप ग्रुप

अधिक जानकारी के लिए
+91 91161 71956, 96802 01956 पर कॉल करें

विपणन :
उत्तम चंद देसराज

अब घर बैठे मँगवाए ओसवाल उत्पाद

OswalSoap.com पर जाएं या स्कैन करें और ओसवाल एप डाउनलोड करें

GET IT ON Google Play

# ओसवाल सोप ग्रुप

OSWAL SOAP GROUP • SINCE ओसवाल 1956

हर रिश्ते का रखे ख्याल...

6 करोड़ परिवारों का विश्वास | जब अपने घर का हो सवाल, तो सिर्फ ओसवाल | क्वालिटी प्रोडक्ट्स की विशाल श्रृंखला




अब घर बैठे मँगवाए ओसवाल उत्पाद

ओसवाल रिटेल शॉप्स की जानकारी के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें

Follow us on :

OswalSoap.com

अधिक जानकारी के लिए

+91 9116171956, 9680201956 पर कॉल करें

Marketed by Uttam Chand Desraj

नकली माल से सावधान

स्कैन करें और ओसवाल के उत्पाद खरीदें।

GET IT ON Google Play

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

Rashtradoot

जयपुर, बुधवार 1 नवम्बर, 2023


# सिर्फ 15 दिन में 10 लाख बढ़ेंगे

FIXED PRICE


NO MIDDLE-MEN
DIRECT TO CUSTOMER

KEDIA
## सेजस्थान
KOTHI & WALK-UP APARTMENT

अजमेर रोड़, जयपुर

## PROPOSED FIXED RATE & RENTAL

| बड़ी-बड़ी कोठी बड़े-बड़े फ्लैट | | आज की रेट | दिवाली बाद की रेट | पजेशन की रेट | पजेशन के बाद रेंटल |
|---|---|---|---|---|---|
| युनिट टाइप | साइज | | | | POSSESSION DEC. 2025 |
| 2 BHK (GF) अपार्टमेंट | 1350 Sq Ft | 49.50 LACS | 54 LACS | 67.50 LACS | 22,000 |
| 3 BHK (SF) अपार्टमेंट | 1900 Sq Ft | 55 LACS | 60 LACS | 75 LACS | 25,000 |
| 3 BHK (FF) अपार्टमेंट | 1900 Sq Ft | 60.50 LACS | 66 LACS | 82.50 LACS | 28,000 |
| 3 BHK BIG कोठी | 2000 Sq Ft | 66 LACS | 72 LACS | 90 LACS | 30,000 |
| 4 BHK BIGGER कोठी | 2325 Sq Ft | 77 LACS | 84 LACS | 105 LACS | 40,000 |
| 4 BHK BIGGEST कोठी | 3200 Sq Ft | 110 LACS | 120 LACS | 150 LACS | 50,000 |



KEDIA®

1800-120-2323
78770-72737

info@kedia.com
www.kedia.com
www.rera.rajasthan.gov.in
RERA No. RAJ/P/2023/2387

SCAN QR FOR
• LOCATION
• ROUTE MAP
• SITE 360 TOUR
• E-BROCHURE
• WALKTHROUGH

*T&C Apply

## विचार बिन्दु

क्रोध में हो तो बोलने से पहले दस तक गिनो, अगर ज्यादा क्रोध में तो सौ तक। –जेफरसन

# अभिव्यक्ति की आज़ादी राज्य की उदारता से नहीं मिलती

इन दिनों परंपरागत तथा नया मीडिया दोनों एक अनोखी अधीरता के दौर से गुजर रहे हैं। वहां भावनाओं का ज्वार तथा शोरगुल भरा ऐसा माहौल है जिसमें सारे मूल मुद्दे और असली तथ्य दबे रहने को अभिशप्त लगते हैं। नये मीडिया पर हर कोई अपना फतवा जारी कर दुनिया को जीतने में लगा है तो परंपरागत व्यावसायिक मीडिया भी जन विश्वास की पूंजी खो बैठा लगता है। ऐसे माहौल में अभिव्यक्ति की आज़ादी दबाई जाने की बातें तो खूब की जा रही है, मगर सभी अपने विचारों को अभिव्यक्त करने की आजादी चाहने वाले अपने से विपरीत विचारों पर पाबंदी भी चाहते हैं। जिस प्रकार का माहौल बना हुआ है उसमें संवाद की गुंजाइश कम से कम होती जा रही है। वैचारिक मतभेद को दुश्मनी की हद तक ले जाना और अपने विचारों से इतर विचारों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता न देने की वामपंथी प्रवत्ति भारत में वर्षों से व्याप्त थी जो अब दक्षिण पंथ वालों की तरफ से जवाब में सामने आ रही है। प्रगतिशीलता का स्थान अब सनातनवाद लेने लगा है। पिछली सदी में आधी दुनिया जीत लेने के बाद वामपंथ के अनुगामियों को हम ही सही हैं का दंभ हो गया था। सोवियत संघ के ढांचे के ढहने के बाद दुनिया बदल गई। अब सनातन का दंभ भी कम नहीं है।कोई ज़माना था जब राजनेताओं के बयान संतुलित होते थे। हल्की भाषा में बोलने वाले अधिकतर निचले दर्जे के नेता ही होते थे जिनका नोटिस मीडिया, हार्ड न्यूज़ के तौर पर गंभीरता से नहीं लेता था। राष्ट्रीय और प्रादेशिक स्तर के बड़े नेता हमेशा शब्दों की शालीनता बनाए रखते थे। उनकी शिक्षा ही ऐसी थी। वे जिन नेताओं की छत्र-छाया में अपना राजनैतिक वजूद बनाते थे उनसे शालीन भाषा का प्रयोग भी सीखते थे। मगर अब सोशल मीडिया पर उतरे लड़ाकुओं ने शालीनताओं की सारी सीमाएं लांघ ली है। राजनैतिक दल अब अपने वर्चस्व तथा सामने वाले का सम्पूर्ण खात्मा करने अभियान चलाते हुए वार रूम बनाते हैं जहां डिजिटल हमलों के लिए गोला-बारूद तैयार होते हैं और हमलों की रणनीतियां बनती हैं। संविधान में अभिव्यक्ति का मौलिक अधिकार होने के बावजूद, यह स्वतंत्रता हमेशा समाज में एक गहरे ध्रुवीकरण का विषय भी रही है।


भारत के प्रत्येक नागरिक को खुली, गतिशील तथा तर्कसंगत अभिव्यक्ति का अधिकार ही नहीं उसका नागरिक कर्तव्य भी है।लेकिन जब शासन क्या बोला गया है उसके आधार पर सार्वजनिक चर्चा को व्यवस्थित करने का प्रयास करती है तो अभिव्यक्ति की आज़ादी के संवैधानिक अधिकारों का हनन होता है। सर्वोच्च अदालत कह चुकी है कि सरकार या उसकी व्यवस्था से किसी की नाराजगी या विरोध 'राज्य' का विरोध नहीं होता। लेकिन शासन में बैठे लोग,चाहे वे केंद्र में बैठे हों या राज्यों में, जब अपने बहुमत के हवाले से अभिव्यक्ति की आज़ादी की अपनी व्याख्या करते हुए विरोध के प्रति असहनशील हो जाते हैं तब उनके हमलों का लक्ष्य मीडिया भी होता है जिसमें परंपरागत रूप से अबोलों की आवाज़ गूंजती रही है। ऐसे हालात लोकतंत्र को कमजोर करते हैं। इसीलिए आज वैचारिक हताशा के दौर में शासन के अभिव्यक्ति की आजादी पर नियंत्रण को लेकर भी गंभीर सवाल उठ रहे हैं। दूसरी तरफ यह सवाल भी उठाया जाता है कि क्या अभिव्यक्ति की निर्बाध अनुमति दी जानी चाहिए, या अभद्र और उकसाऊ भाषा को रोकने के लिए कुछ प्रतिबंध लगाए जाने चाहिए? यदि हां, तो अभद्र और उकसाऊ भाषा को कौन परिभाषित करेगा? क्या सार्वजनिक संस्थानों को स्वतंत्र रूप से निशाना बनाया जा सकता है या उनकी विश्वसनीयता और पवित्रता की रक्षा के लिए ऐसी आलोचना की कोई सीमा होनी चाहिए? यदि हां, तो ऐसी सीमाओं को कैसे परिभाषित किया जाय? देश के क़ानूनों के विपरीत कुछ होता है तो उससे निपटने और कानून तोड़ने वालों की पहचान और उनके विरुद्ध विधि सम्मत कार्यवाही करने की पूरी व्यवस्था भारतीय संविधान के तहत पहले से ही उपलब्ध है। कह सकते हैं कि कानून और व्यवस्था तथा अपराधों की जांच के लिए एक भरी पूरी व्यवस्था हमारे लोकतान्त्रिक संविधान के तहत की हुई है। इसमें सबसे पहले इंटेलिजेंस एजेंसी की भूमिका होती है जो सबसे पहले सतर्क होती है। या इसके अभाव में यदि कोई शिकायत दर्ज होती है जिसे यदि जांच एजेंसी प्रथम दृष्ट्या ठीक समझती है तो वह उसकी विस्तृत निष्पक्ष जांच करती है। जांच में यदि उसे कानून को तोड़ने के पुख्ता प्रमाण मिलते हैं तभी वह उस पर अदालत में मुकदमा दर्ज करती है। अंत में अदालत दोनों पक्षों को सुन कर, उनके तर्कों को तोल कर अपना फैसला सुनाती है। यह एक आदर्श व्यवस्था होती है। ऐसी व्यवस्थाओं में भावनाओं का कोई स्थान नहीं होता। इसीलिए न्याय की देवी के हाथ में तराजू और आंखों पर पट्टी बंधी होने का प्रतीक हम सामने रखते हैं। दंड प्रक्रिया संहिता में गिरफ़्तारी, अन्वेषण और मुकदमा चलाने की विधि लिखी हुई है। हाल ही में खत्म हुए संसद के सत्र में केंद्र सरकार ने बदले ज़माने की जरूरतों के अनुरूप कानूनों को अद्यतन करने के लिए तीन महत्वपूर्ण बिल भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता बिल और भारतीय साक्ष्य विधेयक पेश किए गये। इनमें राजद्रोह, देशद्रोह और आतंकवाद को स्पष्ट तरीके से परिभाषित करने का प्रयास किया जाने का दावा किया गया है। सबसे प्रमुख है राजद्रोह को अपराध की श्रेणी में न रखना। पिछले साल राजद्रोह के कानून को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी तब शीर्ष अदालत ने कहा था कि सरकारों को इस कानून के तहत कोई कठोर कार्रवाई करने से बचना चाहिए। नए क़ानून में एक नया अपराध जोड़ा गया है जिसके तहत नफरत फैलाने, पृथकावादी भावना रखने या भारत की एकता एवं संप्रभुता को ख़तरा पहुंचाने को अपराध माना जायेगा। कुछ नए अपराध भी जोड़े गए हैं जिनमें बम बनाना व सिंडीकेट क्राइम भी शामिल हैं। कई अपराधों को लैंगिक संदर्भों से भी जोड़ा गया है और हत्या की परिभाणा में पांच या उससे अधिक लोगों द्वारा जाति या धर्म के आधार पर मॉब लिंचिग को शामिल किया गया है। इसके अलावा पहली बार कम्यूनिटी सर्विस को बतौर सज़ा के शामिल किया जा रहा है। कई अपराधों की सज़ा में भी बढ़ोतरी की गई है, जैसे गैंग रेप के मामले में अभी कम से कम दस वर्ष की सजा का प्रावधान है जिसे बढ़ा कर बीस वर्ष करने का प्रस्ताव है। साक्ष्य क़ानून में अब इलेक्ट्रॉनिक इंफ़ोर्मेशन को भी शामिल किया गया है। देखना होगा कि संसद की प्रवर समिति में चर्चा के बाद ये बिल किस रूप में संसद के सामने आते हैं।

**हमारे संविधान द्वारा पुष्ट लोकतान्त्रिक नैतिकता इस सम्मान को आधार देती है और देश की एकता को मजबूती देती है। सत्ता में बैठे लोगों तथा सत्ता के संस्थानों से असहमतियां होना जीवंत लोकतंत्र का प्राण होती है। किसी असहमति की अभिव्यक्ति वह चाहे कितनी ही कड़वी और कड़ी क्यों न हो देशद्रोह नहीं हो जाती।**

हमारा संविधान प्रत्येक नागरिक की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की गारंटी देता है। लेकिन अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता की सीमा कहां तक हो, इसे लेकर हमेशा विवाद रहा है। इस विवाद में भारतीय दंड संहिता की धारा 124 ए के तहत देशद्रोह का अपराध माना जाना बड़ा मुद्दा रहा है। विरोध की अभिव्यक्ति की आज़ादी कब देशद्रोह की सीमा में प्रवेश कर जाती है यही मुद्दा प्रमुख बना रहा है। आलोचनात्मक चिंतन एवं अभिव्यक्ति को सम्मान दिए बिना किसी खुले, सहिष्णु एवं लोकतांत्रिक समाज की रचना की कल्पना भी नहीं की जा सकती। हमारे संविधान द्वारा पुष्ट लोकतान्त्रिक नैतिकता इस सम्मान को आधार देती है और देश की एकता को मजबूती देती है। सत्ता में बैठे लोगों तथा सत्ता के संस्थानों से असहमतियां होना जीवंत लोकतंत्र का प्राण होती है। किसी असहमति की अभिव्यक्ति वह चाहे कितनी ही कड़वी और कड़ी क्यों न हो देशद्रोह नहीं हो जाती। यहां तक कि कोई आहत या भटका हुआ नागरिक यदि देश के विरोध में नारे लगा दे तब भी उसे देशद्रोह मानना समझदार लोग ठीक नहीं मानेंगे। परिपक्व लोकतंत्र के परिपक्व नागरिकों में सहनशीलता के विवेक की अपेक्षा की जाती है। विवेक से ही ऐसी तीखी प्रतिक्रियाओं की अनदेखी भी की जाती है और प्रेम से दिल जीते जाते हैं। महात्मा गांधी ने ऐसा व्यवहार में करके दिखाया। विरोध के स्वरों को देशद्रोह बता कर सत्ता में बैठे लोग और उनके समर्थक जरूरत से ज्यादा उठा हो जाते हैं तो इससे भी अशांति का माहौल बनता है और नागरिकों में आपसी वैमनस्य का भाव पनपता है। इसके नतीजे में हिंसा सिर उठा लेती है और समूचा समाज परेशान हो जाता है। नये जमाने में भारतीय समाज के रवैये में भारी बदलाव आया हुआ लगता है। यह बदलाव हमें सिखाता है कि मुक्त अभिव्यक्ति को सीमित करने के प्रयासों पर विपरीत प्रतिक्रिया भी हो सकती है। यह भी कि दमित लोगों में अपने आत्मसम्मान को पाने के लिए संघर्ष कि भावना पनपती है जिसके परिणामस्वरूप, वे ऐसे किसी भी आंदोलन या नेता के साथ जुड़ जाते हैं जो उन्हें ऐसी स्वतंत्रता देता हुआ लगता है भले ही अप्रत्यक्ष रूप से उनका उपयोग किया जा रहा हो। मगर यह सच है कि जब भी असहमति को मिटाने का प्रयास किया जाता है, जनता आवाज उठाती है और जवाबदेही की मांग करती है। हर पांच साल बाद होने वाले लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के सदस्यों के चुनाव जवाबदेही की व्यवस्था ही माने जाते हैं। लेकिन अभिव्यक्ति और विचार की स्वतंत्रता राज्य की उदारता से नहीं मिलती। यह नागरिकों का मूलभूत अधिकार है।अभिव्यक्ति का सरकारी दमन असत्य को उजागर करने को अधिक कठिन तो बना सकता है, उसे पूरा रोक नहीं सकता।

**–अतिथि संपादक,**
**राजेन्द्र बोड़ा**
**( वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक )**

# सरकार और समाज के लिए घातक हैं मुफ्त की रेवड़ियां



**प्रकाश चन्द्र शर्मा**

राजनीति दो शब्दों का एक समूह है- राज नीति (राज मतलब शासन और नीति मतलब उचित समय और उचित स्थान पर उचित कार्य करने की कला) अर्थात् नीति विशेष के द्वारा शासन करना या विशेष उद्देश्य को प्राप्त करना राजनीति कहलाती है। दूसरे शब्दों में कहें तो जनता के सामाजिक और आर्थिक स्तर (सार्वजनिक जीवन स्तर) को ऊँचा करना ही राजनीति है।

पांच राज्यों में आचार संहिता लागू होते ही विधानसभा चुनाव की दुंदुभि बज चुकी है। राजनीतिक दल अपने वादों से मतदाताओं को लुभाने की योजना बना रहे हैं, जिसमें मुफ्त सुविधाएँ देना भी शामिल है। वर्षों से मुफ्त सुविधा की राजनीति चुनावी लड़ाई का एक अभिन्न हिस्सा बन गई है। पाँच राज्यों- मिजोरम, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, राजस्थान और तेलंगाना में आगामी विधानसभा चुनावों का परिदृश्य मुफ्त की घोषणाएं बांटने से कतई अछूता नहीं है। ऐसा नहीं है कि भारतीय राजनीति में मुफ्त सुविधाएं देने का रिवाज किसी एक दल विशेष में है। राजनीति के इस दंगल में सभी पहलवान आम जनता को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए फ्री की रेबडियां बांटा करते हैं।

राजनीतिक दल लोगों के वोट को सुरक्षित करने के लिये मुफ्त बिजली/पानी की आपूर्त्ति, बेरोज़गारों, दैनिक वेतनभोगी श्रमिकों और महिलाओं को भत्ता, साथ-साथ गैजेट जैसे लैपटॉप, स्मार्टफोन आदि की पेशकश करने का वादा करते हैं। इस प्रथा के पक्ष और विपक्ष में कई तर्क हैं। ऐसी प्रथा के समर्थकों का तर्क है कि मतदाताओं के लिये यह जानना आवश्यक है कि पार्टी सत्ता में आने पर क्या करेगी? इसके अलावा दलीय घोषणाओं को तौलने का उनके पास मौका भी रहता है। आम मतदाता घोषणाओं, वादों और गारंटियों को अपने चिंतन के तराजू में तौल सकते हैं। मुफ्तखोरी का विरोध करने वालों का कहना है कि इससे राज्य के साथ-साथ केंद्र के खजाने पर भारी आर्थिक बोझ पड़ता है (यदि लोकसभा चुनाव होते हैं)। मुफ्तखोरी के पक्ष में तर्क देने वालों का कहना है कि जनता अपेक्षाओं को पूरा करने के लिये उन्हें सहूलियतें देना अत्यावश्यक है। खासकर भारत जैसे देश में, जहाँ राज्यों में विकास का एक निश्चित स्तर है (या नहीं है), चुनाव आने पर लोगों को नेताओं/राजनीतिक दलों से ऐसी उम्मीदें होने लगती हैं, जो मुफ्त के वादों से पूरी होती हैं।

इसके अलावा जब आस-पास के अन्य राज्यों के लोगों को मुफ्त सुविधाएँ मिलती हैं तो चुनावी राज्यों में भी लोगों की अपेक्षाएँ बढ़ जाती हैं। फ्री की रेबडियां बांटने के पक्षधर मानते हैं कि कम विकसित राज्यों के लिये यह अत्यंत मददगार है। ऐसे राज्य जो कम विकसित हैं एवं जिनकी जनसंख्या अत्यधिक है, वहाँ इस तरह की सुविधाएँ आवश्यकता या मांग आधारित होती हैं तथा राज्य के उत्थान के लिये ऐसी सब्सिडी की पेशकश ज़रूरी हो जाती है।

मुफ्तखोरी के विरोध में तर्क देने वालों का स्पष्ट मत है कि इससे न सिर्फ जनता में मुफ्तखोरी की गलत आदत पनपती है बल्कि राज्य/केन्द्र सरकार का बजट भी पूरी तरह गड़बड़ा जाता है और हालात इस कदर गम्भीर हो जाते हैं कि खजाने में विकास को गति प्रदान करने के लिए भी धन नहीं बचता है। मुफ्त सुविधाएँ देना हर राजनीतिक दल द्वारा लगाई जाने वाली प्रतिस्पर्द्धी बोली बन गया है। हालाँकि एक बड़ी समस्या यह है कि किसी भी प्रकार की घोषित मुफ्त सुविधा को बजट प्रस्ताव में शामिल नहीं किया जाता है। ऐसे प्रस्तावों के वित्तपोषण को अक्सर पार्टियों के ज्ञापनों या घोषणापत्रों में शामिल नहीं किया जाता है। मुफ्त में सुविधाएँ/उपहार देने से अंततः सरकारी खजाने पर असर पड़ता है। चिंताजनक बात यह है कि भारत के अधिकांश राज्यों की वित्तीय स्थिति मज़बूत नहीं है एवं राजस्व के मामले में बहुत सीमित संसाधन हैं। एक बात यह भी है कि बिना विधायी बहस के ज़ल्दबाजी में मुफ्त की घोषणा करने से वांछित लाभ नहीं मिलता है एवं यह केवल गैर-ज़िम्मेदाराना व्यय को बढ़ावा देता है। अगर गरीबों की मदद करनी हो तो बिजली और पानी के बिल माफी जैसी कल्याणकारी योजनाओं को जायज ठहराया जा सकता है। हालाँकि पार्टियों द्वारा चुनाव- प्रेरित अव्यवहारिक घोषणाएँ राज्यों के बजट से बाहर होती है। यदि राजनीतिक दल प्रभावी आर्थिक नीतियाँ बनाएं, जिसमें भ्रष्टाचार या लीकेज़ की संभावना ना हो एवं लाभार्थियों तक सही तरीके से इनकी पहुँच सुनिश्चित की जाए, तो इस प्रकार की मुफ्त घोषणाओं की ज़रूरत ही नहीं रहेगी।

पार्टियाँ जिन आर्थिक नीतियों या विकास मॉडलों को अपनाने की योजना बना रही हैं, उन्हें जनता के सामने स्पष्ट रूप से बताया जाना चाहिये और प्रभावी ढंग से लागू किया जाना चाहिये। इसके अलावा पार्टियों को ऐसी नीतियों के आर्थिक प्रभाव और व्यय को लेकर उचित समझ होनी चाहिये। केंद्र और राज्यों में सत्तारूढ़ दल इस तरह के उपायों का पालन करने एवं उदाहरण स्थापित करने वाली पहली पार्टी होनी चाहिये। भारत एक बड़ा देश है और अभी भी ऐसे लोगों का एक बड़ा समूह है जो गरीबी रेखा से नीचे हैं। देश की विकास योजना में सभी लोगों को शामिल करना भी ज़रूरी है। विवेकपूर्ण और समझदार तरीके से मुफ्त या सब्सिडी की पेशकश जिसे राज्यों के बजट में आसानी से समायोजित किया जा सकता है, अधिक नुकसान नहीं करती है एवं इसका लाभ उठाया जा सकता है। बुनियादी ज़रूरतों में सब्सिडी जैसे- छोटे बच्चों को मुफ्त शिक्षा देना या स्कूलों में मुफ्त भोजन देना सकारात्मक दृष्टिकोण है। सत्ता में समय का उपयोग करना सही धारणा है। यानि पाँच साल के कार्यकाल में जब एक राजनीतिक दल की सरकार सत्ता में होती है तो इस महत्त्वपूर्ण अवधि में मुफ्त के वादे के बजाय उचित प्रावधान करना चाहिये। समाज की बेहतरी और सुशासन सुनिश्चित करना सरकार एवं अन्य सभी राजनीतिक दलों की ज़िम्मेदारी है, इसलिये लोगों को इस तरह के मुफ्त उपहार देने की एक सीमा होनी ज़रूरी है। आर्थिक अर्थों में मुफ्त के प्रभावों को समझने और इसे करदाताओं के पैसे से जोड़ने की ज़रूरत है। साथ ही सब्सिडी और मुफ्त में अंतर करना भी आवश्यक है क्योंकि सब्सिडी उचित और विशेष रूप से लक्षित लाभ है, जो मांगों से उत्पन्न होते हैं जबकि मुफ्तखोरी काफी अलग है। यद्यिप लक्षित ज़रूरतमंद लोगों को लाभ देने के लिये हर पार्टी को सब्सिडी पारिस्थितिकी तंत्र बनाने का अधिकार है लेकिन राज्य या केंद्र सरकार के आर्थिक स्वास्थ्य पर दीर्घकालिक बोझ नहीं पड़ना चाहिये। लोगों को यह महसूस करना चाहिये कि वे अपने वोट मुफ्त में बेचकर क्या गलती करते हैं? यदि वे इन चीज़ों का विरोध नहीं करते हैं तो वे अच्छे नेताओं की अपेक्षा नहीं कर सकते। यदि मुफ्त में खर्च किये गए धन को रचनात्मक रूप से रोज़गार के अवसर पैदा करने, बाँध और झीलों जैसे बुनियादी ढाँचे के निर्माण तथा कृषि को प्रोत्साहन प्रदान करने के लिये उपयोग किया जाता है तो निश्चित रूप से राज्य का सामाजिक उत्थान और प्रगति होगी।

यह जनता ही है जो सही चुनाव करके राजनीतिक दलों को इस तरह के मुफ्तखोरी से अधिक प्रभावी ढंग से हतोत्साहित कर सकती है।

चुनाव प्रचार के दौरान वादे करते हुए केवल राजनीतिक पहलू पर विचार करना बुद्धिमानी नहीं है, आर्थिक हिस्से को भी ध्यान में रखना ज़रूरी है क्योंकि अंततः बजटीय आवंटन और संसाधन सीमित हैं। मुफ्त की बात करते समय राजनीति के साथ-साथ अर्थव्यवस्था को भी ध्यान में रखना चाहिये।

**–प्रकाश चन्द्र शर्मा,**
**स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक**

# विदेशी सैलानियों ने "प्रादेशिक मिलैट्स" का स्वाद चखा

**उदयपुर, (कासं)।** वर्तमान में विलुप्त होते मिलेट्स बाजरा, ज्वार, कंगनी, कुटकी, कोदो संवा और चेना से बने व्यंजनों का स्वाद उदयपुर में चखने को मिला। प्रतियोगिता के बीच पहुंचे

- **सैलानियों ने कहा कि व्यंजनों का असली जायका भारत में**
- **बाजरे की बर्फी, सलाद, डोडी की सब्जी व कई तरह के व्यंजन से सजाई थाली**

विदेशी सैलानियों ने भी इनसे बने अलग-अलग व्यंजनों को चखा और कहा कि व्यंजनों का असली जायका भारत देश में ही खाने को मिलता है।

डॉ. शैफ संगीता धार व मोन्टो खान ने बताया कि 'कहीं गुम ना हो जाएं' के तहत मोटे अनाज के व्यंजन जो विलुप्त होते जा रहे उन्हें संरक्षण के लिए आयोजित प्रतियोगिता के तहत करीब 45 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों में 20 गृहणियों व 25 छात्र-छात्राओं ने किस तरह हम फिर से बाजरे, ज्वार, कंगनी, चेना, रागी, डोगी आदि अलग-अलग स्वादिष्ट व्यंजन बनाएं। जिसमें गीता सिंह प्रथम रही। परवीन राज व इतरत सिद्दीकी प्रथम व द्वितीय रनरअप घोषित की गई। वाइल्ड कार्ड के जरिए चौथे फाइनलिस्ट के रूप में अनिता चुंडावत का चयन हुआ। अतुल सक्सेना ने बताया कि इन व्यंजनों में रागी बाजरे की बर्फी, रागी के सेवईयां, कंगनी के दाल ढोकली, बाजरे के लड्डू व घेवर, नेजा ठंडाई, कांगनी चुकंदर कबाब, बाजरी का सलाद, डोडी की सब्जी, बाजरे की रोटी, सांजडा (सहजन) का रायता, बाजरे की खीर, खाजा (जुवर), कांगनी मुणा, सहजन के पत्ते की चटनी सहित प्रतिभागियों ने कई तरह के मोटे अनाज से बने जायकों को पेश किया। इन जायकों का वहां आए विदेशी सैलानियों ने भी स्वाद लिया। मैक्सिकों से आई नेन्सी ने कहा कि व्यंजनों का असली जायका भारत देश में ही चखने को मिलता है, मिलेट्स से बने इन व्यंजनों का स्वाद लाजवाब है। दिवंगत लेट्स गिव बेक की संस्थापक बबीता सक्सेना की स्मृति में यह प्रतियोगिता हुई। प्रदर्शनी में शामिल थालियों में से विजेता प्रतिभागी दिल्ली में आयोजित फाइनल में जाएंगे। मोन्टो खान ने बताया कि मोटे अनाजों का भरपूर उपयोग होता था लेकिन अब मोटे अनाज छोड़कर गेहूं व दूसरी अन्य चीजों का उपयोग होने लगा है। मोटे अनाजों को फिर से बढ़ावा देने के लिए दुनिया में भी पहल की जा रही है।




**उदयपुर में मोटे अनाज से बनाए गए व्यंजनों पर आधारित प्रादेशिक मिलेट्स थाली प्रतियोगिता में व्यंजनों का विदेशी सैलानियों ने जायका लिया।**

# मंदिर की जमीन पर कब्जा करने पर लोगों में रोष

**पाटन, (निसं)।** पाटन थाना अंतर्गत ढाणी केसर में ठाकुर जी का मंदिर रजवाड़े के समय से बना हुआ है एवं मंदिर की पूजा-पाठ देखभाल ढाणीवासी समय-समय पर ओसरे अनुसार करते आ रहे हैं। विगत 15 वर्षों से बिहारीदास पुत्र नंद दास मंदिर की पूजा पाठ करते आ रहे थे परंतु वर्तमान में बिहारी दास मृत होने से अब पूजा पाठ करने में असमर्थ है।

ढाणी के लोगों ने दूसरा पुजारी मंदिर की देखभाल करने एवं मंदिर की जमीन बाबत चर्चा की तो कैलाश चंद स्वामी पुत्र बोदूराम स्वामी एवं कैलाश चंद स्वामी के पुत्र मौके पर एकत्रित होकर जमीन नहीं देने की बात कहने लगे। 14 अक्टूबर को ढाणी के लोग इस प्रकरण को लेकर एकत्रित हुए। उस दौरान कैलाश चंद स्वामी द्वारा ढाणी के लोगों को गाली गलौज करते हुए धमकी देने लगा तथा कहने लगा कि ना तो मैं मंदिर की जमीन का कब्जा छोडूंगा एवं ना पूजा पाठ करूंगा। इस जगह पर मैं मकान बनाऊंगा अगर किसी में हिम्मत है तो रोक कर दिखाएं। ढाणी के लोगों ने उक्त प्रकरण को लेकर प्रधानमंत्री पोर्टल, जिला कलेक्टर नीमकाथाना, पुलिस अधीक्षक नीमकाथाना, कार्यालय क्षेत्रीय वनअधिकारी रेंज पाटन तहसीलदार पाटन एवं पाटन पुलिस को ज्ञापन देकर मंदिर की जमीन पर किए गए अवैध कब्जे को हटाने की मांग की है।

# रंगोली से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया


**पाटन, (निसं)।** मतदाता जागरूकता बढ़ाने के लिए जमुना देवी राबाउमावि खेतड़ी मोड़ में स्वीप कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान छात्राओं ने सुंदर रंगोली बनाकर अधिक से अधिक मतदान करने का संदेश दिया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी राधेश्याम योगी ने सभी बालिकाओं को अधिक से अधिक मतदान के लिए अपने अभिभावकों को जागरूक करने के लिए बताया। सीडीपीओ संजय चेतानी ने ऑनलाइन एप की जानकारी दी तथा मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बाबूलाल सैनी ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रचार प्रसार करने के लिए जानकारी दी। कार्यक्रम में विकास अधिकारी सम्पत सैनी, संस्था प्रधान शेर सिंह यादव सहित स्टाफ एवं बालिकाएं उपस्थित रही।




**मतदाता जागरुकता का संदेश देती छात्राएं।**

# निशानेबाज अक्षय जाखड़ ने कांस्य पदक जीता

**सादुलपुर, (निसं)।** थार शूटिंग स्पोर्ट्स एकेडमी के युवा निशानेबाज अक्षय जाखड़ ने एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता है। ज्ञातव्य है कि थार शूटिंग स्पोर्ट्स एकेडमी के अंतर्राष्ट्रीय प्रमाणित कोच धर्मेंद्र डूडी व कैप्टन विनोद काजला के पास ट्रेनिंग ले चूके पिस्टल शूटर अक्षय जाखड़ ने कोरिया के चांगवोन शहर में खेली जा रही 15वीं एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता है। वहीं इस निशानेबाज ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साल में दूसरी बार मेडल जीतकर अपने क्षेत्र और देश का नाम रोशन किया हैं। गौरतलब है कि भारत अब तक इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता में मेडल टैली में 28 मेडल जीतकर दूसरे स्थान पर है। जिसमें 11 गोल्ड, 11 सिल्वर और 6 ब्रॉन्ज मेडल जीते हैं।




## राशिफल



**पंडित अनिल शर्मा**

### बुधवार 1 नवम्बर, 2023

कार्तिक मास, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2080, मृगशिरा नक्षत्र रात्रि 4:36 तक, परिघ योग दिन 2:06 तक, बव करण प्रातः 9:25 तक, चन्द्रमा सांय 4:12 से मिथुन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-तुला, चन्द्रमा-वृष, मंगल-तुला, बुध-तुला, गुरू-मेष, शुक्र-सिंह, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग सूर्योदय से रात्रि 4:36 तक है। आज करवा (करक) चौथ व्रत है। चन्द्रोदय जयपुर में रात्रि 8:28 पर होगा। आज दशरथ चतुर्थी है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** लाभ-अमृत सूर्योदय से 9:25 तक, शुभ 10:48 से 12:10 तक, चर 2:55 से 4:18 तक, लाभ 4:18 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 6:40, सूर्यास्त 5:41

**मेष**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। महत्वपूर्ण कार्यों में परिचितों से सहयोग मिलेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृष**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। आज धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है। स्वास्थ्य संबंधित मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

**कर्क**
व्यक्तिगत कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा। परिवार में अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**सिंह**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों पर नियंत्रण बना रहेगा। मित्रों/रिश्तेदारों के साथ धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

**कन्या**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**तुला**
धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। धार्मिक-सामाजिक समारोह में भाग ले सकते हैं। शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है। नवीन कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। व्यावसायिक अड़चनें दूर होने लगेंगी।

**वृश्चिक**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए भागदौड़ रहेगी।

**धनु**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। आर्थिक मामलों में संतुलन बना रहेगा।

**मकर**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक सफलता से मनोबल बढ़ेगा। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। परिवार में धार्मिक आयोजन हो सकते हैं।

**कुंभ**
घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मीन**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।

फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 74 संख्याः 92 प्रभात जयपुर, बुधवार 1 नवम्बर, 2023 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 12 मूल्य 3.50 रु.

ARBiT



जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

**THE HOLY LAND OF UNHOLY STRUGGLE** — Two days after capture of Haifa, the Indian Cavalry took the town of Acra from the Turks. Abdul Baha told some Indian soldiers "What Napoleon failed to do in three months, you did it in two days."

**Celebrating World Vegan Day!**



*मोहावे डैज़र्ड के बीचों बीच, डैथ वैली नैशनल पार्क से कुछ मील दूर एक रहस्य छुपा हुआ हैः प्राचीन काल का चौंकाने वाला नीले रंग का पानी जो धीरे-धीरे जमीन के नीचे बहता है। हज़ारों साल पहले हुई बरसात का यह पानी भूमिगत प्राकृतिक जालाशयों में एकत्र हो गया जिसमें लाइमस्टोन क्रिस्टल आकर मिल गए, जिससे पानी का रंग गहरा सफायर ब्लू नज़र आने लगा। अब यह पानी कुछ स्थानों पर प्राकृतिक झरनों के रूप में ऊपर आता है। यही भूमिगत जल आस-पास के घास के मैदानों, दलदली भूमि, मछलियों के छोटे-छोटे तालाबों और अमरगोसा नदी के कुछ भागों का पोषण करता है। ऐसे लैण्डस्केप में, जहाँ गर्मियों में तापमान अक्सर 100 के ऊपर होता है और कई बार तो पूरे वर्ष वर्षा की एक बूंद भी नहीं गिरती, पानी बहुमूल्य होता है और जीवन इन गीले स्थानों के आस-पास ही होता है। इस स्थिति से प्रेरित होकर नेचर कंज़र्वेन्सी ने करीब 50 साल पहले मोहावे हैज़र्ट में काम शुरु किया और वैज्ञानिक इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि बायोडायवर्सिटी कंज़र्वेशन के लिए इन डैज़र्ट स्प्रिंग्स का संरक्षण बहुत आवश्यक है। यह भी पता चला कि, हर स्प्रिंग का एक विशिष्ट इकोसिस्टम होता है। ये ''वैट आइलैण्ड'' पौधों को उगने में मदद करते हैं और धूप से राहत देते हैं और द्वीपों की तरह इनके बीच में दूरी भी बहुत होती है, इतनी कि, कुछ जानवर रेगिस्तान को पार करके एक से दूसरे वैट आइलैण्ड तक नहीं पहुँच पाते। अमरगोसा वोल (मूस) ऐसा ही एक जानवर है। ये जानवर, डैथ वैली के पूर्व में, टेकोपा नगर और शोशोन गाँव के अमरगोसा रिवर बेसिन में ही मिलते हैं, पृथ्वी पर और कहीं भी इनका अस्तित्व नहीं हैं। अमरगोसा मोल, आम तौर पर पाए जाने वाले कैलिफोर्निया वोल की उपप्रजाति हैं तथापि, इनका रंग कुछ अधिक गहरा व आकार बड़ा होता है और इनका थूथन (मज़ल) सफेद होता है। भूमिगत स्रोतों के पानी से बने दलदली क्षेत्रों में उगने वाले सरकंडों में ये अपना घर बनाते हैं और परभक्षियों से बचने, भोजन तथा बिस्तर के लिए सरकंडों का इस्तेमाल करते हैं। पूर्व में माना जाता था कि, ये केवल सरकंडे खाते हैं, लेकिन हाल में पता चला है कि और भी चीज़ें खा लेते हैं। इनका अस्तित्व ऊपर आने वाले भूमिगत जल पर निर्भर करता है, जिससे इतनी नमी हो जाती है कि सरकंडे उग सकें। अमरगोसा वोल की छोटी आबादी और अन्य बस्तियों से अलगाव के कारण इन्हें रोगों और विलुप्ति का खतरा है।*

# कांग्रेस की 61 नामों की चौथी सूची में गहलोत का बोलबाला रहा

## पायलट के 8-10 समर्थकों को टिकट मिला

जयपुर, 31 अक्टूबर। ए.आई.सी.सी. के महासचिव वेणुगोपाल ने आज 56 नामों की कांग्रेस प्रत्याशियों की जो चौथी सूची जारी की उसमें भी पहले की तरह अशोक गहलोत का बोलबाला रहा, हालांकि सचिन पायलट के 8-10 समर्थकों को भी इसमें स्थान मिला है।

कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता अपने स्थान पर अपने पुत्रों को टिकट दिलाना चाह रहे थे। पर, पार्टी ने उनकी मांग अस्वीकार कर उन्हें स्वयं को ही मैदान में उतारा है। इनमें प्रमुख हैं, श्रीमाधोपुर से दीपेन्द्र सिंह शेखावत, शिव से अमीन खान तथा खण्डेला से महादेव सिंह।

मानवेन्द्र सिंह जैसलमेर से चुनाव लड़ना चाहते थे, पर हरीश चौधरी के दबाव में उन्हें जैसलमेर छोड़ कर सिवाना जाना पड़ा है।

| क्रसं. | विधानसभा क्षेत्र | उम्मीदवार | क्रसं. | विधानसभा क्षेत्र | उम्मीदवार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गंगानगर | अंकुर मंगलानी | 32 | शिव | अमीन खान |
| 2 | रायसिंह नगर-अजा | सोहनलाल नायक | 33 | सिवाना | मानवेन्द्र सिंह |
| 3 | अनूपगढ़-अजा | श्रीमती शिमला देवी नायक | 34 | चौहटन-अजा | पद्माराम मेघवाल |
| 4 | पीलीबंगा-अजा | विनोद गोठवाल | 35 | जालौर-अजा | रमीला मेघवाल |
| 5 | बीकानेर-पूर्व | यशपाल गहलोत | 36 | भीनमाल | डॉ. समरजीत सिंह |
| 6 | लूणकरणसर | डॉ. राजेन्द्र मूंड | 37 | रानीवाड़ा | रतन देवासी |
| 7 | चूरू | रफीक मंडेलिया | 38 | पिंडवाड़ा-अजजा | लीलाराम गरासिया |
| 8 | खंडेला | महादेव सिंह | 39 | गोगुन्दा-अजजा | डॉ. मांगीलाल गरासिया |
| 9 | श्रीमाधोपुर | दीपेन्द्र सिंह | 40 | उदयपुर-ग्रामीण-अजजा | डॉ. विवेक कटारा |
| 10 | तिजारा | इमरान खान | 41 | उदयपुर | गौरव वल्लभ |
| 11 | किशनगढ़बास | दीपचंद खेरिया | 42 | धरियावद-अजजा | नागराज मीणा |
| 12 | बहरोड़ | संजय यादव | 43 | आसपुर-अजजा | राकेश रावत |
| 13 | थानागाजी | कांति प्रसाद मीणा | 44 | सागवाड़ा-अजजा | कैलाश कुमार भील |
| 14 | राजगढ़-लक्ष्मणगढ़-अजजा | मांगीलाल मीना | 45 | गढ़ी-अजजा | शंकरलाल चरपोटा |
| 15 | कठूमर-अजा | संजना जाटव | 46 | कपासन-अजा | शंकरलाल बैरवा |
| 16 | नदबई | जोगेन्द्र अवाना | 47 | बेगूं | राजेन्द्र सिंह बिधूड़ी |
| 17 | बयाना-अजा | अमर सिंह जाटव | 48 | बड़ी सादड़ी | बद्रीलाल जाट |
| 18 | बसेड़ी-अजा | संजय कुमार जाटव | 49 | कुम्भलगढ़ | योगेन्द्र सिंह परमार |
| 19 | हिण्डौन-अजा | अनीता जाटव | 50 | राजसमंद | नारायण सिंह भाटी |
| 20 | बामणवास | इंदिरा मीणा | 51 | बूंदी | हरिमोहन शर्मा |
| 21 | निवाई-अजा | प्रशान्त बैरवा | 52 | सांगोद | भानू प्रताप सिंह |
| 22 | किशनगढ़ | विकास चौधरी | 53 | छबड़ा | करण सिंह राठौड़ |
| 23 | अजमेर-दक्षिण | द्रोपदी कोली | 54 | डग-अजा | चेतराज गहलोत |
| 24 | नसीराबाद | शिव प्रकाश गुर्जर | 55 | खानपुर | सुरेश गुर्जर |
| 25 | ब्यावर | पारस मल जैन | 56 | मनोहर थाना | नेमी चन्द मीणा |
| 26 | मकराना | जाकिर हुसैन गेसावत | 57 | फुलेरा | विद्याधर चौधरी |
| 27 | जैतारण | सुरेन्द्र गोयल | 58 | जैसलमेर | रूपाराम मेघवाल |
| 28 | पाली | भीमराज भाटी | 59 | पोकरण | सालेह मोहम्मद |
| 29 | बाली | बद्री राम जाखड़ | 60 | आजीन्द | हंगामी लाला मेवाड़ा |
| 30 | भोपालगढ़-अजा | गीता बारवाड़ | 61 | जहाज़पुर | धीरज गुर्जर |
| 31 | बिलाड़ा-अजा | मोहनलाल कटारिया | | | |




# चन्द्रबाबू नायडू को स्वास्थ्य कारणों से अंतरिम जमानत मिली

## आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट नायडू को नियमित जमानत दिए जाने की याचिका पर 10 नवम्बर को सुनवाई करेगा

-लक्ष्मण वेंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 31 अक्टूबर। आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के लिए दीपावली खुशियां लेकर आ सकती है क्योंकि उन्हें स्वास्थ्य के आधार पर 28 नवंबर तक सशर्त अंतरिम जमानत दी गई है।

नायडू को हाईकोर्ट ने जमानत दी है ताकि वे अपने व्यक्तिगत चिकित्सक की देखरेख में अपने टैस्ट और इलाज करवा सकें। नियमित जमानत के लिए उनकी याचिका पर सुनवाई 10 नवम्बर को होगी।

नायडू की एक आंख में मोतियाबंद का ऑपरेशन होना है और उन्हें उसी अस्पताल में सर्जरी करवाने की अनुमति दी गई है जिसमें उनकी दूसरी आंख का ऑपरेशन हुआ था।

नायडू को आंध्र प्रदेश की राजामुंदरी जेल से रिहा किया जाएगा। जहाँ वे करोड़ों रुपए के कौशल विकास घोटाले के आरोप में 53 दिन से बंद हैं। वे10 सितम्बर को गिरफ्तार हुए थे। उन पर 2014 से 2019 तक मुख्यमंत्री रहते हुए इस घोटाले में लिप्त होने का आरोप है।

तेलुगू देशम पार्टी के समर्थकों ने अंतरिम जमानत मिलने के कारण जश्न मनाया, पटाखे फोड़े तथा मिठाइयां बांटी। चार सप्ताह की इस अंतरिम जमानत को पार्टी और उनके समर्थकों द्वारा राजनैतिक जीत माना जा रहा है, नायडू समर्थक तेलंगाना इकाई से नाराज हैं क्योंकि वह चुनावी दौड़ से बाहर हो गई है।

केवल अपने नेता के स्वस्थ होने पर ध्यान केन्द्रित करने वाले नायडू समर्थक इस अंतरिम जमानत को अपनी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- **नायडू की ''कैटरैक्ट'' सर्जरी होने की संभावना भी बताई जा रही है।**
- **ज्ञातव्य है कि, नायडू पर अपने कार्यकाल (2014-2019) में कौशल विकास घोटाले में लिप्त होने का आरोप है और इसी मामले में वे 10 सितम्बर को गिरफ्तार किए गए थे तथा 53 दिन से जेल में हैं।**
- **नायडू को अंतरिम जमानत मिलने पर प्रदेश भाजपा प्रमुख डी. पुरन्देश्वरी ने खुशी जताई। पुरन्देश्वरी असल में चन्द्रबाबू नायडू की पत्नी की सगी बहन हैं।**
- **नायडू के बेटे ने आरोप लगाया कि, जेल में उनके पिता की जान को खतरा है।**




# सड़क दुर्घटनाओं में 11.9 प्रतिशत की वृद्धि

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 31 अक्टूबर। रोड ट्रांसपोर्ट एवं हाइवे मंत्रालय ने मंगलवार को एक रिपोर्ट जारी की कि वर्ष 2022 में भारत में सड़क हादसों में 11.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई, दुर्घटना में मरने वालों की संख्या पूर्व वर्ष की तुलना में 9.4 प्रतिशत बढ़ी है और घायलों की तादाद भी 15.3 प्रतिशत बढ़ी है।

वर्ष 2022 में कुल 4,61,312 दुर्घटनाएं रिपोर्ट हुई। मंत्रालय द्वारा जारी

- **सड़क परिवहन एवं हाइवे मंत्रालय ने एक रिपोर्ट जारी की, जिसमें बताया गया है कि, सड़क हादसों में मरने वालों की संख्या में भी 9.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।**

रिपोर्ट में इन दुर्घटनाओं के कारकों का समाधान करने पर भी जोर दिया गया। दुर्घटना के कारकों में तेज रफ्तार और लापरवाही से गाड़ी चलाना, शराब पीकर गाड़ी चलाना, ट्रैफिक नियमों को नहीं मानना शामिल है। यह महत्वपूर्ण है कि हम वाहन चालकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए, सड़कों व वाहनों की दशा सुधराने में निवेश करें।

मंत्रालय द्वारा जारी रिपोर्ट ''भारत में सड़क दुर्घटनाएं, 2022 में सड़क सुरक्षा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'सरकार में अडानी हैं न. वन'

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 31 अक्टूबर। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा

- **कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि, सरकार की सभी संस्थाओं पर अडानी का कब्जा है, सरकार में मोदी नम्बर दो व आमित शाह नम्बर तीन हैं।**

कि उनको और कई विपक्षी नेताओं को पास एपल के ईमेल अलर्ट मिले हैं कि

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# तमिलनाडू सरकार ने राज्यपाल के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की

## तमिलनाडू सरकार का आरोप है कि, राज्यपाल निर्वाचित सरकार के राजनैतिक प्रतिद्वंदी की भूमिका निभा रहे हैं

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 31 अक्टूबर। तमिलनाडु सरकार ने राज्य विधायिका द्वारा पारित विधेयकों को राज्यपाल आर.एन. रवि द्वारा स्वीकृति न देने के खिलाफ सुपीम कोर्ट में वाद दायर किया है। सरकार का कहना है कि राज्यपाल ने अपने आप को चुनी हुई सरकार का राजनैतिक प्रतिद्वंदी बना लिया है।

- **याचिका में दावा किया गया है कि, राज्यपाल रोजमर्रा की फाइलों, नियुक्ति आदेश, भर्ती आदेशों व विधेयकों पर भी हस्ताक्षर नहीं कर रहे हैं।**
- **तमिलनाडू सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से अपील की है कि, राज्यपाल द्वारा विधानसभा में पारित बिलों पर हस्ताक्षर की समय सीमा तय की जानी चाहिए।**

सुप्रीम कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत याचिका में दावा किया गया है कि राज्यपाल माफी के आदेश, रोजमर्रा की

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'इलैक्टोरल बॉण्ड राजनैतिक दलों, खासकर सत्तारूढ़ पार्टी को दी जाने वाली रिश्वत है'

## प्रशांत भूषण ने सुप्रीम कोर्ट में वेदान्ता लिमिटेड का उदाहरण दिया कि, वित्तीय संकट से जूझ रही इस कम्पनी का चुनावी चंदा बढ़ता ही जा रहा है

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 31 अक्टूबर। एडवोकेट प्रशांत भूषण ने सुप्रीम कोर्ट से मांग की है कि इलैक्ट्रॉनिक बॉण्ड्स स्कीम को रद्द किया जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार के निर्णयों या नीतिगत निर्णयों को प्रभावित करने के लिए ये सिर्फ रिश्वत है।

चीफ जस्टिस डी.वाय. चन्द्रचूड़, जस्टिस संजीव खन्ना, बी.आर. गवई, जे.पी. पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पांच जजों की संविधान बैंच इलैक्टोरल बॉण्ड स्कीम की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। इस स्कीम के अंतर्गत राजनीतिक पार्टियों को गुप्त धन मिलता है। सुनवाई मंगलवार को भी जारी रहेगी।

प्रशांत भूषण के अलावा इस केस में केन्द्र सरकार की ओर से अटॉर्नी जनरल आर. वैंकटरमणी तथा सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल और विजय हंसारिया पेश हुए।

प्रशांत भूषण ने कहा कि ''केन्द्र में सत्तारूढ़ पार्टी ने इलैक्टोरल बॉण्ड्स के जरिए आए कुल धन का 60 प्रतिशत से अधिक प्राप्त किया है। अन्य पार्टियाँ महत्वहीन बन गई हैं। यदि किसी नागरिक को किसी चुनाव उम्मीदवार, उसकी सम्पत्तियाँ, दायित्व, आपराधिक इतिहास आदि के बारे में जानने का अधिकार है तो फिर उन्हें फिर जानने का भी अधिकार है कि, इन राजनीतिक पार्टियों की फण्डिंग कौन कर रहा है। ''पार्टियों को भी संविधान की दसवीं अनुसूची के तहत यह ये अधिकार हैं।''

उन्होंने आगे कहा कि, ''सरकार कहती है कि, इस प्रकार के अधिकार पर उचित प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं। किन्तु यहां तो सबसे पहले जरूरत है कि प्रतिबंध न्यायोचित हों। स्वयं चुनाव आयोग ने कहा था कि यह राजनीतिक पार्टियों को चंदा देने के लिए फर्जी कम्पनियों के इस्तेमाल की संभावना को जन्म देता है।'' राजनीतिक पार्टियों को शैल कम्पनियों के जरिए काला धन प्राप्त हो रहा है।''

प्रशांत भूषण ने कहा कि ''फण्डिंग के स्रोत के बारे में केवल स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया (एस.बी.आई.) और कानून प्रवर्तन एजेंसियां ही जान सकेंगे, जिससे नागरिकों के अधिकारों का पूर्णतया हनन होता है। भारतीय चुनाव आयोग ने कहा था कि इससे राजनीतिक फण्डिंग के पारदर्शिता पहलू पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा। आयोग ने कहा था कि पारदर्शिता के मामले में यह एक

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- **उन्होंने आरोप लगाया कि, यही वजह है कि, कई जगहों पर खनन लाइसैंस में इस कम्पनी को प्राथमिकता दी जा रही है।**
- **एसोसिएशन फॉर डैमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की तरफ से उपस्थित भूषण ने आरोप लगाया कि, इलैक्टोरल बॉण्ड्स से प्राप्त कुल राशि का 60 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा अकेले भाजपा को मिला है।**
- **भूषण ने कहा कि, जब जनता को प्रत्याशियों की सम्पत्ति, अपराधिक रिकॉर्ड, सब जानने का हक है तो यह जानने का हक भी है कि, राजनैतिक दलों को फण्डिंग कौन कर रहा है।**

# दिल्ली के वायु प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्ती दिखाई

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 31 अक्टूबर। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को पंजाब, हरियाणा व दिल्ली से एक हफ्ते के अंदर शपथ पत्र दर्ज करके यह बताने के लिए कहा है कि, वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए क्या कदम उठाये जा रहे हैं।

जस्टिस एस.के. कॉल की अध्यक्षता वाली 3 जज बैंच, जिसमें जस्टिस सुधांशु धूलिया और पी.के. मिश्रा शामिल थे, ने पूर्व में कमिशन फॉर एयर क्वालिटी कन्ट्रोल से एयर क्वालिटी मैनेजमैंट तथा दिल्ली व आस-पास वायु प्रदूषण नियंत्रित करने के लिए उठाए जा रहे कदमों के बारे में रिपोर्ट मांगी थी।

- **सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब, हरियाणा व दिल्ली की सरकारों को वायु प्रदूषण नियंत्रण पर शपथ पत्र दायर करने के निर्देश दिए।**



## Wobbly Wednesday

Nystagmus is characterised by involuntary movement of the eyes, symptomatic of problems with the visual pathway. It causes varying degrees of sight impairment. Nystagmus is often a genetic condition and may be associated with albinism but can also be caused by a number of medical conditions such as cataracts, glaucoma or aniridia.Wobbly Wednesday is your opportunity to gain experience more about this limiting condition. Nystagmus affects 1 in 1,000 people. It is a form of visual impairment and can occur at any time of life. It is the most common form of visual impairment in school-aged children.

#SAATVIK

# Celebrating World Vegan Day!

Like many, do you believe vegan food is boring? You need to try it out for yourself to bust this misconception. Ensure you begin your vegan journey this World Vegan Day from the right recipe.



Veganism is a comprehensive ideology and lifestyle dedicated to minimizing or eliminating any involvement in animal exploitation and suffering, primarily in the realm of nutrition and dietary choices. Those who adhere to a vegan way of life abstain from the consumption of animal-derived products, such as meat, dairy, eggs, and honey, frequently opting for plant-based alternatives instead.

November 1 is celebrated as World Vegan Day, and the best way to celebrate the day is to have home-cooked vegan meals.

If you are skeptical about trying out vegan food, think twice, as vegan food is tasty yet healthy. Not just that, vegan food is something that is very easy to cook and doesn't involve much time.

So, if you want to try out some vegan food, what better than World Vegan Day? Here is an easy recipe to try at home:




### Vegan Matcha Pancake

Check out this vegan matcha pancake!

### Ingredients

- All-purpose flour
- Matcha powder
- Sugar
- Baking powder
- Salt
- Almond milk
- Coconut oil (or olive oil)
- Vanilla extract

### Preparation

1. In a large mixing bowl, combine 200 grams of all-purpose flour, 10 grams of matcha powder, 20 grams of sugar, 8 grams of baking powder, and a pinch of salt.
2. In a separate bowl, mix the 240 ml of almond milk (or any plant-based milk), 30 ml of coconut oil, and 5 ml of vanilla extract. Pour the wet ingredients into the dry ingredients and stir until just combined. Be careful not to overmix; a few lumps may remain.
3. Heat a non-stick pan over medium heat and lightly grease it with oil of your choice or vegan butter. For each pancake, pour about 1/4 cup of batter onto the pan. Cook until you see bubbles on the surface, then flip the pancake and cook until it is golden brown on both sides. Repeat with the remaining batter.
4. Serve your vegan matcha pancakes with your favorite toppings, such as fresh fruit, maple syrup, or vegan yogurt.
5. Enjoy your delicious vegan matcha pancakes!

A vegan lifestyle involves abstaining from the use of animal products for food, clothing, or any other purpose. World Vegan Day serves as an opportunity to educate the public about the benefits of veganism, raise awareness about animal rights, and promote sustainable and compassionate choices.



In 332 BC Alexander after his decisive victory over the Persians at Granicus and Issus laid siege to Tyre. But Tyre surrounded by sea all around it, a sea which was controlled by the Persians and their Allies the Phoenicians. The citadel walls rising a hundred and fifty feet above the sea made the town impregnable. It took a siege lasting seven months before Tyre finally fell to the Greeks. Alexander succeeded by demolishing the old city on the mainland and using its stones to build a causeway to the island. (In the manner of Rama and his army of monkeys built the Ramsetu linking India with Lanka.) Eight thousand Tyrians were killed for the loss of four hundred Greeks. To overwhelm the high walls of citadel Alexander built the tallest siege towers ever built before and even after his time, and moved them over this man-made land bridge. As Alexander's army moved forward, the Tyrians evacuated their old men, women and children to Carthage. Besides the eight thousand Tyrians killed another thirty thousand were taken prisoner and sold as slaves. After Alexander it became a part of the Indo-Greek Seleucid Empire whose official state religion was Buddhism. From the Greeks to the Romans and finally to the Islamic armies of conquest except for a brief period with the Knights Templars. The history of Tyre encapsulates the entire history of the Levant.



# THE HOLY LAND OF UNHOLY STRUGGLE PART-2



Maj. Chandrakant Singh VrC (Retd)
*Military Historian*

To the Jew, Christian and Islam Jerusalem is the holiest and most hotly contested place on Earth. All three believe in the monotheistic Abrahamic and Mosaic same One God, though they call Him by different names: God, Yehowah or Allah , and yet are ever willing to kill not only each other but others. For the Jews the Holy of the Holies is the site of the Old Temple and the surrounding Wailing Wall, Christians claim ownership of the Church of the Holy Sepulchre and the for Muslims it is the Dome on the Rock. An old city with some interesting architecture but to a casual non-religious Indian visitor used to seeing smiling faces in his native land, finds the hostility to each other reflected in the eyes of its unsmiling and perpetually frowning citizens off putting and repulsive.

## BETHLEHEM

As the birthplace of Jesus Christ and association with the Christmas festivities makes Bethlehem both holiest and most beloved of places for Christians. Its location in the West Bank of the Jordan River in a disputed territory restricts the number of tourists who visit the town and its two famous shrines- the Church of Nativity and Rachel's Tomb. Like other places in the Middle East, Bethlehem too has a rich history that pre-dates the birth of Christ.




## SEA OF GALILEE

Sea of Galilee is the lowest fresh water lake and second lowest lake in the World after the Dead Sea. It is in Northern Israel and is 13 miles long and miles wide it is fed by the Jordan River and some underground springs. Galilee lies on the ancient Via Maris the Royal Egyptian highway which linked the Kingdom to its Northern parts. In the New Testament of the Bible much of Jesus ministry occurs on the shores of the Galilee. Many of his miracles are also supposed to have occurred here, including walking on water and catching fish.



## MOUNT SINAI




In 1965, I had the opportunity to visit Mount Sinai, a sacred place for Jew, Christian and Muslim alike, even though I am not an adherent to any of these Abrahamic faiths I felt as if I was in a special place and a sudden peace and calm descended upon me. For a moment I felt I was in the presence of some divine force and a recipient of its grace. This feeling should not have come as a surprise for it is here according to the Bible that Moses came into the of God who gave him His Ten Commandments to guide his people and be a moral and social code for their conduct.

Mt Sinai lies in the heart of the Sinai Desert and is 7,497 feet high, but it is not the highest peak in the Sinai. There are higher, including neighbouring Mt Catherine, after whom the monastery and convent at the foot of the mountain is named. On the top of Mt Sinai is a mosque and church both of very simple design and size. The chapel encloses the rock which is supposed to be the source of the Biblical tablets.

## MOUNT CARMEL

The word 'karmel' means garden land and if the meaning is to be believed then Carmel would have once been a hill covered with vineyards and olive groves but centuries of overgrazing and deforestation had reduced it to a barren waste denuded of its soil cover and vegetative growth, it is only now that the western extremity has again been greened by the Bahais. In 1931 discoveries of Neanderthal and early human remains were made inside some caves. These caves are now declared as heritage sites by UNESCO. According to Josephus Carmel had been a stronghold of the Essenes. According to the Jewish Book of the Kings Carmel and the Keshon River which flows at its foot was the site of a battle between Elijah and the priests of Baal. A Catholic religious order called Carmelites was founded in 1209. The Ahmadiya Muslim community have their largest mosque on Mount Carmel.



## #GAZA AND THE PALESTINE

### ACRE

Located on the Northern extremity of the Bay of Haifa, Acre is the holiest city of the Bahai Faith in Israel. It was the site of many battles between the Crusaders and Muslims. In 1799 Napoleon laid siege to the city which lasted for three months but failed to capture it. Two days after the successful capture of Haifa the Indian Cavalry attacked Acre and took the town from the Turks. Abdul Baha on meeting some Indian soldiers told them: "What Napoleon failed to do in three months, you did it in two days."

### MILITARY GEOGRAHY

Battle of Qadesh between Ramses the Great and the Hittite 1274 BC Yarmouk. Battle between Arabs and Byzantium 636 AD this established Arab Muslim rule in the Middle East. The Arabs had been defeated and had fled from the battlefield and the history of the world would have been different had not a lady of Indian descent as attested by her name Al Hind not entered the fray, stopped the flight of the Arabs and forced them to return and fight.



The author briefing a UN patrol on the border of Israel and Gaza. 1964

## QUMRAN CAVES

Caves on the hills on the Northern shore of the Dead Sea which was once the centre of the sect of Essenes. From these caves some decades ago thousands of parchment scrolls of the Hebrew version of the Bible have been recovered which throw new light on the Bible and cast doubt on the authenticity of some of the popular versions of the Bible that have come down. The Essenes was a sect of Jews which during the rule of the Indo Greek Buddhist Seleucid Kings was influenced by some of the teachings and philosophy of Buddhism. John the Baptist was an Essene and it is he who baptised Jesus. The Dead Sea scrolls are a subject of controversy and their full publication is being withheld by the Church and Israeli authorities.

## BATTLE OF HAIFA 1918



Indian Cavalry in Palestine 1914-16

Jodhpur and Mysore Lancers defeated the Turks. The outcome of the battle influenced history in four ways. Firstly it hastened the end of the War by forcing the capitulation of Turkey and the end of the Caliphate which is what the ISIS is now trying to re-establish. To perceptive observers it is not surprising that Erdogan the Turkish President, the Saudi Royals and Iranian Shia Clergy are competing with each other and the ISIS to don the mantle of the new Caliph. The battle is now not only of Islam vs the rest of the World but more potently of Islam vs Islam.

Secondly by release from captivity and sentence of death of Abdul Baha, it ensured the survival of the Bahai Faith. The Bahais with their message of oneness and equality of all faiths have the potential to be the bridge that unites all of humanity which today is raven with discord and violence. Their strong advocacy of women's rights and equality is also the need of the hour. For us Indians the presence in India of a large Bahai population more than that in any other, a matter of pride for it reflects our secular and tolerant character. They have also given us in the Lotus Temple the most beautiful building built in India after Independence. Their faith acknowledges as prophets Krishna, Buddha, Jesus, Zorashtra and Mohammad but their real strength is in the belief that faith must have at its core; reason, logic, equality of gender and class, abhorrence of violence and love of all mankind. Echoes of the teachings of the Upanishads! So it is not difficult for us Indians to acknowledge the Bahais as one of our own. Perhaps the Bahais will be the bridge that will one day unite all faiths.

Thirdly the display of exceptional heroism and professional competence by Indian troops led solely by Indian Officers forced the British Government to break racial barriers and opened the way for grant of Kings Commission as officers to Indians which they had been resisting on the grounds that Indians lacked the leadership qualities to make good officers. Entry to Sandhurst was opened soon after the War and The Prince of Wales Royal Indian Military College was founded in 1922 to prepare suitable applicants for entry into Sandhurst. With the result that twenty five years later at the end of the Second World War there was a million strong Indian Army officered by Indians fully supportive of the Independence movement and there was no way that the British could then hold on to India. This fact was acknowledged in a letter from the Viceroy Field Marshal Lord Wavell to the British Prime Minister in 1946. Indian Independence opened the flood gates to the grant of independence to all the colonies of the European powers the world over bringing to an end the Age of Imperialism.

Fourthly the victory led to the final downfall of the Ottoman Empire and the creation of the British Protectorate of Palestine which the World Jewish community considered as their homeland and to which they started migrating in large numbers and in the course of the next three decades the Jews displaced the Arabs from Palestine and created the newly independent state of Israel.



## TYRE

Located of the southern coast of Lebanon is a small 4 square kilometre sized island which is one of the oldest continually inhabited cities in the world. Even before it became a part of the Egyptian empire tyre was a prosperous port town. The major part of it was on the mainland but the citadel was on an off shore island. From the Egyptians it passed into the hands of the Phoenicians who were the most powerful seafaring and trading people in the Mediterranean. Many areas and ports on the northern coast of Africa and in the Levant were under their control. So powerful where they that under Hannibal they defeated the Romans and invaded mainland Italy. From the Phoenicians the Assyrians took it in control only to lose it the Persians a few centuries later. In 332 BC Alexander after his decisive victory over the Persians at Granicus and Issus laid siege to Tyre. But Tyre surrounded by sea all around it, a sea which was controlled by the Persians and their Allies the Phoenicians. The citadel walls rising a hundred and fifty feet above the sea made the town impregnable. It took a siege lasting seven months before Tyre finally fell to the Greeks. Alexander succeeded by demolishing the old city on the mainland and using its stones to build a causeway to the island. (In the manner of Rama and his army of monkeys built the Ramsetu linking India with Lanka.) Eight thousand Tyrians were killed for the loss of four hundred Greeks. To overwhelm the high walls of citadel Alexander built the tallest siege towers ever built before and even after his time, and moved them over this man-made land bridge. As Alexander's army moved forward, the Tyrians evacuated their old men, women and children to Carthage. Besides the eight thousand Tyrians killed another thirty thousand were taken prisoner and sold as slaves. After Alexander it became a part of the Indo-Greek Seleucid Empire whose official state religion was Buddhism. From the Greeks to the Romans and finally to the Islamic armies of conquest except for a brief period with the Knights Templars. The history of Tyre encapsulates the entire history of the Levant.

## GAZA

Alexander the Great had besieged the city for five months before it fell in 332 BC. It was the last city to resist Alexander in his march to Egypt. All inhabitants were killed or taken captive as slaves. When I was in Gaza in 1964-65 as a part of the United Nations Peace Keeping Force the town of Gaza was a dusty shanty town. Nothing in it then bore any semblance to its past greatness or antiquity. Most inhabitants were Palestinian refugees from what is now Israel, a few Christian the remainder Muslim who for centuries had suffered under Ottoman Rule and after the First World War British and Egyptian occupation.


Gaza had been the site of two major battles in 1917 during the First World War in which the Indian Cavalry and the Bikaner Ganga Risala played a leading role. The old town had been virtually destroyed by artillery bombardment. A well maintained Commonwealth Cemetery with hundreds of graves of fallen soldiers including some Indians lies to the East of the town. Whilst we were in Gaza one of our own soldiers a Christian who had died in an accidental fire was laid to rest here. His name was a very common Hindu name Ram Chander, we were taking his body for cremation on the sea shore when our head clerk Havaldar Baljit Singh came running to inform us that according to his records Ram Chander was a Christian. So instead of cremation on the seashore we changed direction and took his body for burial to the Gaza Cemetery.

*To be continued...*

rajeshsharma1049@gmail.com




## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# स्वायत्त शासन विभाग के अफसरों ने अपनी नाकामी निजी कंपनियों पर थोपी

## मार्च-2024 तक तमाम नगरीय निकायों में 'कचरे के पहाड़' हटाने थे, अफसरों ने टैंडर ही देरी से किए, नतीजन ठेकेदारों ने भी मन-मुताबिक रेट पर काम लिया

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान के तमाम छोटे-बड़े शहरों में डंपिंग यार्ड पर जमा कचरे (लिजेसी वेस्ट) का निस्तारण मार्च-2024 से पहले करना था, लेकिन स्वायत्त शासन विभाग के इंजीनियर्स और अफसरों की नींद देरी से खुली। इन्होंने अपनी नाकामी छिपाने के लिए महंगी दरों पर टैंडर देकर अपनी जिम्मेदारी निजी कंपनियों पर थोप दी है।

सूत्रों की मानें तो स्वच्छ भारत मिशन (अरबन) 2.0 की गाइडलाइन के मुताबिक लिजेसी वेस्ट (पुराने कचरे का निस्तारण) मार्च-2024 से पहले करना था, लेकिन राजधानी जयपुर में भी अभी यह काम मात्र 20 फीसदी भी पूरा नहीं हो पाया है। जिस कछुआ चाल से यहां पुराने कचरे के निस्तारण किया जा रहा है, उसके हिसाब से आगामी 4-5 साल में भी यह प्रोजेक्ट पूरा नहीं हो सकेगा। इसके बावजूद प्रोजेक्ट के नोडल ऑफिसर ओ.पी.काला कंपनियों के कामों को क्लीन चिट देने में जुटे हैं।

सूत्रों की मानें तो स्वायत्त शासन निदेशक हृदयेश शर्मा ने गत 22 सितंबर 2023 को करीब 117 छोटे शहरों में कचरे निस्तारण का ठेका मैसर्स एम.के.जी. कम्प्यूटर्स को 550 रुपये प्रति क्यूबिक मीटर की दर पर दिया, जो कि 126 करोड़ 43 लाख रुपये का था। अगर यही काम इन नगर पालिकाओं के जिम्मे करवाई जाती तो यह दर 550 रु. के बजाय काफी कम आती। जबकि जनवरी माह में स्वायत्त शासन निदेशक हृदयेश शर्मा ने मैसर्स आकांक्षा एंटरप्राइजेज, मैसर्स डी.एच.पटेल और मैसर्स सौराष्ट्र एन्वायरो प्रोजेक्ट्स प्रा. लि. को इसी काम का ठेका दिया था, तो उनकी दर क्रमशः 300 से 400 रुपये प्रति क्यूबिक मीटर के बीच थी। ऐसे में यह सवाल उठना लाजमी था कि जब जयपुर-जोधपुर, कोटा, उदयपुर, बीकानेर व अजमेर जैसे बड़े-बड़े शहरों में कचरे के निस्तारण का काम 300 रुपये से 400 रुपये प्रति क्यूबिक मीटर की दर पर दिया गया तो फिर ऐसी क्या मजबूरी थी कि मैसर्स एम.के.जी. कम्प्यूटर्स को 550 रुपये की दर पर आनन-फानन में काम सौंपा गया। हाल ही में हुए इस टैंडर में अन्य दूसरी फर्म मैसर्स एल्वाजो सोल्यूशन प्रा. लि. में 644 रुपये प्रति क्यूबिक मीटर की रेट डाली थी।

सूत्रों का कहना है कि स्वायत्त शासन विभाग ने जनवरी माह में मैसर्स सौराष्ट्र एन्वायरो, मैसर्स डी.एच.पटेल और आकांक्षा एंटरप्राइजेज़ को जो वर्क ऑर्डर दिए थे, उसमें 18 माह में कचरे के निस्तारण करने के आदेश थे। लेकिन इसी वर्क ऑर्डर में यह भी लिखा हुआ है कि "स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 की गाइडलाइन के मुताबिक लिजेसी वेस्ट के निस्तारण का काम मार्च-2024 से पूर्व पूर्ण करना है।" ऐसे में यह साफ तौर पर माना जा रहा है कि स्वायत्त शासन विभाग के अफसरों ने अपनी नाकामी और टैंडर प्रक्रिया में देरी को छिपाने के लिए महंगी दरों पर निजी कंपनियों को काम दे दिया।

उधर यह कंपनियां जल्दबाजी में काम करने के चक्कर में वैज्ञानिक पद्धतियां अपनाये बिना ही सिर्फ कचरे का ढेर छानकर उसमें से मिट्टी, पत्थर और प्लास्टिक अलग करके लीपापोती करने में जुटी है। जबकि नियमों के मुताबिक इन तमाम कंपनियों को वैज्ञानिक पद्धति से कचरे का निस्तारण करना है। गंदगी के ढेर से कम्पोस्ट खाद अलग बनानी है और मिट्टी-मलबा व लोहा व लकड़ी अलग छांटकर निस्तारित करना है, लेकिन जल्दबाजी में काम करने के चक्कर में यह कंपनियां भी लीपापोती करने में जुटी है। इसकी बानगी जयपुर, अलवर और सीकर में डंपिंग यार्ड से कचरा हटाने का काम लेने वाली मैसर्स सौराष्ट्र एन्वायरो कंपनी द्वारा किए जा रहे सेवापुरा डंपिंग यार्ड पर देखी जा सकती है। यहां पर ना तो कंपोस्ट की क्वालिटी ढंग की है और ना ही छंटनी किए गए प्लास्टिक की।

इस बारे में स्वायत्त शासन विभाग में पदस्थापित अधिशाषी अभियंता और प्रोजेक्ट के नोडल ऑफिसर ओ.पी.काला से बात की गई तो उन्होंने कहा कि निदेशक, मुख्य अभियंता और मैंने मौका स्थिति देखी है, काम उचित ढंग से हो रहा है। अगर कहीं पर कमियां हैं तो उसे दूर करने का प्रयास करेंगे। वह अपना पक्ष रखते हुए इन तमाम निजी कंपनियों का बचाव करते रहे।


हरमाड़ा के नजदीक सेवापुरा डंपिंग यार्ड पर कचरे से जो प्लास्टिक वेस्ट छांटकर अलग किया जा रहा है, उसकी गुणवत्ता भी बेहद खराब है, इसे बिना सुखाए ही सीधे बड़े-बड़े ट्रेलर में लादकर सीमेंट कंपनियों में शिफ्ट किया जा रहा है।

- **केन्द्र सरकार ने स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 की गाइडलाइन में साफ कहा है कि "लिजेसी वेस्ट" का निस्तारण मार्च-2024 से पहले करना है**

# होटल शांति विलास में आठ जुआरी गिरफ्तार

- **पुलिस ने आरोपियों से एक लाख रु. से ज्यादा की नकद राशि बरामद की**

**जयपुर** (कासं)। शिप्रापथ थाना पुलिस ने इलाके में स्थित होटल शांति विलास में जुआ खेलते हुए आठ नामी जुआरियों को पकड़ा है। पुलिस ने उनके पास से एक लाख सात हजार रुपए बरामद किये। पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर लिया हैं।

डीसीपी साउथ योगेश गोयल ने बताया कि विधानसभा चुनाव को देखते हुए आये दिन सट्टोरियों-जुआरियों के रुपये-पैसे की लेन-देन को लेकर हो रही गैंगवार खूनी संघर्ष की रोकथाम व जुआरियों के बीच जुआ सट्टा के खिलाफ कठोर कार्रवाई के लिए थाना पुलिस को आदेश दिये हुए थे। जिस पर मंगलवार को शिप्रापथ थाना पुलिस ने एक्शन लेते हुए 8 जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके पास से नगदी बरामद की हैं।

उन्होंने बताया कि मुखबिर की सूचना पर होटल शांति विलास परमहंस मार्ग मध्यम मार्ग मानसरोवर में दबिश देकर एक रुम में प्लास्टीक के पासों से रुपये दाव पर लगाते हुए जुआरियों को गिरफ्तार किया। इस दौरान पुलिस को मौके से अनिल रुपानी (42) निवासी मकान नम्बर 17 बी हीदा की मोरी रामगंज बाजार जयपुर, राजेश कुमार (54) निवासी मकान नम्बर जी 3 विनायक एन्कलेव जगतपुरा जयपुर, सुरेश सेवानी (30) निवासी मकान नम्बर वरूण पथ मानसरोवर जयपुर, चेतन दास (52) निवासी छोटा तख्ता तेलियो की गली कोतवाली टोंक हाल रजत पथ मानसरोवर जयपुर, कपिल परनामी (36) निवासी मालवीय नगर जवाहर सर्किल जयपुर, राजेश राठौड़ जवाहर सर्किल जयपुर, राजेश राठौड़ (53) निवासी मालवीय नगर जवाहर सर्किल जयपुर, पंकज मेहरचन्दानी (26) निवासी कावेरी पथ मानसरोवर जयपुर और यश जैन (30) साल निवासी पटेल मार्ग मानसरोवर जयपुर को पकड़ा है।

# पिस्तौल दिखाकर बदमाशों ने लूटी 18 किलो चांदी

## मानसरोवर में मांग्यावास स्थित ज्वैलरी की दुकान में हुई वारदात

- **नाकाबंदी के बावजूद बदमाशों का कोई सुराग नहीं लगा**
- **सी.सी.टी.वी. कैमरे में कैद हुए बदमाश, जांच में जुटी पुलिस**

**जयपुर** (कासं)। मानसरोवर थाना इलाके में नकाबपोश बदमाशों ने पिस्तौल के नोक पर एक ज्वैलर से 18 किलो चांदी लूट कर ले जाने का मामला सामने आया है। यह पूरी वारदात दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनाक्रम की जानकारी लेकर इलाके में नाकाबंदी भी करवाई, लेकिन लुटेरों का कोई सुराग नहीं लग पाया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही है।

पुलिस ने बताया कि मांग्यावास मानसरोवर निवासी घनश्याम सोनी ने मामला दर्ज करवाया है कि उसकी थाना इलाके में स्थित सोहन नगर मांग्यावास में ज्वैलरी की दुकान है। जहां वह रोज की तरह रात दुकान मंगल करने की तैयारी कर रहे था और घर जाने के लिए कार दुकान के पास खड़ी की। दो बैग में चांदी के जेवरात भरे हुए थे, जिन्हे दुकान के शटर के पास रखकर वह बाकी बैग ला रहा था। इसी दौरान बाइक पर दो युवक आए और पिस्तौल के दम पर चांदी के गहनों से भरे बैग लेकर फरार हो गए। वारदात के दौरान दोनों बैगों में 18 किलो चांदी के गहने थे। जिसमें पायजेब, सिक्के, अंगूठी, चुटकी, हाथ के कड़े आदि जेवरात भरे हुए थे। जिसकी बाजार कीमत 12 लाख रुपये है। इधर लूट की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और ए-श्रेणी की नाकाबंदी करवाई,लेकिन बाइक सवार लुटेरों का कोई सुराग नहीं लगा।

ज्वैलरी दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज में नकाबपोश बदमाशों नजर आए हैं, जिसके आधार पर उनकी तलाश की जा रही हैं। प्रथम दृष्टया रेकी कर लूट करना लग रहा है। पुलिस फुटेज के आधार पर बदमाशों का रूट चार्ट बनाने के साथ तलाश कर रही है। साथ ही पहचान करते हुए उन्हें पकड़ने के लिए संदिग्धों के ठिकानों पर दबिश देकर जा रही है।

## संक्षिप्त

### युवक का अपहरण कर कार लूटी

**जयपुर** । मानसरोवर थाना इलाके में बदमाश एक चालक का अपहरण कर उसकी कार-नकदी सहित मोबाइल लूट ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। थानाधिकारी महावीर यादव ने बताया कि गांव खंडीप जिला सवाई माधोपुर निवासी राहुल कुमार मीना (28) जयपुर में उबेर कम्पनी में अपनी कार चलाता है। घटनाक्रम के मुताबिक 30 अक्टूबर की रात 2 बजे राहुल किसान धर्मकांटे के पास खड़ा था। इस दौरान चार लड़के और और सिंधी कैम्प बस स्टैंड चलने के लिए कहा। राहुल ने ऑनलाइन कार बुक करने के लिए कहा तो तीन लड़के जबरन कार में घुस गए। एक लड़का बाइक लेकर चला गया। आरोप है इस दौरान लड़कों ने पिस्टल की नोंक पर राहुल की आँखों पर काली पट्टी बाँध कर कार में पीछे पटक दिया। इसके बाद उसका अपहरण कर रींगस ले गए। यहां राहुल को नीचे सड़क पर पटक कर बदमाश कार, दो मोबाइल और 3600 रूपए लूट कर ले गए।

### छह उम्मीदवारों ने किया नामांकन

**जयपुर,** (का.सं.)। आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जयपुर जिले की कुल 19 विधानसभा क्षेत्रों में नामांकन का दौर शुरू हो गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलिमा तक्षक ने बताया कि मंगलवार को जिले के 6 विधानसभा क्षेत्रों में 6 प्रत्याशियों ने कुल 7 नामांकन पत्र जमा करवाए। उन्होंने बताया कि कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र (40) में निर्दलीय प्रत्याशी अशोक कुमार सैनी, फुलेरा विधानसभा क्षेत्र (44) में निर्दलीय प्रत्याशी सांवरमल, आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र (53) में निर्दलीय प्रत्याशी रियाजुद्दीन एवं बगरू विधानसभा क्षेत्र (56) में निर्दलीय प्रत्याशी सोहनलाल नागरवाल ने नामांकन पत्र जमा करवाए, तो वहीं झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र (46) में राइट टू रिकॉल पार्टी के प्रत्याशी आदित्य प्रकाश शर्मा ने नामांकन पत्र दाखिल किया। वहीं, सांगानेर विधानसभा क्षेत्र (55) में अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी पुष्पेन्द्र भारद्वाज ने दो नामांकन पत्र जमा करवाए।

### युवाओं ने मतदान प्रक्रिया को समझा

**जयपुर** । जिला स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. शिल्पा सिंह के निर्देश पर जयपुर के हरमाड़ा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं जयपुर के एक निजी मॉल वीआर प्रेजेंटेशन का आयोजन किया गया। इस मौके पर ने नवमतदाताओं को वीएचए, सक्षम, केवाईसी एवं सी-विजिल एप की जानकारी दी।

# ए.आई.एम.आई.एम. के प्रदेशाध्यक्ष की गाड़ी में तोड़फोड़

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर के संजय सर्किल थाना इलाके में ए.आई.एम.आई.एम. के प्रदेशाध्यक्ष जमील अहमद की गाड़ी पर हमला कर तोडफोड़ करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने संजय सर्किल थाने में इस संबंध में एफआईआर दर्ज करवाई है। पुलिस ने बताया कि ए.आई.एम.आई.एम. के प्रदेशाध्यक्ष जमील अहमद खान निवासी चिदबई नगर इमली फाटक ने थाने में रिपोर्ट देकर मामला दर्ज कराया है।

उन्होंने अपनी रिपोर्ट में बताया कि वह मंगलवार शाम को पार्टी के महासचिव आमिर हुसैन के साथ चांदपोल स्थित मोहम्मद होटल के बाहर अपनी एक्सयूवी-500 गाड़ी खड़ी करके शाम करीब साढ़े 7 बजे खाना खाने गए थे, जब वह वापस लौटे तो उनकी गाड़ी के गेट का शीशा टूटा हुआ मिला और उसमें अंदर बड़ा पत्थर पड़ा हुआ था। जमील अहमद खान ने बताया कि वह ए.आई.एम.आई.एम. पार्टी के हवामहल विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी है और विधानसभा चुनाव में प्रचार-प्रसार के लिए लगातार जनसंपर्क कर रहे है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह हमला और पथराव को राजनैतिक द्वैषता के कारण किया गया है। हालांकि उन्होंने अपनी एफआईआर में किसी का नाम दर्ज नहीं कराया है। जमील अहमद खान ने पुलिस से आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर कार्रवाई की मांग की है।

# 200 महिला पुलिस कांस्टेबलों को महिला सुरक्षा की जिम्मेदारी

## त्यौहारी सीजन में छेड़छाड़ की आशंका को देखते हुए निर्भया स्क्वॉयड ने एक बार फिर कसी कमर

भीड़भाड़ और सार्वजनिक जगहों पर स्क्वॉयड की रहेगी पैनी निगाहें

जयपुर। पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ के निर्देश पर त्योहारी माहौल में भीड़भाड़ व सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं व बालिकाओं से छेड़छाड़ की आशंका को रोकने के लिए निर्भया स्क्वॉयड ने कमर कसते हुए ऐसी जगहों पर लगभग 200 महिला कांस्टेबलों को तैनात किया है।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त राहुल प्रकाश ने बताया कि दीपावली के अवसर पर बाजारों में खासी भीड़ देखने को मिल रही है। भीड़ में छेड़छाड़ की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए निर्भया स्क्वॉयड की नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त रानू शर्मा के नेतृत्व में संचालित निर्भया स्क्वॉयड की महिला कांस्टेबल नीली व सादा वर्दी में महिलाओं की सुरक्षा करती नजर आएंगी।

राहुल प्रकाश ने बताया कि निर्भया स्क्वायड की 91 टीमें शहर के सभी चार जिलों में सुबह 10 बजे से देर रात तक सक्रिय रहते हुए अपने काम को अंजाम दे रही हैं। उन्होंने बताया कि 'सतर्क जयपुर-सुरक्षित जयपुर' के तहत 200 से अधिक मामलों में असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुये लगभग 300 मनचलों को गिरफ्तार कर हवालात भिजवा गया। इसी तरह 1046 मनचलों की समझाइश व 607 के खिलाफ अन्य कार्रवाई भी की गई।




# फर्जी पासपोर्ट से दुबई जाने वाले दो यात्री गिरफ्तार

**जयपुर** । फर्जी पासपोर्ट लेकर जयपुर से दुबई और दुबई से उजबेगिस्तान जा रहे दो यात्रियों को एयरपोर्ट अधिकारियों ने पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया है। पुलिस फर्जी पासपोर्ट को लेकर उनसे पूछताछ कर रही हैं। पुलिस ने बताया कि सोमवार को जयपुर एयरपोर्ट पर तैनात इमिग्रेशन ऑफिसर सतीश कुमार वर्मा ने शिकायत दी। जिसमें बताया कि शारजहां की फ्लाईट से दुबई और दुबई से उजबेगिस्तान जा रहे दो युवकों के जब पासपोर्ट की जांच की गई तो दोनों पासपोर्ट फर्जी मिले। दोनों युवकों से फर्जी पासपोर्ट के सम्बंध में पूछताछ की गई तो दोनों संतोषजनक जानकारी नहीं दे पाए। जिस पर एयरपोर्ट थाने पर वर्मा की शिकायत के बाद दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी अर्थ पटेल और पार्थ पटेल गुजरात के रहने वाले हैं। जिन के आधार कार्ड पर सही नाम लिखा हुआ है लेकिन इन के पासपोर्ट पर संजीव कुमार और दिलीप लिखा हुआ हैं। जब इमिग्रेशन में इन के दस्तावेज चैक किये तो उस दौरान पासपोर्ट फर्जी मिले थे। प्रारम्भिक पूछताछ में दोनों ने उजबेगिस्तान नौकरी के लिए जाने की बात की है। दोनों युवकों ने पुलिस को बताया कि उन लोगों ने यह पासपोर्ट पंजाब के दो लोगों के नाम से बनाये हैं। इन फर्जी पासपोर्ट को इन लोगों ने पंजाब से बनवाया हैं।

# जे.डी.ए. टीम ने बैनाड़ रोड और सरना डूंगर में ध्वस्त की छह अवैध दुकानें

## नीलकंठ कॉलोनी में हाईटेंशन लाइन के नीचे बनाई जा रही थी दो दुकानें

**जयपुर** (कासं)। जेडीए की प्रवर्तन टीम ने मंगलवार को बैनाड़ और सरना डूंगर रोड पर 6 अवैध दुकानों को ध्वस्त किया। बैनाड़ रोड पर नीलकंठ कॉलोनी में 2 अवैध दुकानें तो हाईटेंशन विद्युत लाइन के नीचे बनाई जा रही थी। जेडीए टीम ने जेसीबी मशीन की मदद से तमाम अतिक्रमण को ध्वस्त कर निर्माण कार्य रुकवाया।

मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन धर्मेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि बैनाड रोड पर नीलकण्ड कॉलोनी में हाईटेंशन लाईन के नीचे 2 अवैध दुकानें बनाई जा रही थी। जैसे ही इसकी सूचना मिली तो मंगलवार को जेडीए टीम मौके पर पहुंची और जेसीबी और मजदूरों की मदद से अवैध निर्माण ध्वस्त किया।

इसी प्रकार ग्राम सरना डूंगर, में सरना तिराया मैन रोड पर जेडीए की बिना अनुमति 4 अवैध दुकानें बनाई जा रही थी। राजस्व व तकनीकी टीम की निशानदेही पर प्रवर्तन दस्ते ने इस अतिक्रमण को भी हटाया। इसी प्रकार निवारू रोड पर शान्ति नगर कॉलोनी में आम रास्ते व सड़क सीमा में कब्जा और अतिक्रमण हटाया। अतिक्रमी ने यहां पर बाउण्ड्रीवाल बनाकर रास्ता अवरूद्ध कर रखा था, जिससे स्थानीय लोगों को लेकर भारी समस्याएं उठानी पड़ रही थी।



जे.डी.ए. की प्रवर्तन टीम ने मंगलवार को बैनाड़ और सरना डूंगर रोड पर 6 अवैध दुकानों को जेसीबी मशीन की मदद से ध्वस्त किया।

# ताला-चाबी ठीक करने के बहाने जेवरात चुराए

**जयपुर** । महेश नगर इलाके में ताला-चाबी ठीक करवा लो की आवाज लगाकर घूम रहे दो व्यक्तियों को घर के अंदर बुलाना महंगा पड़ गया। बताया जा रहा है कि अलमारी के लॉकर की चाबी बनाते समय नजर बचाकर उसमें रखे सोने के गहने चोरी कर लिए और फिर लॉक के अंदर चाबी टूटने का बहाना बनाकर दोनों आरोपी फरार हो गए। वारदात का पता चलने पर पीड़ित थाने पहुंचा और मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर वारदात स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेजों के आधार पर उनकी तलाश कर रही है।

पुलिस ने बताया कि रामनगर विस्तार निवासी सुमित मीना (29) ने मामला दर्ज करवाया है कि 28 अक्टूबर को दोपहर कॉलोनी में दो व्यक्ति साइकिल लेकर घूम रहे थे। पीड़ित ने ताला-चाबी ठीक करवा लो की आवाज सुनकर उन्हें रोक कर अलमारी के लॉकर की चाबी बनाने के लिए घर के अंदर बुला लिया। चाबी बनाते समय सिकलीगर ने नजर बचाकर लॉकर में रखे सोने का मंगलसूत्र, बिछिया, अंगूठी, मांग टीका सहित अन्य गहने चोरी कर लिए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## सार-समाचार

### राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई


पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने मंगलवार को मुख्यालय भवन में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस पर पुलिस अफसरों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई।

**जयपुर** । पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर पुलिस मुख्यालय में आयोजित शपथ ग्रहण कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था राजीव शर्मा, पुलिस महानिदेशक साइबर सुरक्षा डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक गोविंद गुप्ता, हवा सिंह घुमरिया, एस सेंगथिर, अनिल पालीवाल व संजीब नार्झरी सहित पुलिस मुख्यालय में तैनात वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, पुलिस कर्मी व अन्य कर्मचारियों ने भी राष्ट्रीय एकता की शपथ ली।

### ए.एस.आई. ने पकड़वाए बदमाश

**जयपुर** । एएसआई महिपाल गुर्जर ने बहादुरी दिखाते हुए एसएमएस रोड एक युवक से मारपीट कर लूट की वारदात को अंजाम दे रहे दो बदमाशों का पीछा कर उन्हें गिरफ्तार करवाया। हुआ यूं कि एएसआई महिपाल गुर्जर किसी सरकारी काम से एसएमएस रोड से गुजर रहे थे। इस दौरान उन्होंने देखा कि दो बदमाश नशे की हालात में एक युवक से मारपीट कर उससे नकदी व अन्य सामान लूटने का प्रयास कर रहे है। इस दौरान उन्होंने वारदात देखी तो अपनी गाड़ी रोक ली और दोनों बदमाशों से युवक को बचाया। इस दो लूटेरे मौके से भागने लगे। इस पर उन्होंने दोनों का पीछा कर उनको पकड़वाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके बाद दोनों बदमाशों को एसएमएस थाना पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया। पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपी नशे के लिए पैसे खत्म होने पर लूट की वारदात को अंजाम दे रहे थे। घायल युवक ने महिपाल को धन्यवाद देकर उनका आभार जताया।

### युवतियों पर वैश्यावृत्ति का दबाव बनाया

**जयपुर** । मानसरोवर थाना इलाके में दो युवतियों से दुष्कर्म के बाद वैश्यावृति के दबाव का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है। पुलिस ने बताया उत्तराखंड निवासी 28 वर्षीया युवती ने इस्तगासे के जरिए मामला दर्ज करवाया है कि करीब एक साल पहले दक्ष कुमार गौतम उर्फ़ राजू पंडित ने अच्छे पॅकेज की जॉब दिलवाने का झांसा देकर जयपुर बुलाया था। वह अपनी सहेली के साथ आई थी। आरोप है यहां नीलम पथ पर फ़्लैट में दक्ष ने दोनों को बंधक बना लिया और उनके साथ दुष्कर्म किया। अश्लील फोटो वीडियो बना लिए। इसके बाद युवतियों पर वैश्यावृति का दबाव बनाया। जब युवतियों ने मना कर दिया तो वीडियो वायरल करने की धमकी दी गई। आरोप यह भी है कि दक्ष ने दोनों युवतियों से ढाई लाख रूपए भी हड़प लिए।

# चौमूं के चिथवाड़ी में 11 फैक्ट्रियों पर छापा मारकर दूध-मावे के सैंपल लिए

**जयपुर**। राजधानी जयपुर में खाद्य एवं सुरक्षा विभाग की टीम ने दीपावली व शादी समारोह के सीजन को देखते हुए मिलावटियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। इसी कर्म में मंगलवार सुबह सीएमएचओ जयपुर प्रथम डॉ. विजय सिंह फौजदार की खाद्य टीम ने चौमूं के चिथवाड़ी इलाके में ग्यारह फैक्ट्रियों पर छापा मार कर दूध-मावे के सैंपल लिए गए हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ विजय सिंह फौजदार ने बताया कि फूड सेफ्टी कमिश्नर शिव प्रसाद नकाते के निर्देश पर मंगलवार को चौमूं के चिथवाड़ी में छापा मारा। यह वह इलाके है, जहां सबसे ज्यादा दूध उत्पाद जैसे दूध, पनीर का उत्पादन किया जाता है। जयपुर शहर के अलावा आसपास के इलाकों में बड़ी संख्या में यहीं से पनीर सप्लाई होता है। अभी दीपावली व त्योहारी सीजन है। इसे देखते हुए ये कार्रवाई की गई है।

डॉ. फौजदार ने बताया कि चौमूं में मावा बनाने की सबसे बड़ी मंडी है। यहां तीस से ज्यादा फैक्ट्रियां और भट्टियां हैं। त्योहार के सीजन में ये मात्रा और भी बढ़ जाती है। यहां से जयपुर, सीकर समेत कई जयपुर जिले के आसपास के ग्रामीण इलाकों में मावा सप्लाई होता है। चीथवाडी चौमूं क्षेत्र में मावा भट्टियों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए ग्यारह मावे की भट्टियों मैसर्स श्रीपरमानंद मावा पनीर उद्योग, मनोज कुमार मावा, एल आर मावा पनीर, शंकर जाट मावे वाला, शर्मा मावा पनीर, अर्जुन लाल जाट मावे वाला, साधु राम मावे वाला, कविराज मावे वाला एवं मोहन मावे वाला आदि का संघन निरीक्षण कर दूध एवं मावे के 15 नमूने लिये गये।

सभी फर्मो का संघन निरीक्षण करते हुए मिलावटी-अमानक मावा एवं पनीर तैयार नहीं करने एवं साफ-सफाई पूर्व खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के प्रावधानों की अनुपालना सुनिश्चित करने के लिए पाबंद किया। इस कार्रवाई में सीएचएमओ जयपुर प्रथम डॉ. विजय सिंह फौजदार नेतृत्व में गठित चार खाद्य दलों की ओर से एक साथ एक समय पर की गई। इस कार्रवाई से मावा निर्माताओं में हड़कंप मच गया। इस कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी नरेश कुमार चेजारा, रतन सिंह गोदारा, पवन कुमार गुप्ता, नरेन्द्र शर्मा, डॉ महेश, रवि बाडोतिया, सीताराम, पुखराज एवं महावीर शामिल रहे।



खाद्य व सुरक्षा विभाग की टीम ने दीपावली सीजन को देखते हुए मिलावटियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चौमूं के चिथवाड़ी इलाके में छापा मारकर दूध व मावे के सैंपल लिये।

- यह वह इलाके है, जहां सबसे ज्यादा दूध व पनीर का उत्पादन किया जाता है।
- यहां से जयपुर, सीकर समेत कई जयपुर जिले के आसपास के ग्रामीण इलाकों में मावा सप्लाई होता है।

# सेहत से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं, सख्त कार्रवाई हो : शुभ्रा सिंह

**जयपुर**। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने कहा कि खाद्य पदार्थों की शुद्धता एवं गुणवत्ता आमजन के जीवन से जुड़ा महत्वपूर्ण पहलू है। किसी भी व्यक्ति की सेहत से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने निर्देश दिए कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें। शादी एवं त्योहार के सीजन को देखते हुए खाद्य सुरक्षा से जुड़े अधिकारी नियमित रूप से फील्ड विजिट कर निरीक्षण करें और सेम्पलिंग बढ़ाएं। मिलावट पाये जाने पर फूड सेफ्टी एक्ट के तहत प्रभावी कार्रवाई भी करें।

सिंह मंगलवार को स्वास्थ्य भवन में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण से जुड़े राज्य एवं जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने व प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए नमूनों की समय पर जांच हो तथा गड़बड़ी पाये जाने पर पुख्ता कार्रवाई की जाए। एसीएस ने निर्देश दिए कि संभाग स्तरीय अधिकारी संबंधित जिलों में नियमित रूप से दौरे कर मॉनिटरिंग करें। साथ ही जिला स्तरीय अधिकारी भी अपने जिले में फील्ड विजिट आवश्यक रूप से करें। उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप एनफोर्समेंट की कार्रवाई करें। सिंह ने निर्देश दिए कि मिलावट रोकने के लिए इन्टेलीजेंस के आधार पर डिकॉय ऑपरेशन चलाते हुए प्रभावी कार्रवाई की जाए। पूर्व में मिलावटी खाद्य पदार्थों के प्रकरणों में लिप्त रहे मिलावटखोरों की सूची तैयार कर अपराध की पुनरावृति पाए जाने पर एफएसएसएआई एक्ट की धारा 64 के तहत कार्यवाही करते हुए लाइसेंस निरस्त किए जाएं। सभी फूड टेस्टिंग लैब का सुचारू संचालन किया जाए। उन्होंने औषधि नियंत्रण अधिकारियों को निर्देश दिए कि दवाओं की जांच एवं परीक्षण के लिए नियमित रूप से नमूने लें।

## एसीएस ने स्टेट कंट्रोल रूम का औचक निरीक्षण किया

**जयपुर**। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने मंगलवार शाम को स्वास्थ्य भवन स्थित 24 घंटे संचालित स्टेट कंट्रोल रूम का औचक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

सिंह ने कहा कि स्टेट कंट्रोल रूम में आने वाली हर शिकायत का रजिस्टर में इंद्राज हो और समस्या का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित हो। उन्होंने निर्देश दिए कि कंट्रोल रूम में आने वाले सभी कॉल्स का संतोषजनक जवाब देने के साथ ही शिकायतों को संबंधित शाखा में भेजकर उसका यथासंभव समाधान करवाया जाए। साथ ही निरन्तर फोलो-अप भी किया जाए।

## राज्य में 7 नवंबर से एग्जिट पोल पर पूर्ण प्रतिबंध

**जयपुर**, (का.सं.)। भारत निर्वाचन आयोग ने 7 नवंबर को सुबह 7 बजे से लेकर 30 नवंबर की शाम 6.30 बजे तक के लिए एक्जिट पोल पर रोक लगा दी है। इस दौरान राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, मिजोरम, तेलंगाना और नगालैंड के तापी विधानसभा क्षेत्र में एक्जिट पोल का प्रकाशन और प्रसारण प्रतिबंधित रहेगा।

भारत निर्वाचन आयोग से मिले निर्देशों के अनुसार राजस्थान सहित अन्य चुनाव वाले राज्यों में मतदान से 48 घंटे पूर्व ओपिनियन पोल या अन्य पोल सर्वे के प्रसारण पर प्रतिबंध रहेगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि अधिसूचना के अनुसार एग्जिट पोल करना और एग्जिट पोल के परिणामों को समाचार पत्रों में प्रकाशित या इलेक्ट्रोनिक मीडिया के माध्यम से प्रसारित करना अथवा अन्य किसी तरीके से प्रचार-प्रसार करने पर भी पूर्णतया प्रतिबंध रहेगा।

उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रोनिक मीडिया में किसी ओपिनियन पोल या किसी अन्य प्रकार के मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी निर्वाचन मामले का प्रदर्शन 48 घंटों की अवधि जो इन चुनावों के संबंध में मतदान के समापन के लिए नियत घंटों के साथ समाप्त हुई हो, तक के लिए रोक रहेगी।

## राज्य में 31 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र भरे

**जयपुर**। राज्य में विधानसभा आम चुनाव-2023 के लिए मंगलवार को नामांकन के दूसरे दिन राज्य में 29 विधानसभा क्षेत्रों के लिए 31 उम्मीदवारों ने 37 नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि राज्य में दूसरे दिन सादुलशहर, रायसिंहनगर, संगरिया, झुंझुनूं, खेतड़ी, फतेहपुर, सीकर, दांतारामगढ़, कोटपूतली, फुलेरा, अजमेर दक्षिण, झोटवाड़ा, आदर्शनगर, सांगानेर, बगरू, तिजारा, सवाई माधोपुर, टोंक, फलौदी, सूरसागर, जालोर, भीनमाल, नाथद्वारा, आसींद, शाहपुरा, मांडलगढ़, रामगंजमंडी, नदबई और बाली विधानसभा क्षेत्रों में कुल 37 नामांकन पत्र दाखिल किए गए।

## सार-समाचार

### गारंटी देकर जनता से छल कर रही कांग्रेस : अमित गोयल

**जयपुर**। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अमित गोयल ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस गारंटी योजनाओं के नाम से जनता से छल कर रही है। राजस्थान में कांग्रेस सरकार ने अपने शासनकाल के दौरान केन्द्र सरकार की योजनाओं को नाम बदलकर लागू किया है और सरकार की दोहरी नीति के कारण आमजन को इन योजनाओं का समय पर लाभ नहीं मिल पाया है। वहीं अब कांग्रेस नेता चुनावों में गारंटी के नाम पर केन्द्र की योजनाओं को जनता के बीच रख रहे है। हाल ही मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की ओर से दी गई 7 गारंटियों में शामिल गोधन खरीद योजना भी केन्द्र सरकार की योजना का ही हिसा है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अमित गोयल ने कहा कि राज्य के गौपालकों से गोबर खरीद की घोषणा तो केन्द्र ने 2018-19 के बजट में ही कर दी थी और इसके बाद इसे लागू भी कर दिया गया था। राजस्थान में कांग्रेस सरकार ने केन्द्र की आयुष्मान योजना को भी ऐसे ही रोका था और करीब एक साल बाद उसे मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना के नाम से लागू किया था।

### राज्य में निवेशकों ने नहीं दिखाई रूचि : अशोक परनामी

**जयपुर**। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी ने कहा कि राजस्थान की कांग्रेस सरकार के शासन में पिछले 5 सालों में प्रदेश का औद्योगिक विकास ठप हो गया है और यहां पर अधिकारियों तथा मंत्रियों की कमीशनखोरी के कारण बड़े उद्योगपतियों को राजस्थान से मोह भंग हो रहा है। इसका कारण है कि राज्य सरकार ने इन्वेस्ट समिट के नाम पर करोड़ों रूपए फूंकने के बाद भी राजस्थान में निवेश नहीं ला पाई है। वहीं इस समिट के नाम पर उद्योग विभाग के अधिकारियों और मंत्रियों ने जमकर देश-विदेश में पर्यटन का लाभ उठाया है। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी ने कहा कि आंकड़ों के अनुसार राजस्थान सरकार ने इन्वेस्ट राजसुथान समिट के तहत 30 जनवरी तक 4195 एम.ओ.यू, एल.ओ.आई करार किये।

### दीया कुमारी आज करेंगी नामांकन

**जयपुर**। भाजपा प्रत्याशी दिया कुमारी विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र से आज नामांकन दाखिल करने जा रही हैं। इस अवसर पर दीया कुमारी ने जनता से नामांकन रैली में शामिल होकर आशीर्वाद और समर्थन देने का भी आवाह्न किया। नामांकन रैली रिद्धि सिद्धि टावर स्थित प्रधान कार्यालय से चलकर कलेक्ट्रेट पहुंचेगी, जहाँ पर दीया कुमारी, जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष नामांकन प्रस्तुत करेंगी। नामांकन के उपरांत, दिया कुमारी वार्ड 28 में एक जनसभा को भी सम्बोधित करेंगी। मंगलवार को उन्होंने जनसंपर्क की शुरुआत विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के मुरलीपुरा मंडल, वार्ड 11 से की। इसके उपरांत उन्होंने सभी से "मेरी माटी-मेरा देश" अभियान से जुड़ने का आवाह्न किया। उन्होंने कहा कि मेरी माटी-मेरा देश अभियान के अंतर्गत देश के हर घर से एकत्रित की गई मिट्टी से आज कर्तव्य पथ पर अमृत कलश यात्रा का समापन होगा।

### सरकार पर पचास हजार का हर्जाना

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने रिटायर होने के बीस साल बाद वेतन परिलाभ अदा करने पर नाराजगी जताई है। इसके साथ अदालत ने परिलाभ पर नौ फीसदी ब्याज अदा करने को कहा है। वहीं अदालत ने याचिकाकर्ता को अनावश्यक याचिका पेश करने के लिए मजबूर करने पर राज्य सरकार पर पचास हजार रुपए का हर्जाना लगाया है। अदालत ने कहा है कि हर्जाना राशि की वसूली परिलाभ देने में देरी करने वाले अफसर से वसूली जा सकती है। जस्टिस अनूप ढंड की एकलपीठ ने यह आदेश लक्ष्मी देवी की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

### दुष्कर्म करने वाले युवक को उम्रकैद

**जयपुर**, (का.सं.)। जिले की पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत ने 17 साल दस माह की नाबालिग पीड़िता के घर देर रात घुसकर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त अजय सिंह उर्फ ज्वाला सिंह को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने 21 साल की उम्र में यह अपराध करने वाले इस अभियुक्त पर एक लाख 21 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

### झोटवाड़ा से टिकट बदलने की मांग

**जयपुर**, (का.सं.)। झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के टिकट को बदलने को लेकर मंगलवार को सैंकड़ों कार्यकर्ताओं की कनकपुरा स्थित उमराव गार्डन में बैठक हुई। बैठक में विभिन्न मंडलों के पदाधिकारी, पार्षद और पूर्व पार्षदों के साथ ही संगठन से जुड़े कार्यकर्ता शामिल हुए। ओम बागड़ा ने कहा कि राज्यवर्धन सिंह राठौड़ बतौर सांसद पूरी तरफ विफल रहे हैं। राठौड़ बतौर सांसद जनता के बीच कभी नहीं दिखे। साढ़े नौ साल तक जनता उन्हें ढूंढती ही रही है और वो गायब रहे हैं। इन चुनावों में उन्होंने चुनाव लड़ा तो जनता उन्हें गायब कर देगी। पार्टी को राजपाल सिंह को टिकट देने पर विचार करना चाहिए।

### रायसर प्लाजा के चुनाव 23 दिसंबर को

**जयपुर**। रायसर प्लाजा में चुनाव करवाने की घोषणा रायसर प्लाजा के सचिव विपिन अग्रवाल ने की। उन्होंने कहा कि 23 दिसम्बर को रायसर प्लाजा के चुनाव करवाए जाएंगे।

# जयपुर जिले की सात सीटों पर फंसा हुआ है कांग्रेस में पेच

## कई बार चर्चाओं के बावजूद तय नहीं हो रहे उम्मीदवारों के नाम

**जयपुर**, (का.प्र.)। राजस्थान के लिए कांग्रेस ने 56 उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है लेकिन अभी भी कर सूचियों में जयपुर जिले की बहुत सारी सीटों के नाम अटके हुए हैं जहां काफी कशमकश देखी जा रही है।

जयपुर जिले की झोटवाड़ा, चौमूं, शाहपुरा, आमेर, चाकसू सहित शहर की दो सीटों विद्याधर नगर और हवामहल का मामला अभी तक अटका हुआ है।

जहां तक झोटवाड़ा विधानसभा का मामला है, तो यहां लालचंद कटारिया को लेकर कांग्रेस इंतजार कर रही है। हालांकि कटारिया ने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है। ऐसे में अब पार्टी कटारिया की पसंद को तवज्जो देती है या फिर नए उम्मीदवार को सामने लाती है, यह देखना होगा। वैसे मंगलवार को यहां से अंतरराष्ट्रीय पहलवान बजरंग पूनिया का नाम अचानक सामने आया है। हालांकि अभी तक पूनिया कांग्रेस में शामिल नहीं हुए हैं। झोटवाड़ा से उम्मीदवारी तय होने तक आमेर का मामला फंसा हुआ है। यहां पर प्रशांत सहदेव शर्मा का नाम लगभग तय है। हालांकि पूर्व विधायक गंगासहाय शर्मा भी कोशिश कर रहे हैं कि उन्हें मौका मिले। चोमूं का मामला इसलिए अटका हुआ है कि इस बार कांग्रेस यहां पर हर बार की तरह परंपरागत रूप से माली-सैनी समाज को टिकट देने की बजाय यादव या जाट उम्मीदवार में से किसी को मौका दे सकती है। यदि चौमूं से किसी यादव को मौका मिला, तो शाहपुरा से जाट उम्मीदवार मैदान में होगा। वैसे भी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत शाहपुरा से निर्दलीय विधायक आलोक बेनीवाल को उम्मीदवार बनाना चाहते हैं।

जयपुर शहर की हवा महल विधानसभा सीट महेश जोशी के नाम पर अटकी हुई है। मुख्यमंत्री किसी भी स्थिति में उन्हें उम्मीदवार बनाना चाहते हैं, वहीं आलाकमान उन्हें उम्मीदवार नहीं बनना चाहता। ऐसे में यहां का फैसला भी हो नहीं पा रहा है। विद्याधर नगर सीट पर महिला के सामने महिला उम्मीदवार उतारे जाने को लेकर पार्टी तैयार नजर आ रही है और क्योंकि यह सीट वैश्य समुदाय को दी जानी है, ऐसे में दिल्ली में शशि गुप्ता के नाम पर दो बार चर्चा हुई है। हालांकि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा फिर से सीताराम अग्रवाल को ही वैश्य समुदाय के नाम पर टिकट दिलाना चाह रहे हैं, ऐसे में यहां का मामला भी अभी अटका हुआ है। बताया जाता है कि इन सभी सीटों पर चर्चा तो हुई है, लेकिन अंतिम फैसला नहीं हो पाया है। ऐसे में एक-दो दिन बाद इन सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा हो पाएगी।

# 22 दिन में 400 करोड़ की अवैध नकदी व सामग्री जब्त

**जयपुर**, (का.सं.)। उड़न दस्ते, एसएसटी या पुलिस प्राधिकारियों द्वारा जब्त की गई नकद राशि को रिलीज करवाने के लिए जिला स्तरीय अपीलीय समिति के समक्ष आवेदन किया जा सकता है। यह समिति संबंधित अपीलार्थी के वैध दस्तावेज का अवलोकन कर जब्त की गई नकद राशि को रिलीज करने के आदेश जारी कर सकती है। विभिन्न एनफोर्समेंट एजेंसियों द्वारा विधानसभा आम चुनाव-2023 के लिए आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक प्रदेश में 400 करोड़ रुपए मूल्य की जब्ती की गई है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने मंगलवार को बताया कि गत विधानसभा चुनाव के मुकाबले अब तक 565 प्रतिशत अधिक मूल्य की अवैध नकदी, अवैध शराब, बहुमूल्य धातुओं और अन्य सामग्री जब्त की गई है। जब्ती के मामले में जयपुर जिला 65 करोड़ 19 लाख रुपए के साथ पहले स्थान पर है। अलवर जिले में 21 करोड़ 14 लाख रुपए, उदयपुर जिले में 18 करोड़ 52 लाख रुपए, जोधपुर जिले में 18 करोड़ 28 लाख रुपए और बीकानेर जिले में 18 करोड़ 4 लाख रुपए की जब्ती हो चुकी है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आम जनता तथा सही व्यक्तियों को असुविधा से बचाने के लिए स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं।

# जारोली ने कहा था कि बिना राजनैतिक संरक्षण पेपर लीक संभव नहीं : डॉ. निमिषा


**जयपुर**, (का.सं.)। महिला उत्पीड़न, पेपर लीक और प्रदेश में बढ़ती बिजली की दरों को लेकर भाजपा प्रदेश मीडिया सेंटर पर महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. अपूर्वा सिंह, डॉ. निमिषा गौड़ और एकता अग्रवाल ने प्रेसवार्ता को संबोधित किया। इस दौरान तीनों वक्ताओं ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, सोनिया गांधी और प्रियंका वाड्रा से महिला सुरक्षा की गारंटी, पेपर लीक ना होने की गांरटी सहित प्रदेश में मुफ्त बिजली के नाम छलावे को बंद करके बिजली की बढ़ी हुई दरों को कम करने की गारंटी मांगी।

महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. अपूर्वा सिंह ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि मैं खुद एक महिला हूं इसलिए कहते हुए मन उद्वेलित है कि जिस राजस्थान में महिला सम्मान में साके और जौहर हुआ करते थे। जहां महिलाओं के सम्मान के लिए युद्ध लड़े जाते थे उस राजस्थान में आज महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाया जाता है, महिलाओं को बेचा जाता है, और दुधमुंही बच्चियों के साथ दुष्कर्म करके उनकी हत्या कर दी जाती है। देश के चर्चित नैना साहनी तंदूर कांड, भंवरी कांड और भीलवाड़ा का कोटड़ी कांड ये सभी वीभत्स कांड कांग्रेस सरकारों के समय हुए हैं।

डॉ. निमिषा गौड़ ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की आधी आबादी आज असुरक्षित है। कांग्रेस सरकार ने प्रदेश के 70 लाख युवाओं पर पेपर लीक की ऐसी चोट मारी है जिसके दर्द से अभी तक प्रदेश का युवा कराह रहा है। मैं पीसीसी चीफ और तत्कालीन शिक्षा मंत्री से पूंछना चाहती हूं कि रीट उत्सव का दावा करने वाले डोटासरा बताएं कि उन 26.50 लाख रीट अभ्यर्थियों की क्या गलती थी, जब आपने महिला अभ्यर्थियों के गले से मंगलसूत्र, नाक की लोंग, कान की बाली तक उतरवा ली, आस्तीन कटवा दिये और एक मिनट भी कोई परीक्षा सेंटर पहुंचने में लेट हुआ तो परीक्षा से वंचित कर दिया गया।

सरकार ने रीट आवेदकों से दस हजार करोड़ रुपया वसूल लिया उसका जवाब कौन देगा। रीट का पेपर लीक होने के बाद माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के निदेशकर डीपी जारोली ने अपने बयान में सह स्वीकार किया था कि बिना राजनैतिक संरक्षण के शिक्षा संकुल से पेपर लीक होना संभव ही नहीं है। इन सभी बातों का परिणाम है कि आज कांग्रेस के पूर्व मंत्री और नेता चुनाव लड़ने से मना कर रहे हैं।


नम्बर मिलाइए 9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


**आम सूचना** हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण श्री कैलाशचन्द सैन पुत्र स्व. नानगराम सैन एवं श्रीमती सूरज देवी पत्नी कैलाशचन्द सैन निवासीगण AA-7 गुरु कॉलोनी गोनेर रोड, जयपुर का पुत्र अजय कुमार सैन एवं उसकी पत्नी भारती सैन एवं उनके पुत्र समर्थ सैन व निहाल सैन मेरे अभिभाष्यगण के कहने में नही हैएवं विधि विरुद्ध कार्य करते हैइस कारण इनको मेरे अभिभाष्य गण अपनी समस्त स्वअर्जित चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करते है। कोई भी व्यक्ति या संस्था इनसे लेन देन / संव्यवहार करती है वे स्वयं उत्तरदायी होंगे। मेरे अभिभाष्य गण किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नही होंगे। सूचित रहे।
सीताराम हल्दुनियां, एडवोकेट, मो.-9772232511

**नाम परिवर्तन**

मैं रजनी शर्मा पत्नि श्री मनीष कुमार शर्मा, निवासी-बी-283, वैशाली नगर, जयपुर, राज. की निवासी हुँ, मैंने अपना नाम Rajanimol P.P. से बदलकर रजनी शर्मा कर लिया है। भविष्य में मुझे रजनी शर्मा से जाना पहचाना जावें।

मैंने अपना नाम विजय कुमार से बदल कर विरेन्द्र कुमार गुर्जर (Virendra Kumar Gurjar) पुत्र रामलाल रख लिया है। भविष्य में मुझे नये नाम से जाना जाये। निवास-70, गणेश नगर, मोती डूंगरी, जयपुर

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता कि मेरी अभिभाष्या के पिता श्री तेजसिंह खमेसरा पुत्र श्री लहरसिंह खमेसरा के स्वामित्व की सम्पति प्लाट नम्बर सी-115, बजाज नगर, जयपुर उनकी अन्तिम वसीयत दिनांक 15.07.2018 के अनुसार श्रीमति गीता रांका पत्नी सज्जनकुमार रांका, जाति जैन, निवासी uga फ्लेट नम्बर-ए, सागर अपार्टमेंट, 6 तिलक मार्ग, इण्डिया गेट के पास नई दिल्ली मालिक व कब्जाधारिणी है। इस सम्पति को गीता के अलावा अन्य किसी दीगर व्यक्ति को रहन विक्रय अन्तरण का अधिकार नहीं है। इस सम्बन्ध में अधिवक्ता श्री विमलगर्ग द्वारा उनके अभिभाष्य श्री जय भटनागर के बिहाफ पर दैनिक भास्कर में दिनांक 17.10.2023 को प्रकाशित सूचना मिथ्या व भ्रामक है। उक्त सम्पति के बाबत कोई व्यक्ति किसी प्रकार से खरीद बेचान करने की कार्यवाही नहीं करे। सूचित रहें।
भवदीय-योगेन्द्रसिंह राजावत, एडवोकेट मो.: 9829132119

**खोया पाया**

मेरे प्लाट नं.73 शिव विहार, नारदपुरा आमेर के मूल कागजात आमेर रोड पर कहीं गिर गये मिलने पर सूचित करें। विजयपाल 9928488875

मेरे हस्ताक्षरशुदा 3 चेक, HDFC बैंक चेक नं.0000001, एक्सिस बैंक चेक नं. 144551 एवं 068405, हस्ताक्षरशुदा 500/- का स्टाम्प खाली, पेनकार्ड, आधारकार्ड, फोटो, ड्राइविंग लाइसेन्स, बिजली बिल, बैंक स्टेटमेन्ट कहीं खो गए है। रिपोर्ट सम्बन्धित पुलिस थाने में दर्ज है। मिलने पर सूचित करें सुरज्ञान सामोता, लोहरवाडा, खण्डेला, सीकर 9352801275

मै विश्रुत शर्मा पुत्र श्री आनंद शर्मा पता डी-2, 101 कमल अपार्टमेंट अपने निजी काम से 15/3/2023 को बनीपार्क गया था जहां मेरे घर से घीया मार्ग के बीच मेरे फ्लैट के मूल दस्तावेज गिफ्ट डीड, सैल डीड, साइड मैप, खो गए है मिलने पर सूचित करें 9136705551

**आम सूचना** दि. 31.10.2023
मैं उमंग कूलवाल पुत्र श्री ओमप्रकाश कूलवाल, निवासी-18- ए, मेडिकल सेन्टर के पास, कालवाड रोड, झोटवाडा, जयपुर का हूँ। मेरी सम्पत्ति प्लाट नं. 18- ए, मेडिकल सेन्टर के पास, कालवाड रोड, झोटवाडा, जयपुरं जिसका जेडीए द्वारा पट्टा संख्या 2147, दिनांक 01.11.2002 को मेरे नाम से जारी किया गया था, जिसका उपपंजीयक कार्यालय जयपुर तृतीय के यहां दिनांक 08.11.2002 को रजिस्टर्ड हुआ था। मुझसे उक्त पट्टे के साथ संलग्न असल स्टॉम्प पेपर जो कि 1000/- रूपये के 4 किता, 500/- रूपये के एक किता, 50/- रूपये का एक किता एवं 10/- रूपये के 2 किता जिनकी मालियत 4570/- रूपये है मुझसे कही खो गये है जिनकी मेरे द्वारा गुमशुदगी रिपोर्ट सायबर क्राईम पुलिस थाना जयपुर में दिनांक 24.07.2012 को दर्ज करवायी थी जिसका एल.आर. नम्बर 1516887/2022 है। मैं अपनी उक्त सम्पत्ति को भारतीय स्टेट बैंक, एस. एम.ई. साउथ, बाईस गोदाम, जयपुर में बंधक रख वित्तीय सुविधा प्राप्त कर रहा हूँ, इस बाबत किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, बैंक आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति है तो मुझे एवं बैंक में 7 दिवस के भीतर सूचित कर अपनी आपत्ति दर्ज करावे भवदीय,
उमंग कूलवाल, मो. 9509246269

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय**
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id: dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in. Phone No. 0141-2782772
क्रमांक-DHC-II/2166 दिनांक-31.10.2023

**जाहिर आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैकि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 33/21, मानसरोवर, जयपुर, क्षैत्रफल 121.00 वर्ग मीटर/ वर्ग गज का आवंटन श्री सुरेश कुमार अरोडा पुत्र श्री तिलकराज को किया गया था।जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 1516 दिनांक 30.04.1993 को जारी किया गया था। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 24.01.1994 को प्राप्त कर लिया गया था। इसके पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 515 दिनांक 05.06.2018 के द्वारा श्री जयेन्द्र चन्द्र शर्मा पुत्र श्री हजारी लाल शर्मा के नाम नियमितिकरण अदेय प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। इसके पश्चात श्री जयेन्द्र चन्द्र शर्मा की मृत्यु दिनांक 14.02.2022 को हो जाने के कारण इनके पुत्र श्री अविरल शर्मा पुत्र श्री अविरल शर्मा पुत्र स्व. श्री जयेन्द्र शर्मा ने मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/ आवेदक श्री अविरल शर्मा पुत्र स्व.श्री जयेन्द्र शर्माके पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवसन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त द्वितीय, जयपुर

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय**
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id: dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in. Phone No. 0141-2782772
क्रमांक-DHC-II/1414 दिनांक-26.7.2023

**जाहिर आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैकि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 73/278, मानसरोवर, जयपुर, क्षैत्रफल 90.00 वर्ग मीटर/वर्ग गज का आवंटन श्री प्रबोध कुमार पुत्र श्री मदन मोहन को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 1287 दिनांक 30.6.1995 एवं संशोधित आवंटन पत्र क्रमांक 5398 दिनांक 12.3.1996 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास भौतिक कब्जा दिनांक 19.04.1996 को प्राप्त कर लिया गया था।इसके पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 1565 दिनांक 21.03.2001 के द्वारा श्रीमती मंजुला गोस्वामी पत्नी श्री पार्थ गोस्वामी के नाम नियमितिकरण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 25.9.2001 को करवाया गया। तत्पश्चात श्रीमती मंजुला गोस्वामी के द्वारा श्री राजीव शर्मा पुत्र श्री गोविन्द प्रसाद शर्मा को मुख्त्यारनामा आम धारक नियुक्त कर दिया गया। मुख्त्यारनाता आम धारक श्री राजीव शर्मा पुत्र श्री गोविन्द प्रसाद शर्मा के द्वारा उक्त आवास का बेचान जरिये विक्रय पत्र के श्री गोविन्द प्रसाद शर्मा पुत्र पं. श्री किशन लाल शर्मा को कर दिया गया। इनके द्वारा उक्त आवास के विक्रय प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 06.04.2005 को करवाया गया। इसके पश्चात श्री गोविन्द प्रसाद शर्मा की मृत्यु दिनांक 11.9.2018 को हो जाने के कारण इनके पुत्रान श्री राजीव शर्मा एवं श्री संजय शर्मा पुत्रान स्व.श्री गोविन्द प्रसाद शर्मा ने मृत्यु पश्चात नाम एवं लीजडीड हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र एवं पंजीकृत हकत्याग प्रपत्र कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/ आवेदक श्री राजीव शर्मा एवं श्री संजय शर्मा पुत्रांन स्व. श्री गोविन्द प्रसाद शर्मा के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त द्वितीय, जयपुर

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031
फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

**वित्तीय अस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुननिर्माण एवं ब्याज प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के सैक्शन 13 (2) के तहत नोटिस**

निम्न ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं ने नीचे वर्णित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड का सिक्योर्ड ऋण (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) से लिया था। निम्नलिखित ऋणग्रहितओं एवं सहऋणग्रहिताओं के ऋण उनकी अपनी-अपनी सम्पत्तियों के गिरवी रखने से सुरक्षित है। क्योंकि उन्होंने अपने-अपने ऋण एग्रीमेन्टस के नियम व शर्तों की पालना नहीं की है और अनियिमित हो गये है, उनके ऋणों को आरबीआई की गाइडलाइन्स के अनुसार एनपीए वर्गीकृत कर दिया गया है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशियाँ उनके पृथक नोटिस में लिखी गयी है तथा और विशेष रूप से निम्न सूचि में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे का ब्याज भी लागू होगा तथा वह उनकी अलग-अलग तिथियों से समझौते की प्रभावी दर से वसूला जायेगा।

| क्रम संख्या | ऋण खाता संख्या | ऋण का प्रकार | ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं के नाम | सैक्शन 13(2) के नोटिस की तिथि | सैक्शन 13(2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि | सम्पत्ति का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 13483279 | सम्पत्ति पर ऋण | 1. श्री राम अवतार फ्रूट कम्पनी इण्डिया प्रा.लि. 2. देवेन्द्र राणा 3. राजवती सिंह रामफूल 4. राम अवतार सिंह | 07.10.2023 | 1,54,15,679.19/- | प्लाट/दुकान नं.125, क्षेत्रफल 222.97 वर्ग मीटर, ब्लाक-बी, टर्मिनल गेट, मुहाना, जयपुर, राजस्थान-302029 का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमायें है- पूर्व-दुकान नं.बी-120, पश्चिम-दुकान नं. बी-130, उत्तर-रोड 80' चौडी, दक्षिण-रोड 90' चौडी |
| 2 | 16048026 | गृह ऋण | 1. तुला राम कुशवाहा 2. मधु कुशवाहा | 14.10.2023 | 8,39,070.53/- | प्लाट नं. 1051, क्षेत्रफल 161.28 वर्ग मीटर, गोकुल एनक्लेव-।।।, ग्राम छत्रपुरा, कलवाड रोड, सेज के बाद, तहसील सांगानेर, अजमेर रोड, जयपुर, राजस्थान-302029 का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमाये है-पूर्व-अन्य भूमि, पश्चिम-रोड 30 फिट, उत्तर-प्लाट नं.1050, दक्षिण-रोड 40' फिट |
| 3 | 112415369 एवं 112428568 | गृह ऋण | 1. उदय गोयल 2. रीता गोयल | 17.10.2023 | 19,69,100.34/- | प्लाट नं. एच-126-ए (प्लाट नं. एच-176 के पूर्वी भाग का बीच का हिस्सा) क्षेत्रफल 56.57 वर्ग गज, मंगलम सिटी विस्तार, ब्लाक-एच, ग्राम-हाथोज, कलवाड रोड, जयपुर, राजस्थान-302012 का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमायें है- पूर्व-रोड 30 फिट चौडी, पश्चिम-प्लाट नं.एच-126 का हिस्सा, उत्तर-प्लाट नं. एच-126 का हिस्सा, दक्षिण-प्लाट नं. एच-126 का हिस्सा |

आपको एतद्द्वारा, इस प्रकाशन के 60 दिन के अन्दर, ऊपर सूचि में दर्शायी राशियों को उनकी प्रथम तिथि से, उस पर लगे आगे के समझौते में ब्याज दर तथा अन्य खर्चों, चार्ज आदि सहित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लि. (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को भुगतान करने को कहा जा रहा है, यदि ऐसा नहीं हुआ, तो अधोहस्ताक्षरकर्ता को, एसएआरएफएइएसआई एक्ट के सैक्शन 13(4) तथा सैक्शन 14 के तहत, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशि वसूल करने के लिये, गिरवी रखी सम्पत्तियों के खिलाफ कार्यवाही शुरू करने के लिये बाध्य होना पडेगा/इसके अलावा उक्त एक्ट के सैक्शन 13 (13) के तहत आप उक्त सम्पत्तियों को बिक्री/लीज अथवा किसी अन्य प्रकार से ट्रांसफर नहीं करने के लिये प्रतिबंधित है।

ह./-
प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
दिनांक- 01.11.2023
स्थान- राजस्थान
(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)



अगर 280 रन के स्कोर तक भी पहुंचते तो यह हमारे लिए अच्छा होता। हमारे गेंदबाजों ने पहले ओवरों में अच्छी गेंदबाजी की लेकिन इसके बाद तो बहुत मुश्किल हो गया हमारे स्पिनरों के लिए कि वह विकेट नहीं ले पाएं। -कुसल मेंडिस

श्रीलंका के कप्तान, अफगानिस्तान के हाथों 7 विकेट से मिली हार पर बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**



## श्रीयंका सदांगी

**भारतीय** निशानेबाज श्रीयंका सदांगी ने मंगलवार एशियन निशानेबाजी चैंपियनशिप 2023 में महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन स्पर्धा में चौथे स्थान पर रहीं। इसके साथ ही उन्होंने भारत के लिए पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा हासिल किया। यह निशानेबाजी में भारत का 13वां और महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन स्पर्धा में दूसरा पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा है। पेरिस ओलंपिक के लिए एक देश प्रत्येक निशानेबाजी स्पर्धा में अधिकतम दो कोटा जीत सकता है। श्रीयंका सदांगी फाइनल में 440.5 के स्कोर के साथ चौथे स्थान पर रहीं।

**क्या आप जानते हैं ?...** ऑस्ट्रेलिया के खब्बू स्पिनर फ्लीड वुड स्मिथ ने इंग्लैंड के विरुद्ध 1938 में 87 ओवर में 298 रन पर एक विकेट लिया था। ये आज तक एक टेस्ट पारी में किसी भी गेंदबाज द्वारा दिए गए सबसे ज्यादा रन हैं।

## बाबर आजम का लीक व्हाट्सऐप चैट नकली और मनगढ़त : पीसीबी

लाहौर 31 अक्टूबर। पाकिस्तान क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने सोमवार को देश के एक टीवी चैनल पर दिखाये गये क्रिकेट टीम के कप्तान बाबर आजम और पीसीबी के सीओओ सलमान नासिर की बातचीत वाले व्हाट्सऐप चैट को नकली और मनगढ़ंत करार दिया है। पीसीबी ने आज इस मामले में आधिकारिक बयान जारी कर कहा कि पाकिस्तान के एक टीवी चैनल और कुछ पत्रकारों द्वारा किए जा रहे दावे गलत है। बाबर आज़म का लीक व्हाट्सऐप चैट नकली और मनगढ़ंत है।

## सुहास एल वाई का लखनऊ में गर्मजोशी से इस्तकबाल

लखनऊ 30 अक्टूबर। चीन के हांगझाऊ में खेले गये एशियाई पैरा गेम्स-2023 में भारत को बैडमिंटन में स्वर्ण पदक दिलाने वाले आईएएस सुहास एल वाई का सोमवार को यहां पहुंचने में गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। खेल एवं युवा कल्याण विभाग में सचिव सुहास एल वाई आज दोपहर करीब सवा दो बजे लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा पहुंचें, जहां उनकी आईएएस पत्नी रीतू सुहास एलवाई एवं क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अजय कुमार सेठी ने बुके प्रदान कर स्वागत किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में खिलाड़ी और प्रशंसक मौजूद थे। पीआरडी बैण्ड एवं भॉगड़ा की राष्ट्रीय धुन पर दर्जनों खिलाड़ियों ने गोल्ड मेडल लाने का जश्न मनाया। बाद में पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलने पहुंचे जहां योगी ने उनको स्वर्ण पदक जीतने की बधाई दी और उज्जवल खेल भविष्य की शुभकामनायें प्रेषित की।

## पाक एशियाई ताइक्वांडो ओपन चैम्पियनशिप की करेगा मेजबानी

इस्लामाबाद, 31 अक्टूबर। पाकिस्तान अगले महीने सीनियर पूमसे और क्योरुगी के लिए पांचवीं एशियाई ताइक्वांडो ओपन चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। पाकिस्तान ताइक्वांडो फेडरेशन के अध्यक्ष वसीम जंजुआ ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी देते हुए बताया कि 27 देशों और क्षेत्रों के 500 से अधिक एथलीट इस्लामाबाद के पाकिस्तान स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में एक से पांच नवंबर तक होने वाले चैम्पियनशिप भाग लेंगे। जंजुआ ने कहा, दुनिया भर के शीर्ष ताइक्वांडो खिलाड़ी मेगा स्पर्धा में क्योरुगी और पूमसे की वरिष्ठ वर्ग की प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता, हमारे खिलाड़ियों के पेशेवर विकास में फायदेमंद होगी और वे अपने अंतरराष्ट्रीय समकालीनों के साथ प्रतिस्पर्धा में बहुत कुछ सीखेंगे और अनुभव प्राप्त करेंगे।

# पाक ने बांग्लादेश को 7 विकेट से हराया 'बांग्लादेश बाहर'

## फखर-शफीक की शतकीय साझेदारी



कोलकाता, 31 अक्टूबर। पाकिस्तान ने वर्ल्ड कप 2023 में लगातार 4 हार के बाद जीत हासिल की है। टीम ने बांग्लादेश को 7 विकेट से हराया। पाकिस्तानी बल्लेबाजों ने 205 रन का टारगेट 32.3 ओवर में 3 विकेट खोकर चेज कर लिया। ओपनर फखर जमान ने 81 और अब्दुल्लाह शफीक ने 68 रन की पारियां खेलीं। दोनों के बीच शतकीय साझेदारी हुई। कोलकाता के ऐतिहासिक ईडन गार्डन्स में बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी। टीम 45.1 ओवर में 204 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। शाहीन शाह अफरीदी और हारिस रऊफ ने 3-3 विकेट लिए।

इस जीत से पाकिस्तानी टीम 7 मैचों में से 3 जीत और 4 हार के बाद 6 अंकों के साथ सेमीफाइनल की रेस में बरकरार है। टीम को 2 मुकाबले और खेलने हैं। जिन्हें जीतने की स्थिति में टीम 10 पॉइंट्स के साथ चौथे नंबर पर फिनिश कर सेमीफाइनल खेल सकती है। दूसरी ओर बांग्लादेश छठी हार के बाद निचले पायदान पर है। बचे मैच जीतने की स्थिति में बांग्लादेश के 6 अंक हो सकते हैं, जबकि टेबल में 4 टीमें 8 अंक तक पहुंच चुकी हैं। ऐसे में बांग्लादेश बाहर हो गई हैं।

पावरप्ले में शानदार शुरुआत के बाद पाकिस्तानी ओपनर्स ने पॉजिटिव अप्रोच के साथ बल्लेबाजी की। दोनों ने 127 बॉल पर 128 रन जोड़े। इस साझेदारी को मेहदी हसन मिराज ने तोड़ा। उन्होंने प्रभावी गेंदबाजी की और अब्दुल्लाह शफीक, बाबर आजम के बाद फखर जमान को पवेलियन लौटाया, लेकिन उनकी गेंदबाजी बांग्लादेश को बाहर होने से नहीं रोक सकी। टॉप-3 बैटर्स के आउट होने के बाद विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान और इफ्तिखार अहमद ने टीम को जीत दिला दी। बीच के 22.3 ओवर में पाकिस्तानी टीम ने 153 रन बनाने में 3 विकेट गंवा दिए। पाकिस्तान ने पावरप्ले में मजबूत शुरुआत की। टीम ने लाइनअप में बदलाव किया और इमाम उल हक की जगह फखर जमान को ओपनिंग का मौका दिया गया। ओपनर्स ने छोटे टारगेट को देखते हुए धीमी शुरुआत की। पहला ओवर 6 रन का रहा। इसमें बांग्लादेश ने रनआउट चांस मिस किया। फिर पाकिस्तान ने लगातार 2 ओवर मेडन निकले। चौथे ओवर में शोरिफुल इस्लाम ने 10 रन का ओवर दिया। टीम ने यहां से गति पकडी और लगातार कम से कम 5 रन के ओवर निकाले। पाकिस्तानी ओपनर्स ने हर ओवर में बाउंड्री स्कोर की और अटैकिंग अप्रोच रखी।

## विश्व कप में न्यूजीलैंड का पलड़ा दक्षिण अफ्रीका पर रहा भारी

पुणे, 31 अक्टूबर। आंकड़ों के हिसाब से आईसीसी क्रिकेट विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका पर न्यूजीलैंड का पलड़ा भारी रहा है। एकदिवसीय विश्व कप मुकाबलों में दोनों टीमों के बीच आठ मैच खेले गए हैं। जिनमें से छह मुकाबलों में न्यूजीलैंड ने जीते है है और दो मैच दक्षिण अफ्रीका को जीत मिली।

आईसीसी एकदिवसीय क्रिकेट विश्व कप 2023 के 32वां मुकाबला दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम और न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के बीच एक नवंबर को खेला जाएगा। मौजूदा विश्वकप में न्यूजीलैंड चार मुकाबले जीते हैं और अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है। दक्षिण अफ्रीका को पांच मैच में जीत मिली है और वह दूसरे स्थान पर है।

न्यूजीलैंड की टीम अपने पिछले दो मुकाबले भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार चुकी है। ऐसे में सेमीफाइनल में उन्हें जगह बनाने के लिए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबला जीतना होगा। टीम की गेंदबाजी इन दोनों मैच में अच्छी नहीं रही थी। कल का मुकाबला जितने के लिए तेज गेंदबाज मैट हेनरी और ट्रेंट बोल्ट को बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

दक्षिण अफ्रीका इस विश्व कप में अच्छी फार्म में चल रही है। उनके बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक, एडेन मार्करम और हेनरिक क्लासेन शानदार बल्लेबाजी कर रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार देखा जाये तो विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका का पलड़ा न्यूजीलैंड पर भारी रहा है। आंकड़ों के अनुसार न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच 71 एकदिवसीय मुकाबले खेले गए हैं। जिसमें से न्यूजीलैंड ने 25 मुकाबलों में जीते है। वहीं दक्षिण अफ्रीका ने 41 मैच अपने नाम किए हैं। पांच मैच में कोई नतीजा नहीं निकल पाया है।

## श्रीयंका सदांगी ने भारत के लिए 2024 पेरिस ओलंपिक कोटा किया हासिल

चांगवोन 31 अक्टूबर। भारतीय निशानेबाज श्रीयंका सदांगी ने मंगलवार एशियन निशानेबाजी चैंपियनशिप 2023 में महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन स्पर्धा में चौथे स्थान पर रहीं। इसके साथ ही उन्होंने भारत के लिए पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा हासिल किया। यह निशानेबाजी में भारत का 13वां और महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन स्पर्धा में दूसरा पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा है। पेरिस ओलंपिक के लिए एक देश प्रत्येक निशानेबाजी स्पर्धा में अधिकतम दो कोटा जीत सकता है। श्रीयंका सदांगी फाइनल में 440.5 के स्कोर के साथ चौथे स्थान पर रहीं। दक्षिण कोरिया की यूनसेओ ली (468.5) ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि चीनी निशानेबाज जियायु हान (463.3) और सियू ज़िया (453.3) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक अपने नाम किया। यूनसेओ ली ने महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन में दो की अधिकतम कोटा सीमा तक पहुंचने के बाद पहले ही दक्षिण कोरिया और चीन के लिए कोटा स्थान जीत लिया था।

## अनीश भानवाला को कांस्य पदक के साथ मिला ओलंपिक का कोटा

चांगवोन, 30 अक्टूबर। भारतीय निशानेबाज अनीश भानवाला ने सोमवार को एशियन निशानेबाजी चैंपियनशिप 2023 में पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर पेरिस ओलंपिक 2024 का कोटा हासिल कर लिया। दक्षिण कोरिया के चांगवोन में चली रही स्पर्धा में राष्ट्रमंडल खेल 2018 के चैंपियन अनीश भानवाला ने आज फाइनल में जापान के दाई योशियोका से शूट-ऑफ हारने से पहले 28/35 का स्कोर किया। दाई योशियोका ने 33/40 के स्कोर के साथ रजत पदक जीता। दक्षिण कोरिया के ली गुनह्योक ने 34/40 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। क्वालिफिकेशन राउंड में अनीश भानवाला 588 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहे और फाइनल के लिए जगह बनाई। भावेश शेखावत ने केवल रैंकिंग अंक (आरपीओ) के लिए प्रतिस्पर्धा करते हुए 584 अंक हासिल करते हुए छठा स्थान हासिल किया। विजयवीर सिद्धू 581 के साथ 10वें स्थान पर रहे।

## राष्ट्रीय खेलों में दौड़ की कई स्पर्धाओं में रिकॉर्ड टूटे

पणजी 31 अक्टूबर। 29 अक्टूबर से शुरु हुए राष्ट्रीय खेलों में दौड़ की विभिन्न स्पर्धाओं में कई रिकार्ड टूटे। सोमवार सुबह के सत्र में उत्तर प्रदेश की अंतरराष्ट्रीय धाविका प्रियंका गोस्वामी ने पैदल चाल स्पर्धा में 1:36:35 के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता, जो पिछले साल गुजरात में मुनिता प्रजापति के नाम बनाए गए 1:38.20 के पिछले राष्ट्रीय खेलों के रिकॉर्ड से बेहतर था। मुनिता इस बार तीसरे स्थान पर रहीं।

## न्यूजीलैंड को 6-2 से हराकर भारत जोहोर कप के सेमीफाइनल में

जोहोर बाहरू (मलेशिया), 30 अक्टूबर। अमनदीप लाकड़ा (2, 7, 35) की हैट्रिक और अरुण साहनी (12, 53) के दोहरे प्रहार की मदद से भारतीय जूनियर हॉकी टीम ने सोमवार को न्यूजीलैंड को 6-2 को हरा कर 11वें सुल्तान जोहोर कप 2023 के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भारत के लिए अमनदीप लाकड़ा और अरुण साहनी के अलावा पूवन्ना चंदूरा बॉबी (52) ने स्कोरशीट पर जगह बनाई, जबकि न्यूजीलैंड के लिये ल्यूक एल्ड्रेड (29, 60) ने दो गोल किए। पिछले मुकाबले में मेजबान मलेशिया को 3-1 से हराने के बाद उत्साह से लबरेल भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ सकारात्मक शुरुआत की और मैच के दूसरे मिनट में अमनदीप लाकड़ा ने न्यूजीलैंड के गोलकीपर ल्यूक एल्म्स के पास से जोरदार फ्लिक किया और 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद भी न्यूजीलैंड पर दबाव बढ़ता गया और भारत ने 7वें मिनट में एक और पेनाल्टी कार्नर को गोल में तब्दील कर दिया। खेल के 12 वें मिनट में बाएं विंग से अरुण साहनी ने कीवी गोलकीपर को छकाते हुये गेंद को गोल में डाल दिया। दूसरे क्वार्टर में न्यूजीलैंड आखिरकार पहला गोल करने में सफल रहा जब ल्यूक एल्ड्रेड ने 29वें मिनट में एक बेहतरीन पीसी को गोल में बदला।



# 50 लाख का अफीम का दूध बरामद, दो बाइक सहित आरोपी गिरफ्तार

**दूसरा आरोपी खेत में खड़ी फसलों में से भागने में सफल रहा**

- आरोपी के कुएं पर दबिश दी, खेत की माठ पर घास में रखा माल बरामद

**रानीवाड़ा,** (निसं)। रानीवाड़ा के पास गुजरात सरहदी गांव गांग में से जालोर और सांचौर जिला पुलिस की सयुंक्त कार्यवाही में करीब 10 किलो अफीम का दूध बरामद कर एक आरोपी का गिरफ्तार करने में कामयाबी मिली है। वहीं दूसरा आरोपी खेत में खड़ी फसलों में से भागने में सफल रहा। तस्करी में इस्तेमाल की गई दो मोटरसाइकलों को भी पुलिस ने जब्त किया है।

थानाधिकारी मोहनलाल गर्ग के अनुसार गांग गांव के चौधरी कृषि फार्म पर पुलिस की टीम ने दबिश देकर 10 किलो अफीम का दूध बरामद किया। जिसकी बाजार में कीमत 50 लाख रूपए है। मुखबिर सूचना पर की गई कार्यवाही के बाद आरोपी के कुएं पर दबिश दी गई। खेत की माठ पर घास में रखा माल बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी की पहिचान 31 साल के सुरेश बाबूलाल निवासी गांग और फरार होने की शंकरलाल गोदाराम के रूप में हुई। यह कार्यवाही जालोर एसपी मोनिका सेन और सांचौर एसपी सागर राणा को मिली मुखबिरी सूचना पर भीनमाल सीओ हिम्मत चारण और रानीवाड़ा सीओ पुष्पेन्द्र वर्मा के सुपरवीजन में की गई है। पुलिस को पूछताछ में आरोपियों का इस अवैध धंधों में लंबे समय से लिप्त होना पाया गया। आज बरामद हुए मादक पदार्थ को कहां से खरीदा गया और कहां बेचने की तैयारी हो रही थी। मौके पर मादक पदार्थ में मिलावट करते पाये जाने की जनकारी भी मिली है। एनडीपीएस एक्ट में मौके पर ही तमाम कार्यवाही करने पर 9 किलो 999 ग्राम यानि करीबन 10 किलो माल बरामद कर सील चस्पा किया गया।

## अफीम का दूध सहित लाखों की नकदी बरामद

**एक आरोपी गिरफ्तार**

- नौ लाख 21 हजार की नकदी बरामद की, कार को भी जब्त किया

**बालोतरा,** (निसं)। जिला बालोतरा डीएसटी एवं बायतु पुलिस की संयुक्त टीम ने मंगलवार को भारी मात्रा में 3 किलो 950 ग्राम अफीम का दूध, 2 किलो 900 ग्राम निर्मित अफीम बरामद की। अवैध अफीम के साथ कुल 9 लाख 21 हजार की नकदी भी बरामद की है। कार को भी जब्त की है।

बालोतरा पुलिस अधीक्षक हरी शंकर ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव 2023 के मध्यनजर सम्पूर्ण जिला बालोतरा में अवैध मादक पदार्थो की तस्करी पर अंकुश लगाने एवं तस्करों की धरपकड़ अभियान के तहत बायतु पुलिस थाना हल्का क्षेत्र के जोगासर ग्राम में रहवासीय ढाणी पर दबिश देकर 3 किलो 950 ग्राम अफीम का दूध, 2 किलो 900 ग्राम निर्मित अफीम बरामद कर नकदी एवं हुंडई कार को जब्त किया।

जानकारी के अनुसार मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई है कि देराजराम पुत्र जोगाराम जाट निवासी जसनाथपुरा जोगासर पुलिस थाना बायतु जिला बालोतरा जो अवैध मादक पदार्थ की तस्करी का धन्धा करता है। सरहद जोगासर में स्थित देराजराम के रहवासीय ढाणी में अवैध अफीम को छुपाकर रखा है। उक्त अफीम को देराजराम आज के रोज आगे तस्करों को सप्लाई करने की फिराक में है। अगर तुरन्त दबिश दी जावे तो देराजराम के घर से भारी मात्रा में अफीम का दूध बरामद हो सकता है।

सूचना पर राजेशकुमार उनि थानाधिकारी पुलिस थाना बायतु मय पुलिस थाना बायतु जाब्ता मय डीएसटी टीम द्वारा माफिक सूचना देराजराम के रहवासीय ढाणी पर दबिश देकर सघन तलाशी ली गई तो रहवासीय ढाणी में बने एक झोपड़े में तलाशी के दौरान घरेलू सामान के पीछे एक कपडे का थैला मिला जिसमें प्लास्टिक की थैलीयों में अफीम का दूध मिला तथा रहवासीय ढाणी में बने एक होल में अलमारी तलाशी लेने पर एक अटेची में भारी मात्रा में रूपये मिले जिनको नियमानुसार बरामद कर कब्जा पुलिस लिया गया तथा रहवासीय ढाणी के बाहर खडी एक हुंडई कार को उपरोक्त अवैध अफीम के परिवहन में प्रयुक्त होने से जब्त कर पुलिस कब्जा में ली गई। आरोपी देराजराम पुत्र जोगाराम को गिरफ्तार कर उक्त अवैध अफीम कहां से लाने एवं आगे किनको सप्लाई करने बाबत गहनता पूर्वक पूछताछ की जा रही है।

## नौ लाख की अफीम जब्त, अन्तर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार



सीआईडी क्राइम ब्रांच टीम ने पुलिस के सहयोग से तस्कर को गिरफ्तार किया।

**जयपुर,** (कासं)। पुलिस मुख्यालय सीआईडी क्राइम ब्रांच टीम ने चित्तौड़गढ़ जिले की डूंगला थाना पुलिस के सहयोग से मंगलवार को बाइक सवार एक अन्तर्राज्यीय तस्कर को गिरफ्तार कर उच्च क्वालिटी की एक किलो 750 ग्राम अवैध अफीम जब्त की है। जब्त अफीम की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 9 लाख रुपए है।

एडीजी पुलिस अपराध दिनेश एम एन ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव के मध्य नजर पुलिस मुख्यालय क्राइम ब्रांच की टीमों को अलग-अलग शहरों में भिजवा कर आसूचनाऐं एकत्रित की जा रही है। इसी क्रम में चित्तौड़गढ़ गई टीम के प्रभारी एएसआई बनवारी लाल को प्राप्त आसूचना आईजी प्रफुल्ल कुमार के पर्यवेक्षण एवं एडिशनल एसपी विद्याप्रकाश के सुपरविजन में डवलप की गई। एडीजी एमएन ने बताया कि डूंगला थाना क्षेत्र में क्राइम ब्रांच की टीम ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से बाइक सवार तस्कर मांगीलाल मेघवाल पुत्र अर्जुन लाल निवासी डूंगला को पकड़ 1 किलो 750 ग्राम अवैध अफीम जब्त की। इसका एक साथी नरेश कुमार मेघवाल निवासी डूंगला अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। अफीम और बाइक जब्त कर आरोपी को एनडीपीएस एक्ट में थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। फरार अभियुक्त नरेश और इनसे जुड़े अन्य अभियुक्तों को पकड़ने की प्रयास जारी है।

# आर.पी.एस.सी. सदस्य कटारा को एस.ओ.जी. अजमेर लाई

**पेपरलीक के आरोपी ड्राइवर और भांजा भी साथ थे, तीन स्थानों की कराई तस्दीक**

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा 2022 पेपर लीक मामले में गिरफ्तार आरपीएससी सदस्य बाबूलाल कटारा सहित भांजे व ड्राइवर को एसओजी की टीम मंगलवार को अजमेर लेकर आई।

टीम ने तस्दीक के लिए आरोपियों को अजमेर में तीन जगहों पर विजिट कराई। इसके बाद तीनों आरोपियों को टीम डूंगरपुर और बांसवाड़ा के लिए रवाना हो गई। मालूम हो कि गिरफ्तार आरपीएससी सदस्य बाबूलाल एसओजी के रिमांड पर चल रहा है, जिससे मामले में गहनता से पूछताछ की जा रही है।

आरपीएससी पेपर लीक मामले में गिरफ्तार आरपीएससी सदस्य बाबूलाल कटारा, उसके भांजे और ड्राइवर को एसओजी की टीम मंगलवार सुबह अजमेर लेकर पहुंची, टीम ने अजमेर में तीनों आरोपियों को तीन जगहों की विजिट करवाई है। एसओजी ने आरपीएससी में बाबूलाल कटरा के ऑफिस में सर्च करने के लिए पत्र दिया है। पत्र में आरपीएससी अधिकारियों को कटारा के रूम को इन्वेस्टिगेशन के लिए कभी भी चेक करने की बात बताई गई है, इसके बाद एसओजी की टीम डूंगरपुर और बांसवाड़ा के लिए रवाना हो गई।

## पांच लाख रुपए की राशि जब्त

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी,** (निसं)। पुलिस थाने के सामने से गुजर रहे वाहनों की तलाशी के दौरान पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक वाहन से 5 लाख रुपए जब्त किए हैं। उल्लेखनीय है कि आम विधानसभा चुनाव 2023 आदर्श आचार संहिता की पालना में समस्त विधानसभा क्षेत्र में 9 फ्लाइंग स्काउड दल (उड़नदस्ता) एवं 9 स्थैथिक दल (एसएसटी) 24 घंटे निगरानी कर रही है। इसी क्रम में मंगलवार को वाहन मालिक द्वारा राशि के बारे में सही जानकारी व साक्ष्य नहीं दिए जाने पर 5 लाख रुपए जब्त किए गए हैं।

## नाकाबन्दी के दौरान तीन लाख की नकदी जब्त

- वाहन चैकिंग के दौरान गुजरात रोडवेज की बस में कार्रवाई की

**रेवदर,** (निसं)। विधानसभा आम चुनाव 2023 के तहत विधानसभा क्षेत्र रेवदर 148 में नियुक्त एफएसटी प्रभारी भगवान देव ईनाणी द्वारा नाकाबन्दी ड्यूटी के दौरान हरिसिंह राजपुरोहित एसएचओ मण्डार द्वारा जानकारी दी गई कि वाहन चैकिंग के दौरान गुजरात रोडवेज बस में रूस्तम खान पुत्र अनवर खान निवासी रानीवाडा जालौर के बैग में तीन लाख रूपये की नकद राशि जब्त की गई है।

जिससे उक्त राशि के बारे में जानकारी प्राप्त करने पर कोई संतोषप्रद जवाब या दस्तावेज नहीं देने से मौके पर जाकर एफएसटी टीम के द्वारा उक्त राशि को जब्त कर लिया गया और नकद जब्त राशि को नियमानुसार कोष कार्यालय सिरोही को भिजवा दिया गया। नाकाबन्दी के दौरान एफएसटी टीम के साथ सहायक उप निरीक्षक शैतान सिंह मय पुलिस जाब्ता टीम मौजूद रहे।

# बाइक सवार दो लोगों को डंपर ने चपेट में लिया, एक की मौत

**साथी गंभीर घायल, दोनों जागरण से वापस लौट रहे थे**

**जोधपुर,** (कासं)। शहर में आधी रात के बाद चल रहे अवैध बजरी के डंपर जानलेवा साबित हो रहे हैं। पुलिस की कार्रवाई के बावजूद अवैध बजरी डंपर के निकलने का सिलसिला नहीं थम रहा है। निकटवर्ती लूणी तहसील के शिकारपुरा से कुछ आगे रात ढाई से तीन बजे के बीच में बाइक सवार दो लोगों को एक डंपर के चालक ने चपेट में ले लिया।

हादसे में एक वृद्ध की तत्काल मौत हो गई, उसके साथ वाला गंभीर रूप से घायल है। उसके बयान अभी नहीं हो पाए है। इधर घटना के बाद मृतक के परिवार के लोग पाली के रोहिट से जोधपुर लूणी थाने पर पहुंचे। पुलिस ने मृतक के पुत्र की रिपोर्ट पर अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

लूणी थानाधिकारी राजेंद्र चौधरी ने बताया कि पाली जिले रोहिट थानान्तर्गत खांडी निवासी जवानराम पटेल और यहीं के दिलीप सिंह पुत्र जेठूसिंह राजपुरोहित बाइक लेकर शिकारपुरा रात्रि जागरण में आए थे। मध्य रात ढाई से तीन बजे के बीच जागरण से निकल कर अपने घर जा रहे थे। तब शिकारपुरा से कुछ आगे निकलने पर किसी वाहन चालक ने उन्हें चपेट में ले लिया। हादसे में जवानराम की तत्काल मौत हो गई। जबकि दिलीपसिंह राजपुरोहित बुरी तरह घायल हो गया। उसे जोधपुर के एमडीएम अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। थानाधिकारी राजेंद्र चौधरी ने बताया कि वाहन चालक डंपर वाला बताया जाता है, जिसका पता लगाया जा रहा है। इधर घटना के बाद मृतक का पुत्र नारायण राम पटेल सहित काफी परिजन थाने पर पहुंचे। शव को कार्रवाई के बाद परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है।

## संक्षिप्त

### सरकारी कार्यालयों का निरीक्षण

**दूदू ( नि.स )** जिला कलक्टर डा. अर्तिका शुक्ला के निर्देशानुसार अतिरिक्त जिला कलक्टर रतन लाल योगी ने जिला मुख्याालय पर संचालित विभिन्न सरकारी कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान करीब एक दर्जन कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये वही स्वच्छ भारत अभियान की कार्यालयो मे धज्जिया उडती नजर आयी। योगी को पंचायत समिति कार्यालय मे 6,जलदाय विभाग मे 3, मुख्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी कार्यालय मे 2 कर्मचारी नदारद मिले। पंचायत समिति कार्यालय मे अव्यस्थित रूप से पडे मिले रिकार्ड को देखकर वहा मौजूद अधिकारियो कर्मचारियो को लताड पिलायी तथा रिकार्ड को व्यवस्थित रूप से रखने के निर्देश दिए। विभिन्न विभागो मे अनुपस्थित पाये गये कर्मिको के खिलाफ सम्बन्धित विभागीय अधिकारियो को कार्यवाही के निर्देश दिए गये।

### पूनम सोनी बनी सलाहकार

**निवाई ।** अखिल भारतीय स्वर्णकार समाज विकास एवं शोध संस्थान के राष्ट्रीय संगठन महासचिव कृष्णगोपाल मिरिंडया व प्रदेश अध्यक्ष तुलसीराम सोनी के निर्देशानुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्रकुमार राजपूत ने एडवोकेट पूनम सोनी पत्नी धीरज सोनी निवासी जमात प्रदेश विधिक सलाहकार के पद पर नियुक्त किया है। इस दौरान नवनियुक्त प्रदेश विधिक सलाहकार पूनम सोनी को नियुक्ति पत्र देकर संस्थान की नीतियों, दिशा व निर्देशों की पालना करने के निर्देश दिए हैं।

### मतदान जागरूकता कार्यक्रम हुआ

**श्रीमाधोपुर।** बाबा विश्वंभर दास राजकीय कन्या महाविद्यालय होद खंडेला में राष्ट्रीय सेवा योजना एवम स्वीप समिति के तत्वावधान मे मंगलवार को राष्ट्रीय एकता दिवस एवम मतदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यकम अधिकारी श्रीमती सुधा एवम श्रीमती अभिलाषा ने छात्राओ को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई एवम रन फोर यूनिटी का आयोजन किया गया। कार्यकम के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता, मेहदी प्रतियोगिता , रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

# पूर्व विधायक सराधना ने थामा आजाद समाज पार्टी का दामन

**पावटा।** जैसे ही कांग्रेस ने आगामी विधानसभा चुनावों के लिए अपने उमीदवारों की सूची की घोषणा की, विराटनगर विधानसभा में पार्टी को विद्रोह का सामना करना पड रहा है क्योंकि टिकट के इच्छुक पूर्व विधायक रामचंद्र सराधना ने अलग होने का फैसला किया है। विराटनगर

■ विराटनगर विधानसभा सीट से मिला टिकट

विधानसभा क्षेत्र से टिकट नहीं मिलने के बाद उन्होंने आजाद समाज पार्टी का दामन थाम लिया है। आजाद समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रामलखन मीणा ने इसकी घोषणा की। आजाद समाज पार्टी में जाने के बाद पूर्व विधायक रामचंद्र सराधना को विराटनगर विधानसभा क्षेत्र से टिकट दिया गया है। पूर्व विधायक रामचंद्र सराधना ने बताया कि मैंने आजाद समाज पार्टी ज्वाइन कर ली है। विराटनगर विधानसभा क्षेत्र से आजाद समाज पार्टी के टिकट पर चुनाव लडेंगे, जिसको लेकर पार्टी ने टिकट दिया है। पूर्व विधायक रामचंद्र सराधना



आजाद समाज पार्टी ने विराट नगर से पूर्व विधायक रामचंद्र सराधना को टिकट देने पर लोगों ने स्वागत किया।

अपने समर्थको व कार्यकर्ताओ के साथ 4 नवंबर को आजाद समाज पार्टी के सिंबल पर अपना नामांकन दाखिल करेंगे। पूर्व विधायक रामचंद्र सराधना 2008 से विराटनगर विधानसभा क्षेत्र मे सक्रिय राजनीति कर रहे है। विधानसभा चुनाव 2023 को लेकर उन्होंने विराटनगर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी से अपनी दावेदारी जताई थी। लेकिन पार्टी ने निवर्तमान विधायक इंद्राज गुर्जर पर अपना भरोसा जताते हुए विराटनगर विधानसभा क्षेत्र से उनका टिकिट फाइनल कर उस पर मोहर लगा दी है। जिस कारण पार्टी से नाराज पूर्व विधायक रामचंद्र सराधना आजाद समाज पार्टी का दामन थाम चुनाव लडने का एलान कर दिया है। सोमवार को आजाद समाज पार्टी प्रत्याशी रामचंद्र सराधना के पावटा आगमन पर युवाओं ने पूरे जोर शोर से माला व साफा पहनाकर स्वागत किया।

### कलश यात्रा निकाली

**पावटा।** कस्बे प्रागपुरा में मुरली मनोहर नागाजी मंदिर मे सात दिवसीय श्रीमदभागवत कथा ज्ञान यज्ञ का मुरली मनोहर नागाजी मंदिर महंत श्री श्री 108 श्री संतदास महाराज एवं आचार्य कथावाचक बृज भूषण के सानिध्य में सोमवार को कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा के दौरान पारंपरिक परिधान में सजकर महिलाओं ने श्री चारभुजा नाथ मंदिर प्रांगण से नगर भ्रमण करते हुए वापस कार्यक्रम स्थल मुरली मनोहर नागाजी मंदिर तक कलश यात्रा निकाली। इस अवसर पर गांव जय श्री राम के जयकारों से गूंज उठा। सैकडो महिलाओं द्वारा निकाली गई कलश यात्रा का ग्रामीणों द्वारा पुष्प वर्षा के साथ स्वागत व समान किया गया। वही इस दौरान प्रागपुरा जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने महंत श्री श्री 108 श्री संतदास महाराज,- कथावाचक बृज भूषण महाराज का माला पहनाकर एवं शॉल उडा कर समान किया। वही सैकडो महिलाओं द्वारा निकाली गई कलश यात्रा का पुष्प वर्षा के साथ समान किया गया। कथा के प्रथम दिन कथा वाचक बृज भूषण महाराज ने कहा की कथा सुनने मात्र से मन निर्मल हो जाता है वही सकारात्मक उर्जा मन व दिमाग में आती है। इसलिए कथा सुननें का अवसर मिलता है तो उसे सुनने की बात कही। कार्यक्रम अयोजको ने बताया कि सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का वाचन दोपहर-12-बजे से सांय-4-बजे तक कथा का वाचन होगा।

## सार-समाचार

### पुलिस नाकों का निरीक्षण किया



**किशनगढ़ बास।** खैरथल तिजारा जिला कलेक्टर हनुमान ढाका ने बीती रात 2 बजे तक भिवाड़ी क्षेत्र में हरियाणा सीमा से लगते पुलिस नाकों का आकस्मिक पहुंचकर निरीक्षण किया और नाके पर पुलिस के चाकचौबंद नाकाबंदी व्यवस्था की बारीकी से जांच की। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने पुलिस को अपराधिक व संदिग्ध लोगों के साथ साथ अवैध गतिविधियों पर पैनी नजर रखने आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। सोमवार रात 9 से 2 बजे तक तिजारा विधानसभा के भिवाड़ी क्षेत्र में दौरे पर रहे जिला कलेक्टर हनुमान मल ढाका के साथ भिवाड़ी एसपी योगेश दाधीच, एडीएम भिवाड़ी शिवचरण मीना, एडिशनल एसपी भिवाड़ी दिलीप सैनी , निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तिजारा अनूप सिंह, टपूकड़ा एसडीएम महेंद्र सिंह यादव, सीओ भिवाड़ी मुकेश सहित आबकारी मीनिंग आरटीओ अधिकारी मौजूद रहें। जिला कलेक्टर हनुमान ढाका ने बताया कि विधानसभा चुनाव में आदर्श आचार संहिता की अनुपालना में सोमवार को तिजारा विधानसभा क्षेत्र भिवाड़ी के समीप हरियाणा बॉर्डर से लगते पुलिस नाके राठीवास, तावडू नाका, सैदपुर, अजमेरी नाका, मेहंदीका, सारे खुर्द, पलासली का निरीक्षण किया और नाकाबंदी के दौरान अवैध शराब की बिक्री, परिवहन आदि पर पैनी नजर बनाए रखने के लिए निर्देश दिए। । 2 दिन पूर्व जिला कलेक्टर और खैरथल एसपी ने संयुक्त दौरा कर किशनगढ़ बास विधानसभा क्षेत्र में मेवात व हरियाणा बॉर्डर से लगते पुलिस नाकों का निरीक्षण कर पुलिस सहित अन्य विभागों को अपराधिक गतिविधियों को लेकर संयुक्त कार्रवाई के लिए निर्देश दिए थे।

### ट्रॉमा वार्ड का भ्रमण किया

**चाकसू** (निस) स्थानीय कन्या महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने एक्सीडेंट के बाद मरीजों की क्या हालत होती है?इसको देखने के लिए छात्राये राजकीय चिकित्सालय चाकसू के ट्रोमा वार्ड में विजिट करने गई। राजस्थान राज्य महिला नीति की प्रभारी डॉ. मंजूलता शर्मा ने बताया कि राजकीय चिकित्सालय के डॉ. रवि चौधरी ने छात्राओं को एक्सीडेंट में घायल मरीजों से मिलवाया एवम् बात करवाई। दुर्घटना के बाद व्यक्ति की क्या स्थिति एवं मनःस्थिति होती है, इसके बारे में भी जानकारी दी।यातायात के नियमों के पालन करने की बात कही और यह संकल्प दिलवाया कि अब जो भी छात्रा वाहन चलाएगी वह यातायात के नियमों का पालन करेगी। वाहन चलाते समय हेलमेट एवम सीट बेल्ट पहनेगी, वाहन चलाते समय कोई भी छात्रा मोबाइल पर बात नहीं करेगी और न हीं मैसेज देखेंगी। हमेशा ट्रैफिक नियमों का पालन करेगी और अपने परिजनों से भी पालन करवाएगी तथा साथ ही साथ सड़क दुर्घटना पीड़ितो की मदद करने हेतु हमेशा तत्पर रहेगी। महाविद्यालय के सह आचार्य डॉ. मानसिंह मीणा ने राजकीय चिकित्सालय के प्रभारी डॉ. ऋतुराज मीणा का आभार व्यक्त किया कि उन्होंने अधिक संख्या में छात्राओं को ट्रोमा सेंटर का विजिट करने की अनुमति प्रदान की।

### कर्मचारियों को शपथ दिलवाई

**टोंक ।** मौलाना अबुल कलाम आजाद अरबी फारसी शोध संस्थान, टोंक में मंगलवार को प्रातः 11.00 बजे देश के प्रथम गृह मंत्री, भारत रत्न लौहपुरूष स्वर्गीय सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस के मौके पर संस्थान में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस मौके पर निदेशक मुजीब अता आजाद ने कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस पर राष्ट्रीय एकता अखण्डता और सुरक्षा को बनाये रखने के लिए शपथ दिलाई। निदेशक मुजीब अता आज़ाद ने बताया कि लौहपुरूष का रियासतों के एकीकरण में महत्वपूर्ण योगदान रहा, पटेल हमारे आदर्श है तथा अखण्ड भारत के निर्माण में अगवा रहे। साथ ही संस्थान में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्रीमति इन्दिरा गांधी की पुण्यतिथि को भी बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। इनकी शहादत को देश सदैव याद रखेगा।

### ए.डी.एम. ने निरीक्षण किया

**दूदू** (नि.स) विधानसभा दूदू से कांग्रेस प्रत्याशी बाबूलाल नागर ने अपने समर्थको के साथ मंगलवार को विभिन्न गांवो मे जनसम्पर्क कर पांच वर्ष तक कराये गये विकास कार्यो पर प्रकाश डाला तथा पुन कांग्रेस पार्टी को जिताने की बात कही। नागर के चुनावी कार्यालय का उदधाटन भी किया के दौरान पांच वर्षो मे पहली बार पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं प्रदेशाध्यक्ष कांग्रेस पार्टी सचिन पायलट जिन्दाबाद के नारे कार्यालय सभागार मे लगाये वो भी चर्चा का विषय रहा।

## स्कूल को भेंट किया 3,51,000 रुपये का फर्नीचर

**खाटूश्यामजी ।** कस्बे की राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय को भामाशाह एवं समाजसेवी सत्यनारायण रंगलालका, संस्थापक पार्वती देवी पब्लिक स्कूल ने तीन लाख इक्यावन हजार रुपये मूल्य का फर्नीचर, प्रिंटर और गणवेश भेंट किए। भामाशाह के रूप में विद्यालय को दिए गए तीन लाख इक्यावन हजार रुपये के अमूल्य योगदान के लिए विद्यालय के कार्यकारी प्रधानाचार्य भवानी शंकर शर्मा और भामाशाह के अभिप्रेरक अशोक कुमार शर्मा निमावत ने समाजसेवी सत्यनारायण रंगलालका का श्रीश्याम बाबा का दुपट्टा पहनाकर हार्दिक अभिनंदन किया।राष्ट्रपति से पुरस्कृत वरिष्ठ शिक्षक फूलाराम भादू ने बताया कि भामाशाह एवं समाजसेवी सत्यनारायण रंगलालका ने तीन लाख इक्यावन हजार रुपये मूल्य के एक सौ छबीस सैट बड़ी साईज के टेबल-स्टूल,एक सौ सैट छोटी साईज के टेबल-स्टूल, एक बड़ा प्रिंटर, एक सौ एक विद्यालय गणवेश और पन्द्रह श्यामपट्टों सहित अन्य शिक्षणोपयोगी सामठाी विद्यालय को भेंट किए है। इस अमूल्य, अनूठे और अनुकरणीय योगदान के लिए भामाशाह एवं समाजसेवी रंगलालका का विद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक अभिनंदन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु मंगलकामनाएँ की गई।

इस अवसर प्राध्यापक श्रीराम शर्मा,विष्णु शर्मा, देवानंद शर्मा, अशोक कुमार चौधरी, वरिष्ठ सहायक पवनसिंह, प्रयोगशाला सहायक अंकित सैनी सहित सभी विद्यार्थी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## एकता दिवस पर बनायी मानव श्रृंखला

**श्रीमाधोपुर।** महात्मा गाँधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, श्रीमाधोपुर मे एकता दिवस मनाया गया। महाविद्यालय प्रवक्ता राकेश शर्मा ने बताया की लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। महाविद्यालय निदेशक मोहर सिंह खर्रा, प्राचार्य डॉ.वी.के. सैनी, उप प्राचार्य विजेन्द्र कुमार, कला संकाय प्रभारी सुशीला देवी, विज्ञानं संकाय प्रभारी वीरेंद्र यादव, वाणिज्य संकाय प्रभारी मांगीलाल कुमावत, खेल प्रभारी रामसिंह जाट, कार्यालय प्रभारी कैलाश बिजारणिया सहित स्टाफ सदस्यों ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के आवक्ष चित्र पर पुष्पहार पहनाकर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्राचार्य डॉ.वी.के. सैनी ने पटेल के जीवनवृत्त पर प्रकाश डाला और बताया कि वे सरदार पटेल ही थे जिन्होंने खण्ड-खण्ड में बिखरे भारत को एकसूत्र में पिरोया था। तथा राजस्थान राज्य का एकीकरण कर इसे वृहत राजस्थान का वर्तमान स्वरूप प्रदान किया।

यह उन्हीं की देन है कि आज उत्तर से लेकर दक्षिण तथा पूर्व से पश्चिम तक का सुंदर भारत उन्हीं के अथक प्रयासों का परिणाम है। राजनीति विज्ञान के व्याख्याता बृजमोहन यादव व आशा सैनी, राष्ट्रीय सेवा योजना, एनसीसी, रोवर्स-स्काउट, बी.एड. के संयुक्त तत्वाधान में भारत की थीम सजाई गई। भारत में यूनिटी की मानव श्रृखंला बनाकर एकता का संदेश दिया गया। हिन्दी व्याख्याता जितेन्द्र सिंह दायमा, दयाराम के सानिध्य में एकता दिवस पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता निदेशक मोहर सिंह खर्रा थे।

जिन्होंने देश को एकता के सूत्र में पिरोये जाने तथा इस एकता व अखंडता को बनाये रखने वाली बंधुता, दृढ़ता व भाइचारे को बढ़ाने पर जोर दिया। इस अवसर पर प्रमोद वर्मा, रोहित शर्मा, आनंद बबेरवाल, अभिषेक कुमावत, शिवप्रसाद यादव, धर्मपाल, ग्यारसीलाल यादव, महेंद्र सिंह यादव, मुकेश वर्मा, सुमित्रा जाट, आरती चतुर्वेदी, ममता देवी, रणवीर सिंह, हरफूल यादव, प्रदीप शर्मा सहित समस्त स्टाफ उपस्थित था।

# टिकट मिलने, नहीं मिलने से राजनीति गर्म रही

**सुरेर ।** राजगढ़ लक्ष्मणगढ़ अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस बीजेपी के टिकट के लिए हो रही राजस्थान सोशल मीडिया पर कांग्रेस का टिकट मांगीलाल मीणा को मिलने की संभावनाओं के साथ क्षेत्र में राजनीतिक गर्माहट हुई चालू। दूसरे तक कांठोस के वर्तमान विधायक जोहरी लाल मीणा सोशल मीडिया पर मांगीलाल मीणा को टिकट मिलने की खबरों के साथ ही आज केंद्रीय पूर्व मंत्री भवन जितेंद्र सिंह के फूल बाग अलवर अपनी भीड़ लेकर पहुंचे और मांगीलाल को टिकट का विरोध करते हुए अपना रोज जाहिर किया।

इसके बाद जोहरी लाल ने राजगढ कश्मीर में अपने समर्थकों के साथ

■ चल रहे एक दूसरे पर आरोप के दौर

अपने पक्ष में रैली निकाली क्या गुल खिलाएंगे झोहरी लाल राजनीतिक रूप से क्या लड़ेगे निर्दलीय चुनाव या करेंगे कांग्रेस के टिकट का समर्थन भविष्य के गर्भ में फिलहाल जोहरी लाल टिकट नहीं मिलने को लेकर काफी नाराज और रोष में नजर आ रहे हैं अपने कार्यकर्ताओं के सहित सड़क पर उतर रहे हैं।

क्षेत्र के राजनीतिक जानकार लोगों की राय में कांठोस का क्षेत्र में नए चेहरे को टिकट मिलना पार्टी के लिए लाभदायक माना जा रहा है।

दूसरी तरफ इधर भाजपा ने अभी वेट एंड वॉच की स्थिति क्षेत्र में बनाई हुई है । भाजपा में किसको मिलेगा टिकट टिकट मिलने को लेकर अटकलें के बाजार गर्म है उम्मीदवारों के दौड़ जारी है।

भाजपा के चर्चित चेहरों में से श्रीमती सुनीता मीणा पूर्व विधानसभा अध्यक्ष के पुत्र विजय समर्थ लाल मीणा और बना राम मीणा का नाम प्रमुखता से बताया जा रहा है किसको मिलेगा टिकट इनमें या इनके अलावा यह भविष्य के गर्भ में। प्रमुख राजनीतिक का टिकट स्पष्ट होने और बागीयों द्वारा क्या स्थिति पैदा की जाती है अन्य दलों की क्या भूमिका रहती है यह निकट भविष्य के गर्भ में।

### सरदार पटेल की जयंती मनाई

**पावटा।** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस को स्थानीय विद्यालय राजकीय उच्च मध्यमिक विद्यालय पावटा मे राष्ट्रीय अखंडता दिवस के रुप में मनाया गया।

इस दौरान एनएसएस के स्वयंसेवक तथा विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा रन फोर यूनिटी दौड का आयोजन किया गया। राजकीय उच्च मध्यमिक विद्यालय पावटा प्रधानाचार्य जयसिंह यादव द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। रन फोर यूनिटी दौड शनि मंदिर भोनावास रोड सुपर मार्केट से प्रारभ होकर राजकीय महाविद्यालय होते हुए वापस राजकीय उच्च मध्यमिक विद्यालय पावटा परिसर पर समाप्त हुई।

कस्बे में राष्ट ीय एकता दिवस रैली के इस आयोजन के दौरान विद्यार्थियो ने दौड लगाकर राष्ट्रीय एकता का परिचय दिया।

## मतदान वृद्धि के लिए किया जागरूक

**श्रीमाधोपुर ।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर सीकर के आदेशानुसार व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी (एसवीईईपी) कार्यक्रम के तहत मतदान प्रतिशत वृद्धि हेतु चलाए जा रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला अनवरत प्रगतिरत है।

रिटर्निंग अधिकारी दिलीप सिंह राठौड़ ने बताया कि विशेष स्वीप गतिविधि आयोजन के तहत मंगलवार को राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय श्रीमाधोपुर में करवा चौथ के उपलक्ष में बालिकाओं तथा महिला शिक्षिकाओ द्वारा रंगोली बनाकर तथा हाथों में मतदान संबंधी नारे मेहंदी से लिखकर मतदाता जागरूकता हेतु प्रयास किया गया। इस अवसर पर स्वीप प्रभारी विनोद कुमार शर्मा एसीबीईओ ने बताया कि विद्यालय की ईएलसी क्लब से जुडी बालिकाओं ने अपने परिवार,समाज, गांव, मौहल्ले के मतदाताओं को आगामी 25 नवंबर को अपने घरों से निकलकर निर्भय होकर शत प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरक शक्ति बनने का संकल्प व्यक्त किया । कार्यक्रम में मानव श्रृंखला के तहत बालिकाओं ने वोट का प्रतीक बनाया । कार्यक्रम के अंत में रिटर्निंग अधिकारी राठौड़ ने स्वीप की शपथ दिलाई। इस अवसर पर संस्था प्रधान शिवपाल सिंह शेखावत, ईएलसी प्रभारी हेमंत कुमार, सह प्रभारी श्रीमती ममता रानी मीणा, संजू बाजड़ोलिया व्याख्याता, चांद कौर व्याख्याता, अनुपमा व्याख्याता, निर्वाचन शाखा के रतन लाल सैनी समेत स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

### छात्रवृत्ति के चेक वितरित

**श्रीमाधोपुर ।** श्री लाल बहादुर शास्त्री कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय श्रीमाधोपुर में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर रासेयो इकाईयों के प्रभारी ब्रजमोहन देवंदा व तारा कुमावत के तत्वावधान में मंगलवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय निदेशक जितेन्द्र शर्मा व प्राचार्य डॉ विनोद सैनी द्वारा लोहपुरुष के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई अ और ब के कार्यक्रम प्रभारी ब्रजमोहन देवंदा व तारा कुमावत के निर्देशन में महाविद्यालय की छात्राओं ने रन फॉर यूनिटी में दौड़ लगाई।इस प्रतियोगिता में ज्योति सैनी विजयी रही। इसके पश्चात महाविद्यालय निदेशक जीतेन्द्र शर्मा कार्यकारी निदेशक अवधेश शर्मा व प्राचार्य डॉ विनोद सैनी के द्वारा छात्राओं को दो लाख इक्यावन हजार रुपए की छात्रवृत्ति के चेक वितरित किए गये।


**तीये की बैठक**



हमारे पूजनीय पिताजी **श्री राधेश्याम सैनी** पुत्र स्व. श्री कजोडमल सैनी (मांवर) का स्वर्गवास दिनांक 30.10.2023 को हो गया है। जिनकी तीये की बैठक दिनांक 01.11.2023 को सांय 4:00 से 5:00 बजे तक सामुदायिक केन्द्र, देवनगर, कमल एण्ड कम्पनी के सामने, टोंक रोड, जयपुर पर रखी गई है।

**शोकाकुल परिवार**- गोविन्दराम (चाचा), नन्दलाल, युगलबिहारी, जगदीश, शंकर लाल, (भ्राता), चेतन, हरिशंकर, लेखराज, मुकेश, रूपेश, मनोज, संदीप, अभिषेक (पुत्र), हर्षित, वंश (पौत्र), पुष्पा-फूलचन्द जी (पुत्री- दामाद), हेमलता (पुत्री) कमला देवी- बुद्धिप्रकाश जी, लक्ष्मीदेवी,भवरी देवी, हरीशचंद जी बाबूलाल जी (बहन- बहनोई) एवं समस्त मांवर परिवार। - 9829281502


### आरोपी गिरफ्तार

**टोंक ।** अवैध शराब के विरुद्ध व अपराधीयो के धरपकड के लिए चलाये जा रहे अभियान के दौरान दूनी थानाधिकारी विजय सिंह के निर्देशन मे भवानीशंकर, रामअवतार कानि, भागचन्द कानि, बलराम कानि, मनेष कानि, के द्वारा मुखबीर की सूचना पर बीसनपुरा से आगे खाल के पास नाकाबन्दी शुरु कर एक कमान्डर जीप नम्बर त्श्र.26.ब्.0364 को रुकवा कर गाडी के चालक इन्द्रराज पुत्र जयराम जाति मीणा उम्र 25 वर्ष निवासी राजकोट थाना दूनी जिला टोंक से संदेह होने पर जीप में रखी पैटियो को नीचे उतारकर चैक किया गया तो 30 पैटी कागज की प्रत्येक पैटी में 48-48 पव्वे प्लास्टिक के घुघरु देशी शादा मदिरा भरे हुए मिले कुल 1440 पव्वे देशी मदिरा के भरे हुए मिले एवं 12-12 बीयर की बोतले, 48 बोतल बीयर की भरी हु , 48 पव्वे कांच के ब्ध्ज्ञ्र स्बम टवकां भरे हुए मिले, 02 पैटी कागज में 48-48 पव्वे कांच के ळसवइने क्तलळपद के 96 पव्वे, तथा 10 पव्वे कांच के त्वलंस ैजंह के व 14 पव्वे कांच के डबक्वूमससे दव.1 त्लउ के भरे हुए तथा 24 पव्वे कांच डबक्वूमससे दव.1 ैपोल के मिले साथ ही चालक इन्द्रराज पुत्र जयराम ला सेन्स व टीपी नही होना बताया। अवैध रुप से शराब रखकर परिवहन करने आरोप में एक्सा ज एक्ट में प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर अनुसंधान जारी है।

# विधानसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करें : प्रियंका गुर्जर

**निवाई।** ग्राम पंचायत राजावास के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में निर्वाचन अधिकारी रविकांत सिंह के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जागरूकता रैली को शाला प्रभारी प्रियंका गुर्जर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शाला प्रभारी प्रियंका गुर्जर ने छात्र.छात्राओं को शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाते हुए कहा कि विधानसभा 2023 के चुनाव में अपने परिजनों व पडोसियों को भी शत प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक करे।

उन्होंने विधानसभा चुनाव में

■ छात्र-छात्राओं को शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई

अधिक से अधिक मतदान करने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में हर नागरिक को मतदान करने का अधिकार दिया गया है। यह हर नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह अपने मताधिकार का प्रयोग करे। रैली प्रभारी भवानीशंकर निराला ने बताया कि मतदाता जागरूकता रैली गांव के मुख्य बाजार से होते हुए जाटों का मोहल्ला सहित अन्य मुख्य मार्ग से



शाला प्रभारी प्रियंका गुर्जर ने ग्राम पंचायत रजवास में मतदाता जागरूकता रैली को रवाना किया।

गुजरी। रैली में शामिल छात्र छात्राओं ने मतदान के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए सारे काम छोड दो, सबसे पहले वोट दो, मेरा वोट मेरा अधिकार, हर वोट जरूरी है, ना जात पर, ना धर्म परए बटन दबेगा कर्म पर, वोट फॉर इंडिया, मतदान करने की हैं हमारी जिम्मेदारी, जिसको निभाएं हर नर-नारी, देश का विकास आपके हाथ, घर-घर संदेश दोए वोट दो, वोट दो आन-बान शान से, सरकार बने मतदान से आदि स्लोगन बोलते हुए ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक किया।

इस अवसर पर श्रवणलाल जाट, गजानंद शर्मा, हेमराज वर्मा, सोहनलाल वर्मा, सुनीता वर्मा, मोहनलाल निराला, रवि वर्मा, बाबूलाल जैन, सुमन जैन, संध्या जैन, राजेशकुमार सोनी, प्रहलाद जाट एवं मुकेश विजय सहित कई शिक्षक एवं छात्र-छात्रएं मौजूद थे।


### भाजपा प्रत्याशी ने जनसंपर्क किया

**फुलेरा ।** उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबन्धकआईआरएमएस (भारतीय रेल मैनजमेंट सर्विस) के पद परअमिताभनेकार्यभार ठाहण कर लिया है।गौरतलब है कि इससे पूर्व अमिताभ उत्तर पश्चिम रेलवे में प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजिनियर (पीसीएमई) के पद पर कार्यरत थे।जबकि अमिताभ "भारतीय रेल मैकेनिकल इंजिनियरिंग सेवा" (आईआरएसएमई) के 1987 बैच के वरिष्ठ अधिकारी है।इसके चलते अपने उत्कृष्ट कैरियर के दौरान अमिताभ ने भारतीय रेलवे के महत्वपूर्ण पदों पर सफलतापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन किया है।

साथ ही अमिताभ ने प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजिनियर, उत्तर पश्चिम रेलवे एवं बनारस लोकोमोटिव वर्क्स, मण्डल रेल प्रबन्धक, प्रयागराज-उत्तर मध्य रेलवे, अपर मण्डल रेल प्रबन्धक-दिल्ली, मुख्य यांत्रिक इंजीनियर (योजना व चल स्टाक), उत्तर रेलवे तथा निदेशक, रेलवे बोर्ड आदि महत्वपूर्ण पदों पर सफलतापूर्वक कार्य किया है।वहीं अमिताभ को मण्डल रेल प्रबन्धक, प्रयागराज के पद पर कुंभ मेला 2019 के दौरान रेलवे प्रोजेक्ट व कार्यों में उत्कृष्ट प्रबंधन और समन्वय के लिए प्रधानमंत्री द्वारा अनुशंसा के साथ सम्मानित किया गया। इसके साथ ही रेलमंत्री द्वारा भी सुदृढ़ नेतृत्व और बेहतर कार्य निष्पादन के लिए पुरस्कृत किया गया है।


**तीये की बैठक**

अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी पूजनीया



**श्रीमती कमला देवी जैन**

धर्मपत्नी स्व. जम्बू कुमार जैन (चांदवाड़) का आकस्मिक निधन दिनांक 31.10.2023 को हो गया। तीये की बैठक 02.11.2023 को प्रातः 9.30 बजे भट्टारक जी की नसियां, नारायणसिंह सर्किल पर होगी।

: शोकाकुल :

जिनेन्द्र-सरिता, आलोक-हेमा, चक्रेश-पिंकी (पुत्र-पुत्रवधु), आभा धर्मपत्नी स्व. श्री रानूजी जैन (पुत्री), पदमकुमार, श्रेयांस, सरोज (भतीजे), सौरभ-डॉ. अदिती, मोहित-नेहा, अंकित-श्रेया, रोहित-आयुषी, चिराग-साक्षी (पौत्र-पौत्र वधु), श्वेता-यतिन गोधा, चारूल-सुमित पाटनी, हिमानी-अरिहंत काला (पौत्री-पौत्री दामाद), रिषित, यशवर्धन, इवान, अदविक (पड़पौत्र), मिष्ठी, अयाना (पड़पौत्री), अर्पित-गजल, चर्चित-अक्षिता (दोहिता-दोहिता वधु), रचित (दोहिता) एवं समस्त चांदवाड़ शास्त्री परिवार।

**पिंकसिटी एडवरटाईजिंग कम्पनी**, बजाज नगर एन्क्लेव
**इन्द्र एण्ड कम्पनी**, त्रिपोलिया बाजार
**जे.एन.एस. कॉर्पोरेशन**, महावीर नगर



*पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने मंगलावार को भारी जनसमूह के समर्थन के साथ टोंक विधानसभा क्षेत्र के उम्मीदवार के तौर पर अपना नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर पायलट के साथ चल रहे व्यापार मंडल के सदस्य, कांग्रेस कार्यकर्ता और आम जन काफी उत्साहित नज़र आये। सबसे पहले पायलट ने टोंक उपखण्ड अधिकारी के कार्यालय पहुँचकर लोगों का अभिवादन किया। व्यापार मंडल के सदस्यों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं तथा पदाधिकारियों ने पायलट को मालायें पहनाईं और शुभकामनायें दीं।*

# महाराष्ट्र में आरक्षण आंदोलन और तेज हुआ

## कई जगहों पर हिंसक प्रदर्शन हुए, पांच जिलों में बस व इंटरनैट सेवाओं पर प्रतिबंध लगा

मुंबई, 31 अक्टूबर। महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण की आग तेज होती जा रही है। हालात को देखते हुए प्रदेश के पांच जिलो में बस सेवाओं पर रोक लगा दी गई है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मंगलवार को राज्यपाल रमेश बैंस से मुलाकात की और उन्हें हालात से अवगत करा। वहीं, प्रदेश में हिंसा को रोकने के लिए सभी जरूरी उपाय अपनाए जा रहे हैं। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने मराठा कोटा एक्टिविस्ट मनोज जरांगे पाटिल को भी आश्वस्त किया है कि उनकी सरकार मराठा समुदाय के आरक्षण के प्रति प्रतिबद्ध है। साथ ही प्रदेश में शांति के लिए अपील भी की है। इन सबके बीच महाराष्ट्र के धाराशिव और बीड जिले में कर्फ्यू लगा दिया गया है।

महाराष्ट्र में सोमवार से मराठा आरक्षण की आग और ज्यादा तेज हो गई है। इसको देखते हुए परभानी, धाराशिव, लातूर, जालना और नांदेड़ जिलों में अगले तीन-चार दिनों के लिए बस सेवाएं रोक दी गई हैं। इसके अलावा महाराष्ट्र के बीड जिले में इंटरनेट सेवाओं पर भी रोक लगा दी गई है। इससे पहले कल्याण कर्नाटक सड़क परिवहन निगम ने महाराष्ट्र के ओमेरगा में मराठा आरक्षण को लेकर चल रहे आंदोलन के दौरान प्रदर्शनकारियों द्वारा उनकी एक बस को जलाये जाने के बाद आंदोलन प्रभावित राज्य के लिए अपनी सेवाएं निलंबित कर दी हैं।

- **महाराष्ट्र के मु.मंत्री एकनाथ शिंदे ने एक बयान जारी कर मराठा आंदोलन के एक्टिविस्ट मनोज जरांगे पाटिला को आश्वस्त करने का प्रयास किया है कि, सरकार मराठा आरक्षण के पूर्णतः पक्ष में है।**

वहीं, महाराष्ट्र सरकार ने मराठवाड़ा क्षेत्र में मराठा को कुनबी जाति प्रमाण पत्र देने की प्रक्रिया तय करने के लिए नियुक्त उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश संदीप शिंदे की अध्यक्षता वाली समिति की पहली रिपोर्ट मंगलवार को स्वीकार कर ली।

महाराष्ट्र के बेलगाम जिला कलेक्टर नितेश पाटिल ने मंगलवार सुबह करीब छह बजे से तीन दिनों के लिए यहां तीन राज्य मंत्रियों और एक सांसद के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया।

महाराष्ट्र एकीकरण समिति (एमईएस) द्वारा बेलगाम जिले और कर्नाटक में मंगलवार सुबह से तीन दिनों के लिए अन्य विवादित सीमावर्ती क्षेत्रों में ब्लैक-डे आंदोलन चलाया जा रहा है। बेलगावी प्रशासन ने कानून व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने के लिए तीन राज्य मंत्रियों चंद्रकांत पाटिल, दीपक केसरकर, शंभू राज देसाई और हातकनागले लोकसभा क्षेत्र के सांसद धैर्यशील माने को जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने के लिए बुधवार के आंदोलन में भाग लेने पर रोक लगा दी है।

एमईएस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने हर साल एक नवंबर को कर्नाटक राज्य के स्थापना दिवस पर उन शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए काला दिवस मनाया, जिन्होंने महाराष्ट्र और कर्नाटक राज्य के बीच सीमा विवाद पर विरोध प्रदर्शन किया था और महाराष्ट्र राज्य में कर्नाटक राज्य के मराठी भाषी विवादित क्षेत्रों को शामिल करने की मांग की थी।

बेलगाम जिले में कानून और व्यवस्था की स्थिति प्रभावित होने की संभावना पर यहां के पुलिस अधीक्षक ने जिला कलेक्टर को महाराष्ट्र राज्य के तीन मंत्रियों और एक सांसद पर प्रतिबंध आदेश जारी करने की सिफारिश की। इन मंत्रियों और सांसद के कल आंदोलन में भाग लेने की संभावना है।

# टोंक में भारी जनसमूह के साथ पायलट ने नामांकन दाखिल किया

- **पायलट का काफिला भूतेश्वर महादेव से शुरू हुआ और एस.डी.एम. कार्यालय तक पहुंचते पहुंचते तो काफिला भारी जन सैलाब बन गया था।**
- **इस दौरान पुष्कर की प्रत्याशी नसीम अख्तर, मसूदा विधायक राकेश पारीक सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे।**

टोंक, 31 अक्टूबर। टोंक के पूर्व विधायक सचिन पायलट आज विधानसभा चुनाव 2023 के लिए कांग्रेस के चिन्ह पर टोंक विधानसभा सीट से अपना नामांकन दर्ज करने पहुंचे।

सुबह 11.30 बजे स्थानीय भूतेश्वर महादेव मन्दिर से रवाना हुई नामांकन रैली में जनसमूह लगातार जुड़ता गया। मुख्य सड़क मार्ग, बड़े कुएं के सभी व्यापारिक प्रतिष्ठानों, छोटे कामगारों, फूल माला वालों सहित अनेक लोगों ने पायलट को मालाएं व पुष्प भेंट किए। लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हुए सचिन पायलट एस.डी.एम. कार्यालय पहुँचे। इससे पहले पायलट ने, टोंक के हदय स्थल घंटाघर चौक पर स्थापित बाबा साहब की प्रतिमा, पटेल सर्किल पर स्थापित सरदार पटेल की मूर्ति को माल्यार्पण किया।

नामांकन दाखिल करते समय पायलट ने एक फॉर्म में गलती से मोबाइल नम्बर गलत लिख दिया। दस डीजिट नम्बर की जगह नौ नम्बर ही लिखे थे। बाद में एक फॉर्म में त्रुटि में सुधार किया गया। इस फॉर्म के साथ पायलट ने कुल तीन प्रपत्रों में अपना नामांकन उपखण्ड अधिकारी कपिल शर्मा के समक्ष दाखिल किया।

टोंक जिले से पहला नामांकन पत्र सचिन पायलट ने ही दाखिल किया है। नामांकन दाखिल करने के बाद पायलट प्रेस से भी मिले और बहुत सौहाद्रपूर्ण वातावरण में पायलट ने कहा कि, इस बार कांग्रेस राज्य में पुनः सत्ता पर काबिज होगी। हम लोग पूर्ण बहुमत से सत्ता में आएंगे और अधिक मनोबल के साथ आगामी 5 सालों के लिए आपकी सेवा में जुट जायेंगे।

अशोक गहलोत से मनभेद व मतभेत के सवाल पर पायलट ने कहा कि, यह वक्त पीछे लौटने का नहीं है हम लोग आगे बढ़ चुके हैं और भाजपा द्वारा जो भ्रातियां फैलाई जा रही हैं उनका जवाब 3 दिसम्बर को तय हो जायेगा।

पायलट द्वारा नामांकन दर्ज कराते समय पुष्कर प्रत्याशी नसीम अख्तर इंसाफ, मसूदा विधायक राकेश पारीक, प्रशान्त बैरवा, हरीश मीणा, रघु शर्मा, टोंक प्रभारी अनिल चौपड़ा व महेन्द्र खेडी साथ आए। इसके अलावा सउद सईदी, जमील सईदी, हंसराज फागणा, धर्मेन्द्र सालोदिया, अब्दुल खालिक, शाहजेब खान, अरशद चिश्ती, जावेद चिश्ती, रामलाल सण्डिला, जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा, कमलेश चावला, हंसराज गाता, दिनेश चौरसिया, अमित फारूकी, भारत वर्मा, शैलेष गुर्जर, इन्जियाज, एडवोकेट महावीर तोबडा, एडवोकेट चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव भी पायलट के साथ थे।

जिले भर से गुर्जर समाज की भारी उपस्थिति इस नामांकन रैली में दिखाई दी। नामांकन रैली में पायलट के चहेते समर्थक अकबर खान ने सचिन पायलट को 151 किलो की माला पहनाई। रैली के साथ-साथ सैकड़ों की संख्या में नाचते गाते लोग चल रहे थे और उपस्थित भीड़ के मद्देनज़र रैली में पुलिस प्रशासन चाकचोबन्द दिखा। कहा जा रहा है कि, सचिन पायलट ने नामांकन दाखिल करते हुए अपने हलफनामे में अपनी पत्नी सारा से तलाक की बात भी लिखी है।

## मोदी बांग्लादेश में तैयार तीन विकास परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे

नयी दिल्ली, 31 अक्टूबर (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और बंगलादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना भारत की मदद से विकसित की गयी तीन संयुक्त परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे।

यहां प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से मंगलवार को जारी एक बयान में कहा गया है कि इन परियोजनाओं में अखौरा-अगरतला क्रॉस-बॉर्डर रेल लिंक, खुलना-मोंगला पोर्ट रेल लाइन, और मैत्री सुपर थर्मल पावर प्लांट की यूनिट-दो परियोजना शामिल है। दोनों प्रधानमंत्री इस कार्यक्रम में कल पूर्वाह्न 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ेंगे।

विज्ञिप्त में कहा गया है कि इन परियोजनाओं से क्षेत्र में परिवहन सुविधाओं का विस्तार होगा और बिजली आपूर्ति बढ़ेगी। अखौरा-अगरतला रेल लिंक 12.24 किमी की दोहरी गेज लाइन परियोजना है। इसके लिए भारत ने बंगलादेश को 392.52 करोड़ रुपये की अनुदान सहायता दी है। इसका 6.78 किमी हिस्सा बंगलादेश और 5.46 किमी हिस्सा भारत के त्रिपुरा में है।

# चुनाव आयोग ने एग्ज़िट पोल के प्रसारण पर रोक लगाई

## चुनाव आयोग ने सात नवम्बर से 30 नवम्बर के लिए यह आदेश जारी किया

नयी दिल्ली, 31 अक्टूबर (वार्ता)। निर्वाचन आयोग ने आगामी विधानसभा चुनाव की स्वतंत्रता एवं निष्पक्षता को बनाए रखने के लिए इनके संबंध में मतदान समाप्त होने तक एग्जिट पोल प्रसारण करने पर मंगलवार को रोक लगा दी।

मिजोरम, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान और तेलंगाना के विधानसभाओं के चुनाव तथा नागालैंड में तापी (सुरक्षित) सीट के लिए होने वाले उपचुनाव के संबंध में यह रोक सात नवंबर पूर्वाह्न सात बजे से 30 नवंबर शाम साढ़े छह बजे तक प्रभावी होगा।

आयोग की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126 की उपधारा (1) के अधीन

- **चुनाव आयोग ने कहा है कि, इन चुनाव के संबंध में मतदान के समाप्त होने के पहले 48 घंटों के दौरान किसी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में जनमत सर्वे रिपोर्ट भी प्रसारित नहीं की जा सकती है।**

प्राप्त शक्तियों का उपयोग करते हुए निर्वाचन आयोग उक्त धारा की उपधारा (2) के उपबंधों के मद्देनजर सात नंबर को पूर्वाह्न सात बजे से 30 नवंबर शाम साढ़े छह बजे की अवधि के बीच किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल रोक लगा रहा है। आयोग ने कहा है कि इन चुनाव के संबंध में मतदान के समाप्त होने के पहले 48 घंटों के दौरान किसी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में जनमत सर्वे रिपोर्ट भी प्रसारित नहीं की जा सकती है।

## फिलिस्तीन से दस लाख लोगों को खदेड़ चुका है इज़राइल

गाजा, 31 अक्टूबर (वार्ता)। फिलिस्तीनी और इजरायल संघर्ष के बढ़ने के बीच उत्तरी गाजा पट्टी से आठ लाख से अधिक फिलिस्तीनियों को निकाला गया है। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) के प्रवक्ता जोनाथन कॉनरिकस ने मंगलवार को इस आशय का दावा किया। उन्होंने एक्स पर प्रकाशित एक वीडियो संबोधन में कहा, यह देखकर खुशी हुई कि आठ लाख से अधिक फिलिस्तीनियों को उत्तरी गाजा पट्टी से यानी मुख्य युद्ध क्षेत्र से निकाला गया है। उन्होंने यह भी कहा कि इजरायल गाजा पट्टी के दक्षिण में मानवीय सहायता पहुंचाने की सुविधा के लिए प्रयास तेज करेगा। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने सोमवार को कहा कि लड़ाई शुरू होने के बाद से गाजा पट्टी में 14 लाख से अधिक नागरिकों को अपना घर छोड़ना पड़ा है।

- **संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि, लड़ाई शुरू होने के बाद से गाज़ा पट्टी में 14 लाख से अधिक नागरिकों को अपना घर छोड़ना पड़ा है**

# कश्मीर में 48 घंटों में आतंकियों ने तीन लोगों की हत्या की

श्रीनगर, 31 अक्टूबर (वार्ता)। जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में मंगलवार को आतंकवादियों ने राज्य पुलिस के एक हेड कांस्टेबल की उनके आवास पर गोली मारकर हत्या कर दी।

पुलिस ने कहा कि आतंकवादियों ने बारामूला जिले के वेलू क्रालपोरा निवासी हेड कांस्टेबल गुलाम मोहम्मद डार पर गोलीबारी की। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, गंभीर हालत में उसे उप जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया।

पुलिस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, घायल पुलिस कर्मी ने दम तोड़ दिया और शहादत प्राप्त कर ली। हम शहीद को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और इस महत्वपूर्ण समय में उनके परिवार के साथ खड़े हैं।

घटना के तुरंत बाद वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी इलाके में पहुंचे और हमलावरों का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। पिछले कुछ दिनों में कश्मीर में यह

- **हैड कांस्टेबल को आतंकियों ने गोली मारी और फरार हो गये। उल्लेखनीय है कि, सोमवार को कश्मीर में उत्तर प्रदेश के एक मजदूर और एक पुलिस इंस्पेक्टर की हत्या कर दी थी।**

तीसरा लक्षित आतंकवादी हमला है।

उल्लेखनीय है कि सोमवार को इस साल कश्मीर में उत्तर प्रदेश के एक मजदूर मुकेश कुमार की पुलवामा जिले में आतंकवादियों ने गोली मारकर हत्या कर दी एवं रविवार को श्रीनगर के ईदगाह इलाके में एक आतंकवादी द्वारा क्रिकेट खेलने के दौरान एक पुलिस इंस्पेक्टर मसरूर अहमद को गोली मार दी गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

# चीन के अंतरिक्ष यात्रियों का दल पांच महीने स्पेस में रहने के बाद पृथ्वी पर लौटा

बीजिंग, 31 अक्टूबर (वार्ता)। शेनझोउ-16 का दल पांच महीने के अंतरिक्ष स्टेशन मिशन को पूरा करने के बाद मंगलवार को सुरक्षित पृथ्वी पर पहुंचा। चाइना मैन्ड स्पेस एजेंसी (सीएमएसए) ने कहा कि अंतरिक्ष यात्री जिंग हाइपेंग, झू यांगझू और गुई हैचाओ को लेकर शेनझोउ-16 उत्तरी चीन के मंगोलिया स्वायत्त क्षेत्र में स्थानीय समयानुसार सुबह 8:11 बजे पहुंचा। इस दल में तीन चीनी अंतरिक्ष यात्री शामिल थे।

- **चीन के तीन अंतरिक्ष यात्रियों ने 54 दिनों तक स्पेस में रहकर, कुल 70 अंतरिक्ष प्रयोगों को पूरा किया**
- **चीन ने 30 मई, 2023 को मानवयुक्त अंतरिक्ष यान शेनझोउ-16 लॉन्च किया था। यह चीन के अंतरिक्ष स्टेशन के अनुप्रयोग और विकास का पहला चालक दल अभियान था।**

सीएमएसए ने कहा कि शेनझोउ-16 के अंतरिक्ष यात्री पूरी तरह से स्वस्थ हैं और शेनझोउ-16 का मानवयुक्त मिशन सफल हुआ और साथ ही चीन में वर्तमान में उपलब्ध सभी अंतरिक्ष यात्री, अंतरिक्ष यान पायलट, स्पेसफ्लाइट इंजीनियर और पेलोड विशेषज्ञ ने अपने उड़ान और व्यावहारिक परीक्षण को पूरा कर लिया है।

सीएमएसए ने कहा कि इस अभियान ने चालक दल के अंतरिक्ष यान कार्यक्रम और अंतरिक्ष विज्ञान प्रयोग करने के बाद विकास और निर्माण में एक अच्छी नींव तैयार की है।

अंतरिक्ष में चीन के पहले अंतरिक्ष यान इंजीनियर झू ने कहा कि उन्होंने विभिन्न कार्यों को सफलतापूर्वक पूरा किया और पांच महीने के अभियान के दौरान देश की राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रयोगशाला, अंतरिक्ष स्टेशन तियांगोंग को देखा। चीन का अंतरिक्ष स्टेशन अद्भुत है और हमेशा देखने लायक है।

चीन ने 30 मई, 2023 को मानवयुक्त अंतरिक्ष यान शेनझोउ-16 लॉन्च किया था। यह चीन के अंतरिक्ष स्टेशन के अनुप्रयोग और विकास का पहला चालक दल अभियान था। इसके चालक दल, जो 154 दिनों तक अंतरिक्ष में रहे, ने कुल 70 अंतरिक्ष प्रयोगों को पूरा किया, एक स्पेस वॉक किया, अंतरिक्ष स्टेशन से एक व्याख्यान दिया और कई अवसरों पर कार्गो के आवागमन में सहायता की।

## तमिलनाडू सरकार...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

फाइलें, नियुक्ति आदेश, भर्ती के आदेश, भ्रष्टाचार में लिप्त विधायकों और सांसदों के विरुद्ध अभियोजन स्वीकृति तथा तमिलनाडु विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों पर हस्ताक्षर नहीं कर रहे हैं।

याचिका में कहा गया है, "राज्य सरकार द्वारा भेजी गई फाइलों, सरकारी आदेशों और नीतियों पर हस्ताक्षर न करना गैर-संवैधानिक, गैर-कानूनी, स्वैच्छाचारी, तर्कहीन तथा बदनीयती से सत्ता का दुरुपयोग है।"

तमिलनाडु सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से निर्देश मांगे हैं कि विधायिका द्वारा पारित विधेयक राज्यपाल के पास संविधान की धारा 200 के तहत स्वीकृति के लिए भेजे गए विधेयकों पर उनके निर्णय की समय सीमा तय होनी चाहिए। याचिका में मांग की गई है कि राज्यपाल कार्यालय में लंबित विधेयकों, सरकारी आदेशों और फाइलों का निष्पादन एक तय समय सीमा में होना चाहिए।

वकील सबरीश सुब्रमण्यम के माध्यम से दायर की गई याचिका में कहा गया है, "राज्य के राज्यपाल ने खुद को वैधानिक रूप से चुनी हुई सरकार का राजनैतिक प्रतिद्वंदी बना लिया है। वे विधेयकों को बिना कारण लंबे समय तक अटकाए रखते हैं और विधानसभा के काम में अवरोध डालते हैं।"

इसमें आगे कहा गया है कि जनसेवकों के भ्रष्टाचार और अनैतिक कृत्यों के खिलाफ जांच एवं अभियोजन की स्वीकृति तथा कैदियों की समय पूर्व रिहाई जैसे मामलों में राज्यपाल असफल सिद्ध हुए है।

तमिलनाडु सरकार की याचिका में कहा गया है, "राज्यपाल की अकर्मण्यता के कारण राज्य के संवैधानिक प्रमुख तथा चुनी हुई सरकार के बीच संवैधानिक अवरोध उत्पन्न हो गया है। अपने संवैधानिक दायित्व पूरा न कर माननीय राज्यपाल जनादेश की धज्जियां उड़ा रहे हैं।"

संविधान की धारा 200 के तहत जब कोई विधेयक राज्य विधानसभा में पारित होकर राज्यपाल के पास जाता है तो उनके समक्ष चार विकल्प हैं- (1) विधेयक को स्वीकृति देना, (2) स्वीकृति रोक लेना, (3) विधेयक को राष्ट्रपति के विचारार्थ सुरक्षित रख लेना और (4) विधेयक पुनर्विचार के लिए विधायिका को लौटा देना।

## सड़क दुर्घटनाओं ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है। इसमें सड़क दुर्घटना के विभिन्न पहलुओं, उनके कारण, स्थान व सड़क का इस्तेमाल करने वाले विभिन्न वर्गों पर इनके प्रभाव की जानकारी दी गई है।

## 'सरकार में ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

"सरकार द्वारा प्रायोजित हमलावर" उनके आई फोन मोबाइल्स को निशाना बना रहे हैं जो ऐसा "डायनामाइट" है जिससे सरकार उड़ जानी चाहिए लेकिन कुछ नहीं हुआ।

यहां ए.आई.सी.सी. मुख्यालय पर एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बताया, साथ ही उन्होंने वे उद्योगपति गौतम अडानी के एकाधिकार के खतरे की बात भी की और कहा कि आज भारत में नंबर 1 प्रधानमंत्री मोदी नहीं बल्कि अडानी हैं और मोदी केवल उनके मातहत काम कर रहे है। उन्होंने कहा, "हम समझते थे कि प्रधानमंत्री नंबर 1 और गृहमंत्री अमित शाह नंबर 2 हैं, लेकिन ऐसा है नहीं। अडानी नंबर 1 हैं, मोदी नंबर 2 और अमित शाह नंबर 3 है।

राहुल ने कहा कि पहले एकाधिकार केवल व्यापार में होता था लेकिन आज सी.बी.आई., ई.डी., हवाई अड्डे रेलवे आदि सभी में है, इन सबका नियंत्रण अडानी के पास है। लाखों रुपए और युवाओं के रोजगार लूटे गए हैं।

# 'इलैक्टोरल बॉण्ड राजनैतिक दलों, खासकर...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

प्रतिगामी कदम है।

भूषण ने आगे कहा कि "सत्तारूढ़ पार्टियों द्वारा ये बॉण्ड्स रिश्वत के जरिए दिए जा रहे हैं और इनसे मिलने वाली राशि का 50 प्रतिशत से अधिक केन्द्र में सत्तासीन पार्टी द्वारा ही प्राप्त किया जा रहा है।" इससे सत्तारूढ़ पार्टी और विपक्ष के बीच समानता की भावना का उल्लंघन होता है।"

इस बीच, चुनाव आयोग की तरफ से प्रस्तुत एक एडवोकेट ने कहा कि, आयोग को सिर्फ वर्ष 2019 में ही राजनीतिक पार्टियों की ओर से डोनेशन्स के बंद लिफाफे प्राप्त हुए, जबकि कोर्ट ने उन्हें बताया कि अंतरिम आदेश सभी वर्षों पर लागू होता है।

अटॉर्नी जनरल ने सोमवार को एक लिखित शपथ पत्र में कहा था कि यदि फण्ड्स को सार्वजनिक करने की मांग स्वीकार हो जाती है तो दानदाताओं की पहचान उजागर हो जाएगी।

भूषण ने कोर्ट को बताया कि "चंदे की 50 प्रतिशत से अधिक राशि केन्द्र में सत्तारूढ़ पार्टी को मिली और शेष राशि राज्यों में सत्तारूढ़ पार्टी को मिली, लेकिन सत्ता से बाहर रह रहीं विपक्षी पार्टियों को एक प्रतिशत राशि भी नहीं मिली।

उन्होंने कहा कि तकरीबन सभी बॉण्ड्स कम्पनियों द्वारा खरीदे गए और उनमें से 95 प्रतिशत से ज्यादा 1 लाख करोड़ या अधिक के थे।

उन्होंने जोर देकर कहा कि, केन्द्र सरकार ने इस स्कीम के जरिए कॉरपोरेट डोनेशन्स की सीमा हटाने के लिए फॉरेन कॉन्ट्रीब्यूशन रैग्यूलेशन एक्ट (एफ.सी.आर.ए.) में संशोधन किया।

भूषण ने कहा कि, यह प्रमाणित करने के परिस्थितिजन्य साक्ष्य हैं कि, सत्तारूढ़ राजनीतिक पार्टियां इलैक्टोरल बॉण्ड्स के जरिए कम्पनियों से रिश्वत ले रही हैं।

राजनीतिक दलों से प्राप्त इलैक्टोरल बॉण्ड्स की पक्षपाती ऑडिट रिपोर्ट्स का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि, यह आश्चर्यजनक है कि, इस स्कीम के माध्यम से रिश्वत को न्यायोचित ठहराया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि, भाजपा द्वारा घोषित कुल प्राप्त अंशदान अन्य सभी राजनीतिक पार्टियों द्वारा घोषित कुल अंशदान का तीन गुना है।

मंगलवार को एडवोकेट प्रशांत भूषण ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि, वेदान्ता द्वारा इलैक्टोरल बॉण्ड्स को दिया जाने वाला चंदा बढ़ गया है, जबकि ऐसी कई खबरें आ चुकी हैं कि, कम्पनी वित्तीय संकट से गुज़र रही है।

सरकार द्वारा चालू की गई इलैक्टोरल बॉण्ड स्कीम को चुनौती देने वाली, एसोसिएशन फॉर डैमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की पी.आई.एल. के लिए अदालत में उपस्थित प्रशांत भूषण ने बिज़नैस स्टैण्डर्ड की एक न्यूज़ रिपोर्ट को उद्धृत करते हुए कहा कि, इस मल्टीनैशनल माइनिंग कम्पनी ने पिछले पांच वर्षों में इलैक्टोरल बॉण्ड्स के माध्यम से राजनीतिक दलों को 457 करोड़ रूपए का चंदा दिया है। न्यूज़ में यह भी बताया गया है कि, वित्तीय वर्ष 2023 में वेदान्ता ने 155 करोड़ रू. चंदा दिया जो कि, वित्तीय वर्ष 2022 के 124 करोड़ रूपए से ज्यादा था।

प्रशांत भूषण कोर्ट से कहा कि, वित्तीय वर्ष 2023 में, वेदान्ता लिमिटेड को विभिन्न माइनिंग लाइसैंसों के लिए वरीयता प्राप्त बोली लगाने वाला घोषित किया गया। इनमें गोवा के बिचोलिम आयरन ओर ब्लॉक्स, ओडीशा के सिजमीमाली बॉक्साइड और गढ़ाचिरोली कोल ब्लॉक्स तथा छत्तीसगढ़ के केलवार डाबरी शामिल हैं।

यू.के. की वेदान्ता रिसोर्सेज़ (वी.आर.एल.), जो वेदान्ता की मूल कम्पनी है, पिछले दिनों 4.2 बिलियन डॉलर की देनदारी के कारण खबरों में थी। तथापि, कम्पनी ने अपने ऋण का 2 बिलियन डॉलर चुका दिया है और बाकी बचा पैसा 21 जनवरी 2024 तक चुकाना है।

उन्होंने आगे कहा कि, इन्वैस्टिगेटिव पत्रकारों के ग्लोबल नैटवर्थ, ऑर्गनाइज़्ड क्राइम एण्ड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजैक्ट की एक रिपोर्ट में खुलासा किया गया कि, वेदान्ता और केन्द्र सरकार के बीच बैकरूम लॉबीइंग हुई है। रिपोर्ट का टाइटल था, "इनसाइड इण्डियन एनर्जी एण्ड माइनिंग जायेंट वेदान्ताज़ कैम्पेन टु वीकन की एनवायरमैटल रैगुलेशन्स।"

बहस के दौरान भूषण ने यह मुद्दा उठाया और कहा कि, इस बात के "सर्कम्स्टैंशियल एविडैन्स" है कि, इलैक्टोरल बॉण्ड स्कीम से किक बैक्स उपजे हैं।

उन्होंने अदालत में कहा कि, इस बात को साबित करने के सर्कम्स्टैंन्शियल एविडैन्स हैं कि, इलैक्टोरल बॉण्ड के माध्यम से कार्पोरेशन्स राजनीतिक दलों को किक बैक्स देते हैं।

# चन्द्रबाबू नायडू...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

राजनैतिक जीत समझ रहे है जबकि सभी जानते है कि यह केवल स्वास्थ्य के कारणों से मिली है। टी.डी.पी. के राज्य अध्यक्ष किंजारापू अट्चन नायडू ने कहा, "जगन (मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी) का पतन तभी आरंभ हो जाएगा जब हमारे नेता चंद्रबाबू जेल से बाहर कदम रखेंगे। उन्होंने कहा कि नायडू सभी गैर कानूनी मुकदमों से बरी हो जाएंगे।

भाजपा की प्रदेश प्रमुख डी. पुरंदरेश्वरी ने भी नायडू को अंतरिम जमानत दिए जाने का स्वागत किया और कहा कि, मैंने पहले भी गिरफ्तारी के तरीके का विरोध किया था। पुरंदरेश्वरी तेलुगुदेशम के संस्थापक व आंध्र के मुख्यमंत्री एन.टी. रामाराव की पुत्री हैं। पुरंदरेश्वरी और चन्द्रबाबू नायडू की पत्नी सगी बहने हैं।

नायडू के पुत्र एन. लोकेश ने अंतरिम जमानत मिलने का स्वागत किया एवम् कहा कि, उसे भारी राहत मिली है कि उसके पिता अपने विश्वस्त चिकित्सकों की देखरेख में रहेंगे। उसने पूर्व में आरोप लगाया था कि उसके पिता की जान खतरे में है अगर उन्हें कुछ हुआ तो मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी जिम्मेवार होंगे।

लोकेश ने एक्स पर लिखी पोस्ट में कहा कि, सी.बी.एन (चन्द्रबाबू नायडू) की लाइफ को खतरा है। उन्हें जानबूझ कर आहत किया जा रहा है। उनका सुरक्षा खतरे में है। मच्छरों के बीच रहने को मजबूर सी.बी.एन. को प्रदूषित पानी दिया जा रहा है। उनका वजन गिर रहा है उन्हें कई प्रकार के संक्रमण व एलर्जी है, उन्हें मैडिकल हैल्थ भी नहीं दी जा रही है।

समूची पार्टी और नायडू के परिजन व सड़कों पर उतर आए हैं। नायडू की पत्नी एन. भुवनेश्वरी ने आंध्र प्रदेश का दौरा शुरू कर दिया ताकि वे जेल में बंद अपने पति के लिए सहानुभूति जुटा सके। इसी के साथ वे पार्टी को भी चुनाव के लिए तैयार कर रही है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्स:01562-256908